

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,गुरुवार 11 जून 2026 ■ ज्येष्ठ अधिकमास कृष्ण पक्ष-11 ■ वर्ष -42 ■ अंक-074 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 12 जून 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## जयस्तंभ चौक के पास जया ऑटोमोबाइल में भीषण आग

### दूसरी और तीसरी मंजिल तक फैली लपटें

**रायपुर, 11 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़**

राजधानी के सबसे व्यस्ततम व्यावसायिक इलाकों में से एक जयस्तंभ चौक के पास आज एक बड़ा हादसा हो गया। यहाँ स्थित जया ऑटोमोबाइल की बहुमंजिली बिल्डिंग में आज सुबह अचानक भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और इसकी लपटें बिल्डिंग की दूसरी और तीसरी मंजिल तक फैल गईं। घने बाजार के बीच आसमान में उठते धुएं के गुबार और आग की भीषणता को देखकर पूरे इलाके में अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया है। यह पूरी घटना मौदहापारा थाना क्षेत्र की है। जानकारी के मुताबिक, जया ऑटोमोबाइल की इस बिल्डिंग में आज सुबह करीब 10:00 बजे अचानक आग सुलग उठी। उस वक्त बाजार में दुकानों के खुलने और लोगों की आवाजाही का समय था। जैसे ही इमारत से आग की ऊंची लपटें और



काला धुआं निकलना शुरू हुआ, आसपास के दुकानदार और राहगीर जान बचाने के लिए भागने लगे। बताया जा रहा है कि इस बिल्डिंग के भीतर भारी मात्रा में ऑटो पार्ट्स, टायर, ऑयल और अन्य प्लास्टिक सामग्रियां रखी हुई थीं। इन अत्यधिक ज्वलनशील सामग्रियों की मौजूदगी के कारण आग ने चंद मिनटों में ही दूसरी और तीसरी मंजिल को पूरी तरह अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही मौदहापारा थाना पुलिस और दमकल विभाग की गाड़ियां तुरंत मौके पर पहुंचीं। फायर ब्रिगेड के कर्मी लगातार आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे हैं। शुरुआती तौर पर दो दमकल वाहनों को तैनात किया गया था, लेकिन आग की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त मदद बुलाई गई है।

आग लगने के दो घंटे बाद भी स्थिति पर पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका था। सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाहः पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के लिहाज से आसपास के लोगों और दुकानदारों को सुरक्षित स्थानों पर जाने की हिदायत दी है.फिलहाल आग लगने की वास्तविक वजह (शॉर्ट सर्किट या अन्य कारण) स्पष्ट नहीं हो पाई है। अधिकारियों का कहना है कि प्राथमिकता पहले आग को पूरी तरह बुझाने और किसी को नुकसान न पहुँचने देने की है। आग शांत होने के बाद ही संपत्ति और सामान के नुकसान का सही आकलन किया जाएगा।

## ब्यूटी पार्लर और मनिहारी दुकान में आग

**सूरजपुर,11 जून।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर में आज उस वक्त हड़कंप मच गया, जब मेन रोड प्रेमनगर में स्थित मनिहारी और ब्युटी पार्लर की दुकान में भीषण आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने की कोशिश में जुट गई। जानकारी के मुताबिक,मेन रोड प्रेमनगर में स्थित प्रिंसी ब्यूटी पार्लर और मनिहारी दुकान में यह आग लगी है। बताया जा रहा है कि बच्चों के पूजा करने के दौरान यह आग लगी। सूचना मिलते ही फायर ब्रिग्रेड की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने में जुट गई। इस घटना में लाखों रुपए के नुकसान होने की आशंका है।

## सडक़ हादसे में शिक्षक की मौत

**अंबिकापुर,11 जून।** अंबिकापुर-बिलासपुर नेशनल हाइवे पर उदयपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधवार की रात सडक़ हादसे में एक शिक्षक की मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की हालत नाजुक बताई जा रही है। उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। शिक्षक की मौत की खबर जैसे ही उसके परिजनों को लगी, वे घटनास्थल पहुंचे।बिलासपुर जिला निवासी प्रदीप कश्यप 45 वर्ष सरगुजा जिले के उदयपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम केशगवां मिडिल स्कूल में पदस्थ थे। हादसे में मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गुरुवार को पीएम पश्चात शिक्षक का शव उसके परिजन को सौंप दिया गया। हादसा कैसे हुआ, फिलहाल यह पता नहीं चल सका है। वहीं परिजन का कहना है कि पैदल टहलने के दौरान किसी वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी है।

## खड़े टैंकर में घुसी कार, महिला की मौत

**अंबिकापुर,11जून।** बभनी-अंबिकापुर मुख्य मार्ग पर गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहाँ विष्णु प्रिया ढाबा (पोखरा) के पास सड़क किनारे खड़े एक टैंकर में तेज रफ्तार कार पीछे से जा घुसी। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। हादसे में कार सवार एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ही परिवार के पांच अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी पीड़ित उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के रहने वाले हैं।

## मशहूर सिंगर गुरु रंधावा के जिम पर फायरिंग

**नई दिल्ली,11 जून।** राजधानी दिल्ली में मशहूर पंजाबी गायक गुरु रंधावा के जिम के बाहर तड़के अज्ञात बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर सनसनी फैला दी। घटना पश्चिम विहार ईस्ट थाना क्षेत्र के पुष्कर एन्क्लेव स्थित "24 आवर्स फिटनेस" जिम के बाहर हुई। राहत की बात यह रही कि फायरिंग में कोई घायल नहीं हुआ, लेकिन इलाके में दहशत का माहौल बन गया। घटना के बाद सोशल मीडिया पर वायरल एक कथित ऑडियो और पोस्ट में लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने हमले की जिम्मेदारी लेने का दावा किया है। वायरल ऑडियो में कथित तौर पर कहा गया है कि गुरु रंधावा के अभिनेता सलमान खान से करीबी संबंध होने के कारण उन्हें निशाना बनाया गया है। साथ ही इस हमले को सिर्फ "ट्रेलर" बताया गया है।

## घरेलू महिलाओं को होममेकर नहीं, राष्ट्र निर्माता कहिएः सुको

**नई दिल्ली,11 जून।** सुप्रीम कोर्ट ने घरेलू महिलाओं यानी हाऊस वाइफ को हीन नजरिए से देखने और उनकी भागीदारी को न मानने को लेकर गंभीर टिप्पणी की है। देश के शीर्ष न्यायालय ने घरेलू महिलाओं पर सुप्रीम टिप्पणी करते हुए कहा कि इन्हें होममेकर नहीं, राष्ट्र निर्माता कहिए। एक गृहिणी के लिए होममेकर के बजाय नेशन बिल्डर शब्द का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि परिवार में उनके बहुत बड़े योगदान के कारण पत्नियों के लिए यही शब्द इस्तेमाल किया जाना चाहिए। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने एक दुर्घटना में पत्नी की मौत के बाद उसके पति को अतिरिक्त मुआवजा देने का आदेश देते हुए कहा कि एक गृहिणी का काम केवल खाना बनाना, बच्चों की देखभाल और घर संभालना नहीं है। वह परिवार की नींव को मजबूत बनाती है, अगली पीढ़ी तैयार करती है। समाज के विकास में उसका योगदान अहम है, लेकिन उसे गिना नहीं जाता। जस्टिस संजय करोल ने कहा कि हमारा भी यही मानना है कि घर संभालने वाली हाउस वाइफ इंसान और देश के विकास में योगदान देती है। देस के शीर्ष न्यायालय ने कहा कि आप उस योगदान को पैसे के रूप में कैसे आंकेंगे? हमने कुछ सिद्धांत तय किए हैं और एक 'राष्ट्र-निर्माता' के तौर पर है। कोर्ट ने कहा कि इसके साथ ही घरेलू देखभाल से जुड़ी मासिक आय के नुकसान की रकम ₹30 हजार प्रति माह तय की है। यानि कोर्ट का कहना है कि घरेलू महिला जो घर संभालती है, उसका काम (खाना बनाना, बच्चों की देखभाल, परिवार की जिम्मेदारी आदि) बहुत मूल्यवान है। भले ही वह बाहर से पैसा न कमाती हो, उसका योगदान ₹30,000 प्रति महीने के बराबर माना जाएगा। सुप्रीम कोर्ट का कहना है कि यदि किसी सड़क दुर्घटना में गृहिणी घायल हो जाती है या उसकी मौत हो जाती है, तो परिवार को केवल उसकी आय न होने के आधार पर कम मुआवजा नहीं दिया जा सकता। यानी सुप्रीम कोर्ट ने मोटर वाहन अधिनियम (एमवी एक्ट) के तहत दावों में पत्नी की घरेलू देखभाल के नुकसान को मुआवजे के एक अलग मद के रूप में मान्यता दे दी।

## भारतीय जहाज पर हमले से गुस्से में भारत, यूएस डिप्लोमैट को हड़काया

### अमेरिकी हमले में 3 भारतीयों की हुई मौत

**नई दिल्ली,11 जून।** भारत ने ओमान के तट पर एक वाणिज्यिक पोत पर हुए हमले की कड़ी निंदा की, जिसमें 24 भारतीय चालक दल के सदस्य सवार थे. ओमान के तट के पास समंदर में एक तेल टैंकर 'सेटोबेलो' पर हुए भयंकर हमले के बाद अंतरराष्ट्रीय राजनीति में भारी भूचाल आ गया है. ओमान तट के पास तेल टैंकर सेटोबेलो पर हुए हमले के बाद 24 भारतीय क्रू में से 21 को सुरक्षित बचा लिया गया है, वहीं आदित्य शर्मा समेत 3 भारतीयों की मौत हो गयी है. भारत सरकार ने कमर्शियल जहाज पर हमले की कड़ी निंदा करते हुए अमेरिका के शीर्ष राजनयिक को तलब किया. यूएस स्टेट डिपार्टमेंट ने गुरुवार (11 जून) को कहा कि वह भारत के साथ सीधे संपर्क में हैं. ओमान तट के पास हुए तेल टैंकर हमले ने एक बार फिर समुद्री सुरक्षा और वैश्विक तनाव पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं. विदेश मंत्रालय ने जहाज पर हमले को लेकर विरोध में अमेरिका के चार्ज डी अफेयर्स जेसन मीक्स को तलब किया था और विरोध पत्र यानी Demarche जारी किया था. विदेश मंत्रालय ने जारी बयान में कहा, 'हम ओमान तट के पास वाणिज्यिक पोत 'सेटेबेलो' पर हुए हमले की कड़ी निंदा करते हैं.' विदेश मंत्रालय ने कहा है कि भारतीय दूतावास ओमान प्रशासन के साथ लगातार संपर्क में है.

## दुख की घड़ी में ममता बनर्जी का साथ नहीं छोड़ूंगाः शत्रुघ्न सिन्हा

**कोलकाता,11 जून।** तृणमूल कांग्रेस में बंगाल विधानसभा चुनाव में हार के बाद बड़ी टूट हुई है। करीब 20 सांसदों ने बगावत कर दी है। इस बीच, शत्रुघ्न सिन्हा ने बागी बनने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा है कि वह ममता बनर्जी के साथ ही रहेंगे। सिन्हा ने कहा कि ममता ने मुसीबत के समय मेरा साथ दिया। दुख की घड़ी में उनका साथ मैं नहीं छोड़ूंगा।बंगाल में टीएमसी की करारी हार के बाद पार्टी के ज्यादातर विधायकों और सांसदों ने बगावत कर दी है। विधानसभा में 64 विधायक ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व में नया गुट बना लिया है और खुद ऋतब्रत नेता विपक्ष बन गए हैं। वहीं, लोकसभा और राज्यसभा में भी बड़ी टूट देखने को मिली। कभी ममता बनर्जी की करीबी रहीं काकोली घोष के नेतृत्व में कई सांसद उनके साथ जुड़े। इसमें भाजपा की कट्टर आलोचक रहीं सायोनी घोष, यूसुफ पठान समेत तकरीबन 19 नाम शामिल हैं। इस लिस्ट में बीते दिन शत्रुघ्न सिन्हा का भी नाम था, लेकिन गुरुवार को उन्होंने बागी बनने से मना कर दिया। आसनसोल से टीएमसी सांसद सिन्हा ने पीटीआई से कहा, "मुश्किल समय में टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी मेरे साथ खड़ी रहीं। मुश्किल समय में मैं ममता बनर्जी का साथ नहीं छोड़ूंगा। ममता बनर्जी और टीएमसी के साथ खड़ा रहना मेरा कर्तव्य है।"

इससे पहले, टीएमसी के राज्यसभा सदस्य प्रकाश चिक बराइक ने गुरुवार को उच्च सदन की सदस्यता के साथ-साथ पार्टी से भी इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता द्वारा भाजपा को दिए गए जनादेश को देखते हुए उन्होंने यह फैसला लिया है। सुखेंदु शेखर राय और सुष्मिता देव के बाद, इस हफ्ते पार्टी छोड़ने वाले बराइक तीसरे टीएमसी सांसद हैं। बराइक ने राज्यसभा के सभापति सी पी राधाकृष्णन से मुलाकात की और अपना इस्तीफा सौंपा।

बाद में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता निशिकांत दुबे के आवास के बाहर पत्रकारों से बातचीत में बराइक ने कहा, "पश्चिम बंगाल की जनता ने भाजपा के पक्ष में जनादेश दिया है। तृणमूल कांग्रेस को जनता का समर्थन नहीं मिला।

## सुप्रीम कोर्ट पहुंची मीनाक्षी नटराजन

**नई दिल्ली,11जून।** मध्यप्रदेश की राज्यसभा राजनीति में उस वक्त एक बड़ा कानूनी मोड़ आ गया, जब कांग्रेस उम्मीदवार मीनाक्षी नटराजन ने चुनाव आयोग द्वारा अपना नामांकन रद्द किए जाने के फैसले को देश की शीर्ष अदालत में चुनौती दे दी। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाते हुए नटराजन ने रिटर्निंग ऑफिसर के आदेश को 'मनमाना, पक्षपाती और कानून के खिलाफ बताया और इस मामले में अदालत से तुरंत हस्तक्षेप करने की मांग की है। नटराजन के इस कानूनी कदम से ठीक पहले, उनके नामांकन रद्द होने के कारण राज्य की तीसरी सीट पर भाजपा उम्मीदवार महेश केवट की निर्विरोध जीत लगभग तय मानी जा रही थी। अपनी याचिका में, नटराजन ने रिटर्निंग ऑफिसर के फैसले को 'मनमाना, पक्षपाती और कानून के खिलाफ बताया है और सुप्रीम कोर्ट से आग्रह किया है कि वह बिना देरी किए इस आदेश को रद्द करे। याचिका में तत्काल राहत की मांग की गई है और तर्क दिया गया है कि नॉमिनेशन रद्द करना कानूनी रूप से सही नहीं था.

## हाईकोर्ट ने नवविवाहित जोड़े की सुरक्षा के दिए आदेश

**बिलासपुर,11 जून।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने अंतरधार्मिक विवाह करने वाले एक वयस्क दंपती को राहत देते हुए स्पष्ट कहा है कि बालिग महिला और पुरुष को अपनी पसंद का जीवनसाथी चुनने का पूर्ण अधिकार है। यह अधिकार संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत प्रदत्त जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के मौलिक अधिकार का हिस्सा है। अदालत ने पुलिस प्रशासन को नवविवाहित जोड़े की सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं। मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा और न्यायमूर्ति रवींद्र कुमार अग्रवाल की खंडपीठ ने अंबिकापुर निवासी मोहम्मद जीशान (26) और आन्या सोनी (25) की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह आदेश पारित किया। दोनों लंबे समय से एक-दूसरे को जानते थे और आपसी सहमति से विवाह करना चाहते थे। याचिका के अनुसार, अलग-अलग धर्मों से संबंध होने के कारण दोनों के परिवार इस रिश्ते का विरोध कर रहे थे। विरोध बढ़ने पर दोनों दिसंबर 2023 में दिल्ली गए और 6 दिसंबर को शाहदरा जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय में विधिसम्मत विवाह कर लिया। विवाह के बाद से उन्हें लगातार परिवार की ओर से धमकियां मिलने लगीं। दंपती ने सम्मान के नाम पर हिंसा (ऑनर किलिंग) की आशंका जताते हुए यह भी आरोप लगाया कि उन्हें झूठे आपराधिक मामलों में फंसाने की धमकी दी जा रही थी। दंपती ने पुलिस से सुरक्षा की मांग की थी, लेकिन अपेक्षित कार्रवाई नहीं होने पर अधिवक्ता विवेक अग्रवाल के माध्यम से हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर की। सुनवाई के दौरान राज्य शासन की ओर से कहा गया कि धमकियों से जुड़े आरोप सामान्य और अस्पष्ट हैं, इसलिए याचिका स्वीकार नहीं की जानी चाहिए। हालांकि हाईकोर्ट ने इस तर्क को स्वीकार नहीं किया। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि यदि दो बालिग व्यक्ति अपनी स्वतंत्र इच्छा से विवाह करते हैं, तो किसी भी व्यक्ति या परिवार को उनके वैवाहिक जीवन में हस्तक्षेप करने का अधिकार नहीं है।

## करंट की चपेट में आने से 15 मवेशियों की मौत

**राजनांदगांव,11 जून।** शहर के ग्रामीण वार्ड सिंगदई से एक बेहद दर्दनाक हादसा सामने आया है। यहाँ गुरुवार सुबह एक किसान के खेत में करीब 15 मवेशियों के शव बिखरी हालत में मिले। खेत में टूटे हुए बिजली के तार में दौड़ रहे करंट की चपेट में आने से इन सभी मवेशियों की मौत की पुष्टि हुई है। इस घटना के बाद से स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। मिली जानकारी के अनुसार, अचानक मौसम में बड़ा बदलाव आया था। तेज आंधी-तूफान और हवाएं चलने के कारण खेतों से गुजरी बिजली की तार खंभे से टूटकर खेत में गिर गई थी। तार टूटने के बावजूद उसमें बिजली की सप्लाई चालू थी और करंट दौड़ रहा था। इसी दौरान खेत में घास चरने गए मवेशी इस लाइव वायर की चपेट में आ गए और मौके पर ही 15 मवेशियों की तड़पकर जान चली गई। गुरुवार सुबह जब ग्रामीण खेतों की तरफ गए, तो उन्होंने मवेशियों की लाशें बिखरी हुई देखीं। ग्रामीणों ने तुरंत कोटवार के माध्यम से पुलिस को इस घटना की सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन और पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारी दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे।

## वृक्षों की कटाई की अनुमति न दें: राज्यपाल

**रायपुर,11 जून।** राज्यपाल रमेन डेका से आज लोक भवन में प्रधान मुख्य वन संरक्षक अरुण कुमार पांडे, रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त सम्बित मिश्रा, मुख्य वन संरक्षक रायपुर वृत्त मणिवासगन एस तथा रायपुर वन मंडल के डीएफओ लोकनाथ पटेल ने मुलाकात की । इस दौरान राज्यपाल ने शहर और नया रायपुर में लगाए गए वृक्षों के संरक्षण एवं सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने पर बल दिया है। राज्यपाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पौधे लगाने के बाद उनकी सुरक्षा और देखभाल सुनिश्चित करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि केवल अत्यावश्यक परिस्थितियों में ही वृक्षों की कटाई की अनुमति दी जाए। राज्यपाल ने शहर में बड़े वृक्षों के पास से ट्री गार्ड हटाने तथा जहां वृक्षारोपण किया गया है, वहां पेड़ों के चारों ओर बने कंक्रीट ढांचे को हटाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि पेड़ों की जड़ों तक पर्याप्त मात्रा में पानी और हवा पहुंचना जरूरी



है, तभी उनका समुचित विकास हो सकेगा। राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम जैसे अभियान व्यापक स्तर पर चलाए जा रहे हैं। वृक्षारोपण के बाद उनकी देखभाल पर पर्याप्त ध्यान दिया जाए, जो भी पौधे लगाए जाएं, उनकी नियमित निगरानी और सुरक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए ताकि वे विकसित होकर पर्यावरण संरक्षण में अपनी प्रभावी भूमिका निभा सकें। राज्यपाल ने अधिकारियों से शहर में हरित क्षेत्र बढ़ाने और लगाए गए पौधों के जीवित रहने की दर बढ़ाने के लिए समन्वित प्रयास करने को कहा है।

## रायगढ़ में 1120 नग 'गोगो रैपर' के साथ युवक गिरफ्तार

**रायगढ़,11 जून। वरिष्ठ** पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह के दिशा-निर्देशन में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान "ऑपरेशन आघात" के तहत रायगढ़ पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। थाना साइबर सेल और थाना कोतवाली की संयुक्त टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए रायगढ़ रेलवे स्टेशन के बाहर से एक संदिग्ध व्यक्ति को भारी मात्रा में प्रतिबंधित गोगो रैपर के साथ दबोचा है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि रेलवे स्टेशन के बाहर एक व्यक्ति नशे के इस्तेमाल में आने वाले गोगो रैपर को बेचने के लिए ग्राहकों की तलाश कर रहा है। सूचना मिलते ही संयुक्त टीम ने मौके पर घेराबंदी कर चक्रधरनगर की सिंधी कॉलोनी (पक्की खोली) के रहने वाले सुरेन्द्र कुमार छाबड़ा (38 वर्ष) को संदिग्ध हालत में पकड़ा।दो कार्टूनों से 1120 नग गोगो रैपर बरामदजांच करने पर आरोपी के कब्जे से दो कार्टून मिले, जिनमें रखे 20 डिब्बों से कुल 1120 नग गोगो रैपर बरामद किए गए। पुलिस की शुरुआती पूछताछ में यह बात सामने आई है कि इन गोगो रैपर्स के भीतर तंबाकू युक्त फ्लेवर या गांजा भरकर नशे के रूप में इस्तेमाल किया जाता है. कड़ी पूछताछ में आरोपी सुरेन्द्र छाबड़ा ने कुबूल किया कि वह इन रैपर्स को रायपुर जिले के तिल्दा से करीब 14,500 रुपये में खरीदकर लाया था। वह इन्हें रायगढ़ शहर के अलग-अलग पान ठेलों में चोरी-छिपे ऊंचे दामों पर बेचकर अवैध मुनाफा कमाता था।प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत जेल भेजने की कार्रवाईआरोपी की संदिग्ध और नशीली गतिविधियों को देखते हुए थाना कोतवाली पुलिस ने उसके खिलाफ कड़ी प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।

## पुलिस प्रताड़ना से परेशान युवक पानी टंकी पर चढ़ा

**कोरबा,11जून ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। हरदीबाजार थाना क्षेत्र के ग्राम नेवसा में गुरुवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवक गांव की पानी टंकी पर चढ़ गया और आत्महत्या की धमकी देने लगा। युवक का आरोप है कि पुलिस ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट की और पैसे वसूले। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम नेवसा निवासी रफीक मोहम्मद गुरुवार सुबह तेज बारिश के बीच गांव की पानी टंकी पर चढ़ गया। वह वहां से नीचे उतरने को तैयार नहीं था और पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए न्याय की मांग कर रहा था। इस हाई-वोल्टेज ड्रामे को देखने के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीण भी मौके पर एकत्र हो गए। रफीक मोहम्मद और उसके साथी दीपेश निर्मलकर ने हरदीबाजार थाना प्रभारी प्रमोद कुमार डनसेना पर बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़ितों का कहना है कि मंगलवार को पुलिस ने उन्हें ग्राम सिरली के पास से पकड़ा और थाने ले गई। आरोप है कि थाने में उनके साथ लाठी और बेल्ट से बेरहमी से मारपीट की गई। इसके साथ ही उन्होंने पुलिस पर ₹23,500 जबरन छीनने का भी आरोप लगाया है। इसी कार्रवाई से नाराज होकर रफीक ने यह आत्मघाती कदम उठाया। दूसरी ओर, हरदीबाजार थाना प्रभारी प्रमोद कुमार डनसेना ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। थाना प्रभारी का कहना है कि दोनों युवक क्षेत्र में जुआ फड़ संचालित करने की गतिविधियों में लिप्त थे। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उन्हें पकड़ा था और धारा 151 के तहत वैधानिक कार्रवाई की थी। उन्होंने मारपीट और रुपये लेने के आरोपों को पूरी तरह झूठा और निराधार बताया है।





## खनिज का अवैध खनन, दो क्रशर जब्त

**रायपुर/ अभनपुर,11 जून।** रायपुर जिले के अभनपुर क्षेत्र में खनिज विभाग ने अवैध खनन और अनियमित संचालन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। विभागीय टीम ने दुलना और गोबरा नवापारा स्थित चूनापत्थर खदानों, क्रशरों और भंडारण क्षेत्रों का निरीक्षण किया, जहां जांच के दौरान कई अनियमितताएं सामने आईं। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई में खनिज विभाग ने दो क्रशर जप्त कर लिए हैं, जबकि संबंधित खदानों का संचालन तत्काल बंद करा दिया गया है।

विभाग के अधिकारियों ने बताया कि निरीक्षण के दौरान नियमों के उल्लंघन की पुष्टि होने पर यह कार्रवाई की गई। साथ ही दर्ज प्रकरणों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 से 23(ख) के तहत आगे की वैधानिक कार्रवाई भी की जाएगी। खनिज विभाग की इस कार्रवाई से अवैध खनन और नियमों की अनदेखी करने वाले संचालकों में हड़कंप मच गया है।

# मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर सांसद विजय बघेल ने किया हवन-पूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 11 जून ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्र निर्माण के क्षेत्र में ऐतिहासिक एवं अविस्मरणीय 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आह्वान तथा भाजपा जिला भिलाई के निर्देशन में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। क्षेत्र के सांसद विजय बघेल जी के नेतृत्व में महाराणा प्रताप भवन सेक्टर-7 भिलाई एवं रुक्खड़ नाथ मंदिर नारधा में विधि-विधान से हवन-पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अवसर पर सांसद द्वारा वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया तथा समाज के प्रबुद्धजनों से विशेष जनसंपर्क कर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों की जानकारी साझा की गई। कार्यक्रम में अहिवारा विधायक डोमन लाल कोर्सेवाडा, भाजपा जिला भिलाई प्रभारी रामजी भारती, भाजपा जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, अभियान के जिला प्रभारी चन्ना केशवलु, विशेष जनसंपर्क अभियान के जिला प्रभारी प्रेम लाल साहू, रुक्खड़ नाथ मंदिर नारधा के पूजा प्रभारी रविशंकर सिंह, वीरेंद्र साहू, दया सिंह, मनीष पांडेय अभियान के जिला सह प्रभारी विनोद सिंह तथा जिला कार्यालय प्रभारी योगेंद्र सिंह, मीडिया प्रभारी अमित पाहुजा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास, सुशासन और जन कल्याण की नई कीर्तिमान स्थापित किए हैं। यह कालखंड केवल सरकार की उपलब्धियां का नहीं बल्कि देश के 140 करोड़ नागरिकों के सामूहिक संकल्प और विश्वास की सफलता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने अंत्योदय के मंत्र को आत्मसात करते हुए गरीब, किसान, महिला, युवा, श्रमिक, मध्यम वर्ग और वंचित समाज के उत्थान के लिए अनेक ऐतिहासिक योजनाएं लागू की है । जन-धन योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि, स्वच्छ भारत अभियान, डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया और आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों ने करोड़ो लोगो के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाया है। इस अवसर पर विजेंद्र सिंह,योगेंद्र सिंह, विजय सिंह, प्रमोद सिंह, डॉ प्रदीप चौधरी, दिनेश सिंह, बॉबी सिंह, रवि कश्यप, पद्मनाभन बी, गोल्डी सोनी, रजनीकांत, सबिता नाहक आदि अनेक कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## समाचार संक्षेप

### सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा उतई मंडल ने स्वच्छता अभियान चलाया




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,11 जून।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यकाल के सफलतम 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी उतई मंडल द्वारा आज ग्राम पंचायत घुघसीडीह में स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया गया।भाजपा मंडल अध्यक्ष श्रीमती शीतला ठाकुर के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने ग्राम के मुख्य मार्ग,सार्वजनिक स्थलों एवं मंदिर परिसर में श्रमदान कर साफ-सफाई की। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों को स्वच्छता के महत्व के बारे में बताते हुए मंडल अध्यक्ष ने कहा कि ÷प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने 2 अक्टूबर 2014 को स्वच्छ भारत मिशन की शुरुआत कर देश को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। उनके 12 वर्षों के कार्यकाल में देश ने स्वच्छता के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव देखा है। 12 करोड़ से अधिक शौचालयों का निर्माण कर बहनों-बेटियों को सम्मान से जीने का अधिकार दिया गया है।÷कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को अपने घर-आंगन के साथ-साथ गाँव को भी स्वच्छ रखने की शपथ दिलाई गई। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने एवं कचरा प्रबंधन के प्रति भी जागरूक किया गया।इस अवसर पर महामंत्री प्रवीण यदु,चंदू देवांगन,उतई नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती साहू,उतई नगर पंचायत उपाध्यक्ष शिवनारायण देशमुख,पूर्व मंडल अध्यक्ष फत्तेलाल वर्मा,नवाब खान,फलेंद्र सिंह राजपूत,लक्ष्मी नारायण साहू,सतीश चंद्राकर,राकेश देवांगन,सोनू राजपूत, करण सेन,घनश्याम चंद्राकर,संगीत रजक,विमला कामड़े,एकता चंद्राकर,ममता चंद्राकर,शुभम वर्मा,सोहन रिगरी,ग्राम पंचायत घूघसीडीह उपसरपंच घनश्याम साहू, देवेंद्र भारती,राहुल यादव,सहित अधिक संख्या में भाजपा कार्यकर्त्तागण उपस्थित रहें।

### डॉ. नीलिमा शर्मा के मार्गदर्शन में कैंपी योग बाल शिविर का आयोजन, बच्चों ने उत्साह से भाग लिया




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई,11 जून।** क्षेत्र के ग्राम घुघुवा(क) निवासी डॉ नीलिमा शर्मा पूर्व प्राध्यापिका दुर्गा महाविद्यालय रायपुर के द्वारा योग सीड संस्था के अंतर्गत प्रतिदिन समय प्रातः छः बजे से 7 बजे तक छोटे-छोटे बच्चों को योग एवं नैतिक शिक्षा देने का पुनीत कार्य करती हैं, जिससे बच्चे स्वस्थ एवं संस्कार वन बन रहे हैं, योग सीड संस्था द्वारा दो दिवसीय कैंपी योग बाल शिवर का शुभारंभ सभापति जनपद पंचायत पाटन के कर कमलों से संपन्न हुआ, सभापति ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए सभी को प्रसाद और मिठाई का वितरण किया, कार्यक्रम में पर्यावरण के प्रति जागरूकता, खेल, योग, ध्यान, शिक्षा, संस्कार, संस्कृति आदि विषय पर बच्चों को प्रेरित कर विविध ज्ञान दिया गया, जिससे बच्चों के आत्मविश्वास और ज्ञान में वृद्धि हो और जीवन में यही बड़े होकर एक व्यक्तित्व का निर्माण हो।

### संगीत स्पर्धा के पहले दिन 90 प्रतिभागियों ने दी प्रस्तुति



**भिलाई, 11 जून ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा अंतर विभागीय संगीत स्पर्धा का शुभारंभ महात्मा गांधी कला मंदिर में हुआ। समारोह में निर्णायक मंडल के सदस्य रविश कालगांवकर, सपन भट्टाचार्य एवं श्रीमती अंजलि शुक्ला उपस्थित रही। प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर उप प्रबंधक अभिजीत भौमिक द्वारा निर्णायकों का स्वागत एवं सम्मान किया गया। संचालन सरजीत चक्रवर्ती एवं सुप्रियो सेन द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में संगतकार के तौर पर दिलीप शर्मा, दीपांकर दास, भालचंद्र शेगेकर, भागवत साहू, देवव्रत मजूमदार, सतीश सिन्हा, रविन्द्र कर्मकार, भारत भूषण परगनिया तथा साईं चक्रवर्ती ने सहयोग प्रदान किया।

### बीएसपी में सेफ्टी लीडरशिप कार्यक्रम का शुभारंभ



**भिलाई, 11 जून ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यस्थल पर सुरक्षा संस्कृति को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा शून्य दुर्घटना के लक्ष्य को व्यवहारिक रूप से स्थापित करने की दिशा में व्यापक सेफ्टी लीडरशिप कार्यक्रम लेट्स बी सेफ का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन सत्र में कार्यपालक निदेशक रामकृष्ण, लार्सन एंड टुब्रो एडुटेक के हेड मनोज देवपुरकर तथा मुख्य महाप्रबंधक देबदत्त सतपथी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संयंत्र के विभिन्न विभागों से कुल 31 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन महाप्रबंधक सुश्री पुष्पा एम्ब्रोज ने किया तथा कार्यक्रम का समन्वयन सहायक महाप्रबंधक अजय टल्लू द्वारा किया गया। अपने संबोधन में कार्यपालक निदेशक रामकृष्ण ने कार्यस्थल सुरक्षा के मानवीय पक्ष पर विशेष बल देते हुए कहा कि संयंत्र में कार्यरत प्रत्येक कर्मचारी के पीछे उसका परिवार जुड़ा होता है और सुरक्षा केवल नियमों के अनुपालन तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक व्यक्ति द्वारा प्रतिदिन किया जाने वाला एक जिम्मेदार एवं सजग निर्णय है।

## एक नजर

### गांजा बेचने वाला गिरफ्तार



**भिलाई, 11 जून (तछसं.)।** भिलाई अवैध गांजा परिवहन करने वाले आरोपी को मोहन नगर थाने पुलिस ने गिरफ्तार किया है आरोपी के पास से 50 पुड़िया में 2.506 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा एवं बिक्री की रकम सहित कुल डेढ़ लाख रूपए मूल्य की सामग्री जब्त की गई है उक्त कार्रवाई मोहन नगर पुलिस एवं एसीसीयु की संयुक्त टीम ने की है आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया है मोहन नगर पुलिस ने बताया कि अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना मोहन नगर एवं एसीसीयु की संयुक्त टीम द्वारा कार्रवाई की गई है एक आरोपी को अवैध रूप से गांजा परिवहन एवं विक्रय करते हुए गिरफ्तार किया गया है कार्रवाई के दौरान रेलवे क्षेत्र माल धक्का के पास पी डब्ल्यू आई कार्यालय के निकट कैलाश नगर से आरोपी को पकड़ा गया है तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक सफेद रंग की थैली में के अंदर 2.324 किलोग्राम गांजा तथा एक अन्य सफेद झिल्ली में रखा 50 नग गांजा पुड़िया बरामद किया गया है मादक पदार्थ बिक्री से प्राप्त 8000 रुपए नगद भी जब्त किए गए हैं आरोपी नितेश साहू 20 वर्ष निवासी श्मशान घाट के पास शक्ति नगर दुर्ग के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

### महिला से छेड़छाड़,युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 11 जून (तछसं.)।** महिला को घर में अकेली देख छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को रानीतराई पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है आरोपी पुनीत राम यादव (35 साल ) ग्राम बरबसपुर बाजार चौक थाना रानीतराई का रहने वाला है रानीतराई थाना प्रभारी कमल सिंह सेंगर ने बताया कि प्रार्थिया ने आरोपी? पुनीतराम यादव पिता वैशाख यादव निवासी ग्राम बरबसपुर के खिलाफ एक लिखित शिकायत में बताया कि जब वह अपने घर ग्राम बरबसपुर में अकेले थी तभी आरोपी पुनीतराम यादव चुपचाप घर का दरवाजा खोलकर अन्दर आया और बेइज्जती करने की बुरी नियत से हाथ बांह पकड़कर उसे को अपनी ओर खींचा घटना के संबंध में प्रार्थिया की रिपोर्ट पर आरोपी पुनीतराम यादव के विरूद्ध रानीतराई थाने में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना की गई विवेचना के दौरान आरोपी पुनीतराम यादव को गिरफ्तार किया गया है।

### चोरी के आरोप में युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 11 जून (तछसं.)।** भिलाई सुपेला थाने पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर वाहन के इंटरकूलर की चोरी करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है सुपेला टीआई विजय यादव ने बताया कि प्रार्थी ने थाना सुपेला में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह विश्वकर्मा मार्केट सुपेला स्थित श्री बालाजी रत्ना मोटर्स वर्क्स नामक वाहन मरम्मत केंद्र का संचालन करता है मरम्मत के लिए 5 जून को गैरेज में खड़ी स्वीफ्ट डिजायर वाहन के इंटरकूलर की जांच करने पर वह गायब मिला प्रार्थी ने गैरेज में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच करने पर एक व्यक्ति वाहन का इंटरकूलर कपड़े में लपेटकर ले जाते हुए दिखाई दिया पूछताछ एवं जांच के दौरान उक्त व्यक्ति की पहचान बंटी (30 साल ) निवासी डमरू पारा वार्ड क्रमांक 08 न्यू कृष्णा नगर के रूप में हुई। रिपोर्ट पर थाना सुपेला में धारा 303(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान पुलिस टीम ने आरोपी की तलाश कर उसे गिरफ्तार किया गया है ।

## ब्रेनस्टॉर्मिंग और को-लर्निंग के सिद्धांत से ग्रामीण महिलाओं को उद्यमी बनाने हो रहा प्रयास

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,11 जून।** कबीरधाम जिले में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के 16 क्लस्टर लेवल फेडरेशन की दीदियों का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन पंचायत प्रशिक्षण केंद्र ग्राम महाराजपुर में किया गया।कार्यक्रम में सीएलएफ की दीदियों और सामुदायिक कैडरों के साथ ब्रेनस्टॉर्मिंग और को लर्निंग के सिद्धांतों पर कार्यक्रम किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों से हाथों को हुनरमंद बनाया जा सके और इन कार्यो में व्यवहारिक ज्ञान का समावेश करते हुए इसे सफलता के मुहाने पर पहुंचा जा सके।कार्यशाला के दौरान विभिन्न सीएलएफ के कार्यों, स्व-सहायता समूहों की प्रगति, आजीविका गतिविधियों, वित्तीय समावेशन, बैंक लिंकेज एवं महिला सशक्तिकरण से जुड़े कार्यों पर भी बात की गई।मिशन के लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए रूपरेखा तैयार की गई । इस दौरान योजना से जुड़े जिला एवं जनपद स्तर की पूरी टीम विशेष रूप से उपस्थित रही।

स्थानीय स्तर पर उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग कर व्यवसाय करती है। आगे बढ़ने के लिए जरूरी है कि अन्य व्यवसाय का भी ज्ञान हो। आपस में महिलाएं मिलकर अपने व्यवसाय की पूरी जानकारी एक दूसरे से साझा करती है। इसमें ना कोई शिक्षक है और ना कोई विद्यार्थी, सामूहिक चर्चा व्यवसाय के नए रास्ते खोल रहे हैं। पंडरिया की दीदी ने अपने गुड़ उद्योग के विषय में बताया, इससे प्रेरणा पाकर अन्य स्थान की महिला ने गुड़ उद्योग से जुड़ने के लिए अपना मन बना लिया यही है को लर्निंग की प्रक्रिया जिससे महिला समूह की सदस्य को फायदा हुआ। पंडरिया क्षेत्र की दीदी को कुकुट पालन व्यवसाय से जुड़ने की इच्छा थी लेकिन समस्या आ रही थी इस संबंध में जानकारी नहीं होना। अपनी समस्या इन्होंने सभी के बीच में रखा। प्रतिभागियों ने इस व्यवसाय से जुड़े अपने विचारों को रखा। आपस में चर्चा हु और समस्या का समाधान सहसपुर लोहारा क्षेत्र में कुकुट पालन व्यवसाय से जुड़ी दीदी ने किया। चूजे लाना,रखरखाव,सभी मौसमों में दिए जाने वाली दवाइयां, साफ सफाई और अन्य व्यावसायिक गतिविधियों पर बात की गई। इस तरह ग्रामीण महिलाएं एक नए व्यवसाय से जुड़ने के लिए आगे आई।

### दीदियों की रुचि एवं व्यवहारिक ज्ञान के समावेश से मिलेंगे बेहतर नतीजे... सीईओ अभिषेक

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम श्री अभिषेक अग्रवाल ने चर्चा करते हुए बताया कि प्रशिक्षण में नई पद्धति का समावेश कर इसे और भी रोचक बनाया गया। समूह की दीदियों को आपस में व्यापार बढ़ाने का सुझाव दिया गया। एक समूह द्वारा बनाए जा रहे उत्पादन की खपत उनके अपने क्षेत्र की दूसरी समूह या अन्य क्षेत्र के समूहो के पास हो सकता है। यह विचार एक की आवश्यकता दूसरे का व्यापार के सिद्धांत पर आधारित है। इसके साथ ही महिला उद्यमी के रूप में बेहतर कार्य करने वाले पीआरपी, एफएलसीआरपी एवं आरबीके को प्रशस्ति पत्र मोमेंटो भेट कर सम्मानित किया गया। समूह सशक्तिकरण, आजीविका संवर्धन एवं सामुदायिक संस्थाओं को मजबूत बनाने में उल्लेखनीय योगदान देने वाले इन कार्यकर्ताओं को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। सीईओ श्री अभिषेक अग्रवाल ने आगे कहा कि हमारा प्रयास है कि योजना अंतर्गत नवाचार करते हुए ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाते हुए आय में वृद्धि करे।जो इनको सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त होने का अवसर प्रदान करेगा।



### बजरंग दल ने किया हनुमान चालीसा पाठ व महाआरती का आयोजन

**भिलाई, 11 जून ।** राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा मंगलवार को हनुमान चालीसा पाठ एवं महाआरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हनुमान जी की पूजा-अर्चना, सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ तथा महाआरती संपन्न हुई। कार्यक्रम के उपरांत प्रसाद वितरण भी किया गया।



### पीएम स्वनिधि लोक कल्याण मेला का आयोजन 12 को

**भिलाई, 11 जून।** पीएम स्वनिधि लोक कल्याण मेला का आयोजन 12 को बैकुंठ धाम में किया जा रहा है। आयुक्त राजीव पांडेय ने की छोटे व्यवसायियों से मेले में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है। नोडल अधिकारी अनिल सिंह द्वारा बैठक लेकर क्षेत्रीय परियोजना प्रबंधक ईशान शर्मा और सुश्री भावना सिंह को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए निर्देशित किया है। मेले में नगर निगम भिलाई के अधिकारियों सहित विभिन्न राष्ट्रीयकृत और निजी बैंकों के प्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।

## तेलहा नाला निर्माण कार्य पूर्ण न होने पर आयुक्त ने निर्माण एजेंसी को लगाई फटकार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 11 जून।** आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन-3 मदर टेरेसा नगर अंतर्गत तेल्हा नाला, अवैध रूप से संचालित दुकान, सामुदायिक भवन, मंच सहित अम्बेडकर भवन का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराने, साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने एवं अवैध संचालित दुकान को बेदखल करने के निर्देश दिए हैं। आयुक्त ने तेल्हा नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण भी किया और निर्माणकर्ता एजेंसी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कराने कहा गया है। निरीक्षण के दौरान दुर्गा पारा केम्प-2 में नाली के ऊपर अवैध रूप से खुले में मांस-मटन विक्रय किया जा रहा था, संबंधित दुकानदार पर कार्यवाही करते हुए दुकान को शीघ्र हटाने निर्देशित किये, जिससे नाली सफाई में किसी प्रकार की परेशानी न हो। आयुक्त ने संतोषी पारा में नवीन सामुदायिक भवन के कार्य का अवलोकन कर कार्य जल्द पूर्ण कराने कहा है। साथ ही दुर्गा पंडाल के स्टेज, शेड का निरीक्षण करते हुए प्रकाश व्यवस्था एवं साफ-सफाई कराने निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता, कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह, सहायक अभियंता नितेश मेश्राम, उप अभियंता दीपक देवांगन, पार्षद शैलजा राजू उपस्थित रहे।

### शराब संग्रहण,विक्रयः 5 गिरफ्तार

**भिलाई, 11 जून ।** भिलाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( ग्रामीण ) मणिशंकर चन्द्रा ने बताया कि मुखबिर से सूचना के आधार पर थाना नंदिनी नगर, उतई, वैशाली नगर एवं खुर्सीपार पुलिस द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में पृथक-पृथक दबिश दी। कार्रवाई के दौरान अवैध रूप से शराब का संग्रहण एवं विक्रय करते पाए गए 05 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया आरोपियों के कब्जे से कुल 121 पौवा एवं 04 बॉटल अवैध देशी मदिरा, शराब बिक्री से प्राप्त नगदी राशि तथा अवैध शराब परिवहन में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल जब्त की है। इस मामले में आरोपी हुमन जांगड़े (45 साल ) निवासी कोकड़ी, पोषण चन्द्राकर (35 साल ) निवासी डुण्डेरा थाना उतई, लवण ठाकुर, एम. जगदीश (52 साल ) निवासी कैम्प-1, स्टील नगर, व सुनील प्रसाद (43 साल ) निवासी शास्त्री मार्केट, थाना खुर्सीपार को गिरफ्तार किया है ।

## सुशासन तिहार में आयुक्त ने समस्याओं के त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

**भिलाई, 11 जून।** सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त मांग, शिकायत एवं हितग्राही मूलक योजनाओं से संबंधित आवेदनों के त्वरित निराकरण की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने सभी जोन अधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर परीक्षण कर उनका शीघ्र एवं सकारात्मक निराकरण सुनिश्चित किया जाए। आयुक्त ने स्पष्ट किया है कि शिकायतों और मांगों के निराकरण के साथ-साथ पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए समयबद्ध कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए निगम के सभी विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। सुशासन तिहार के तहत नागरिकों की समस्याओं के समाधान एवं योजनाओं के लाभ वितरण के उद्देश्य से 12 जून शुक्रवार को डा. भीमराव अम्बेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन में समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे और आवेदकों की समस्याओं का मौके पर निराकरण किया जाएगा।




**भिलाई।** अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद् राष्ट्रीय बजरंग दल मैनपाट वर्ग प्रशिक्षण सरगुजा मैनपाट वर्ग प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया

## जनदर्शन में शिकायत पर निगम ने सड़क पर किए गए कब्जे हटाए



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 11 जून ।** नगर निगम ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ एक और सख्त कार्रवाई करते हुए जोन-2 वैशाली नगर क्षेत्र में शेड और झुग्गी-झोपड़ी बनाकर किए गए कब्जे को हटाया। यह कार्रवाई कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त शिकायत के आधार पर की गई, जिसमें बताया गया था कि अतिक्रमण के कारण सड़क बाधित हो रही है और आम लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर जोन-2 के राजस्व विभाग एवं बेदखली दल ने वार्ड क्रमांक-22 स्थित कुरूद ढांचा भवन के समीप सांई मंदिर के पास पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया। जांच में पाया गया कि बाउंड्रीवाल से सटे क्षेत्र में अवैध रूप से शेड एवं झुग्गी-झोपड़ी बनाकर शासकीय भूमि पर कब्जा किया गया है, जिससे सड़क का हिस्सा प्रभावित हो रहा था। स्थिति स्पष्ट होने के बाद निगम की टीम ने तत्काल बेदखली अभियान चलाते हुए अवैध निर्माण को हटाया और कब्जे वाली भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया।

## तकनीकी परीक्षण में मुख्य पेयजल पाइपलाइन सुरक्षित एवं सही

**भिलाई, 11 जून ।** बीएसपी-लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सेक्टर-7 क्षेत्र का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान तकनीकी परीक्षण में मुख्य पेयजल पाइप लाइन सुरक्षित एवं सही स्थिति में पाई गई। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि कुछ रहवासियों द्वारा बैकलेन में स्थित मुख्य पेयजल पाइपलाइन तथा मकानों को जलापूर्ति करने वाली सेवा पाइपलाइनों के ऊपर अतिरिक्त एवं अनधिकृत निर्माण कर लिया गया है। इसके अतिरिक्त, कुछ स्थानों पर मकानों की जलापूर्ति पाइप लाइन के मूल स्वरूप में परिवर्तन किया गया है। इसी प्रकार बैकलेन में स्थित सीवेज प्रणाली भी ऐसे निर्माण कार्यों से प्रभावित हुई है। यद्यपि मुख्य पेयजल पाइप लाइन कहीं से भी क्षतिग्रस्त नहीं पाई गई है, तथापि संपूर्ण एवं विस्तृत निरीक्षण सुनिश्चित करने हेतु पेयजल पाइपलाइन, सेवा पाइपलाइन तथा सीवेज प्रणाली के ऊपर किए गए निर्माण कार्यों को हटाना आवश्यक है। इस संबंध में संबंधित मकान निवासियों से सहयोग की अपेक्षा की जा रही है, जिससे भविष्य में स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल आपूर्ति में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। विभाग द्वारा संबंधित मकान निवासियों को नोटिस जारी कर अविलंब अतिरिक्त एवं अनधिकृत निर्माण हटाने तथा विभाग द्वारा किए ।

# सुशासन तिहार 2026 के लिए मोहारा में आयोजित शिविर में उमडी भीड़

**राजनांदगांव,11 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़**

सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत तीन ग्रामीण वार्ड क्रमशः मोहारा, सिंगदई एवं हल्दी के नागरिकों के लिए मोहारा नदी स्थित विसर्जन कुंड के समीप अंतिम जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बडी संख्या में वार्डवासियो ने भाग लेकर अपनी समस्याएं एवं मांगें प्रशासन के समक्ष रखीं। शिविर में 407 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें मांग के 387 तथा शिकायत के 20 आवेदन आए। विशेष रूप से नागरिकों ने पट्टा प्राप्त करने तथा उज्जवला गैस कनेक्शन के बहुतायत आवेदन प्रस्तुत किए, जबकि पेयजल, सफाई व्यवस्था एवं राशन कार्ड से संबंधित मांगें भी प्रमुख रूप से सामने आईं। शिविर का शुभारंभ संबंधित वार्ड के पार्षदों में शिक्षा विभाग के प्रभारी




सदस्य श्री आलोक श्रोति, उप नेता प्रतिपक्ष श्री मुकेश साहू व श्री चंद्रकृत साहू सहित पार्षद श्री शिव वर्मा, श्री चन्द्रशेखर लश्करे, श्री रवि सिन्हा,श्री सेवक उईके, श्री डुरेन्द्र साहू, पूर्व पार्षद श्री राकेश रावटे व श्री केवल साहू ने छत्तीसगढ महतारी के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया। शिविर में नगर निगम तथा विभिन्न जिला स्तरीय विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए गए, जहां नागरिकों को योजनाओं की जानकारी देकर उन्हें लाभान्वित किया गया। शिविर में हितग्राहियो को प्रधानमंत्री स्वनिधि योजनांतर्गत ऋण पत्र एवं ड्राईविग लायसेंस का वितरण किया गया तथा महिलाओ की गोद भराई कर नवजात शिशुओ का अन्न प्राशन कराया गया। आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने उपस्थितजनों को नशा मुक्ति के लिए शपथ दिलाई। शिविर में अपने संबोधन में निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार शहर के 51 वार्डों में कुल 17 जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किए गए, जिसमें नागरिकों की उत्साहजनक सहभागिता देखने को मिली। उन्होंने जानकारी दी कि अब तक विभिन्न शिविरों के माध्यम से लगभग 1600 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, जबकि मोहारा वार्ड में आयोजित अंतिम शिविर के आवेदन इस आंकडा में शामिल नहीं हैं। उन्होने बताया कि कई ऐसे आवेदन एवं मांगपत्र प्राप्त हुए जिनका मौके पर ही निराकरण कर नागरिकों को राहत प्रदान की गई।

उन्होंने शिविर के सफल आयोजन के लिए महापौर मधुसूदन यादव सहित पार्षदगण, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी के समन्वित प्रयासों से सुशासन तिहार का उद्देश्य सफलतापूर्वक पूरा हुआ है। शिविर का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया। शिविर में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियो सहित बडी संख्या में नागरिकों की उपस्थिति रही।

## डोंगरगढ़ की खेल अकादमी को अभिभावकों का मिला समर्थन

**डोंगरगढ़ ,11 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़**

नगर में संचालित खेल अकादमी के संबंध में कुछ लोगों द्वारा की गई शिकायत के संदर्भ में लगभग 30 से 40 अभिभावकों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर अपना पक्ष रखा। अभिभावकों ने कहा कि अकादमी पिछले 8 वर्षों से बच्चों को नियमित खेल प्रशिक्षण प्रदान कर रही है तथा यहां से अनेक खिलाड़ी जिला एवं राज्य स्तर तक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर चुके हैं। अभिभावकों ने बताया कि शिकायत उनकी जानकारी एवं सहमति से नहीं की गई है तथा वे अकादमी की प्रशिक्षण व्यवस्था, अनुशासन एवं बच्चों के विकास से संतुष्ट हैं। उनका कहना है कि यदि किसी भी कारणवश अकादमी का संचालन प्रभावित होता है तो इसका सबसे अधिक नुकसान ग्रामीण एवं मध्यमवर्गीय परिवारों के बच्चों को होगा, क्योंकि सभी परिवार अपने बच्चों को प्रशिक्षण हेतु बड़े शहरों की अकादमियों में भेजने में सक्षम नहीं हैं। अकादमी ने हमेशा स्थानीय खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण एवं सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया है, जिससे बच्चों को अपने ही नगर में गुणवत्तापूर्ण खेल प्रशिक्षण मिल सका है। अभिभावकों ने प्रशासन से बच्चों के हितों एवं खेल गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए सकारात्मक निर्णय लेने का अनुरोध किया। साथ ही नगर के सुबह मॉर्निंग वॉक करने वाले एवं शाम को टहलने आने वाले नागरिकों से भी सहयोग की अपील की, ताकि खेल गतिविधियां और आम



नागरिकों की सुविधाएं दोनों सुचारू रूप से संचालित हो सकें। अकादमी के संचालकों ने कहा कि वे नगर के सभी नागरिकों, समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों एवं मीडिया के सम्मानित प्रतिनिधियों का आदर करते हैं और किसी के प्रति कोई दुर्भावना नहीं रखते। उनका उद्देश्य केवल बच्चों के खेल, उनके उज्ज्वल भविष्य एवं खेल संस्कृति के विकास के लिए कार्य करना है।

## खनिज का अवैध परिवहन एवं उत्खनन करने पर 1 जेसीबी एवं 2 हाईवा जब्त

**■ तरुण छत्तीसगढ़**

**राजनांदगांव 11 जून** - कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा जिले में खनिज का अवैध उत्खनन, भण्डारण एवं परिवहन करने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में खनिज विभाग की टीम द्वारा ग्राम अछोली, चौथना, छिरपानी, कल्याणपुर, ढारा, मुढिय़ा मोहारा क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान ग्राम मुरूम एवं रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन करने पर 1 जेसीबी एवं 2 हाईवा को जप्त किया गया। इसके तहत ग्राम बिजनापुर निवासी हेम प्रकाश वर्मा के स्वामित्व की जेसीबी क्रमांक सीजी 08 बीबी 4365 एवं राजनांदगांव निवासी प्रशांत सिन्हा के स्वामित्व की हाईवा क्रमांक सीजी 08 एआर 7660 से मुरूम का अवैध उत्खनन




करने तथा छुईखदान निवासी मनीष चन्द्राकर के स्वामित्व की हाईवा क्रमांक सीजी 04 एनजे 2055 से रेत का अवैध परिवहन करने पर कार्रवाई करते हुए जप्त कर थाना मोहारा को सुपुर्द किया गया। प्रकरणों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण की रोकथाम के लिए लगातार गस्त व निगरानी की जा रही है।

## राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा पहुंचे ग्राम परसाभदेर (च), हलवाई खपरी, छुईहा एवं अचानकपुर

**तिल्दा नेवरा,11 जून(तरुण छत्तीसगढ़)।** मोदी सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चल रहे जनसंपर्क एवं घर-घर चलो अभियान के अंतर्गत राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा बलौदाबाजार विधानसभा के ग्राम परसाभदेर (च), हलवाई खपरी, छुईहा एवं अचानकपुर में जाकर गाँव वासियों एवं वरिष्ठजनों से



संवाद किया एवं शासन की योजनाओं के बारे में उनसे फीडबैक लिए । इस अवसर परराजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने ग्रामीणजनों से नरेंद्र जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा पिछले 12 वर्षों में किए गए जनकल्याणकारी योजनाओं, सुशासन, आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के संकल्प पर चर्चा की। और कहा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प के साथ विकसित भारत के निर्माण हेतु केंद्र की भाजपा सरकार निरंतर जनहित में कार्य कर रही है।

## अवैध शराब के साथ तीन को किया गया गिरफ्तार

**तिल्दा नेवरा,11 जून(तरुण छत्तीसगढ़)।** थाना प्रभारी खरोरा से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम भैंसा- भण्डारपुरी में



अवैध शराब के साथ आरोपी - प्रेम सागर मनहरे 32 पौवा शोले, दशरू राम धीवर 35 पौवा, विजय कुमार सेन 33 पौवा शोले देशी मदिरा तीनो आरोपियों से दस हजार रूपये नगद बरामद किया गयातीनो आरोपियों को धारा-34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर पृथक-पृथक न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

## रुणिचा के बाबा रामसापीर की मनोहारी छवि के दर्शन से भक्त हुए धन्य

**राजनांदगांव ,11 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़**

16 दिवसीय श्री नारायण महामहोत्सव में आराधना भक्ति संगम के अनेक रंगों की वर्षा हो रही है वर्षा की एक बूंद के लिए भक्त आतुर है अद्भुत दरबार में आज दसमी में सुगंधित केसर लाल गुलाबो की माला मे रुणिचा के लाल अजमल घर अवतारी राजस्थान के लोक देवता बाबा रामदेव जी महाराज का अलौकिक दरबार सजाया गया भक्तों ने बाबा की दिव्य की आहुति डालकर अपनी मनोकामना पूर्ण करने की बाबा से प्रार्थना की। बाबा दयालु है भक्तों की भीड़ बाबा के दरबार में लगातार बढ़ती गई बाल कलाकार हार्दिक व्यास ने बाबा रामदेव का जन्म की कथा से लेकर उनके जीवन का संपूर्ण वृतांत जम के रूप में सुनाया ऐसा जम्मा में भक्त भक्ति में शराबोर होकर ओतप्रोत हो गए जममा के प्रारंभ से अंत तक बाबा की तीन आरती एवं अंत में श्री सत्यनारायण भगवान की महा आरती उपस्थित जनों ने उतरी । समिति के सचिव सौरभ एवं



उत्सव प्रभारी लक्ष्मण लोहिया ने बताया कि अधिक मास जीसे पुरुषोत्तम मास के नाम से जाना जाता है दान धर्म सत्कर्म सेवा परोपकार और प्रभु नारायण की भक्ति में श्री सत्यनारायण मंदिर परिसर में भक्ति भक्ति धारा की धारा निरंतर बढ़ती जा रही है भक्ति की धारा धीरे-धीरे निरंतर तालाब का आकार लेते हुए नदी के आकार में परिवर्तित हो रही है उपस्थित श्रद्धालुओं ने प्रारंभ से अंत तक रुणिचा के अवतारी रामदेव बाबा के जय घोष से भक्ति का ऐसा वातावरण बना कि मानो स्वयं बाबा रामदेव साक्षात श्री नारायण धाम पधारे हो भक्ति की मस्ती में झूमते गाते भक्त कीअपनी मस्ती में मस्त रहे ऐसा अनोखा वातावरण भक्त और भगवान का संगम पुरुषोत्तम मास में प्रतिदिन प्रस्तुत हो रहा है ।

**विशिष्ट अतिथियों ने की महाआरती में सहभागिता**-इस अवसर पर जिला भाजपा के अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत , एमआईसी मेंबर राजा मखीजा तरुण लहरवानी जिला भाजपा उपाध्यक्ष,रमेश सोनवानी जिला सोशल मीडिया प्रभारी, दादू सोनकर अध्यक्ष किसान मोर्चा आयुष जैन डीएफओ राजनंदगांव, सुरुचि मिश्रा सीईओ जिला पंचायत राजनंदगांव , आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ,अग्रवाल सभा के कोषाध्यक्ष अशोक सिंघल , समाजसेवी संतोष अग्रवाल राधा कृष्ण एजेंसी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन समिति के उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार अग्रवाल, कोषाध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, सचिव सौरभ खंडेलवाल, भवन व्यवस्था प्रभारी राहुल अग्रवाल ने सभी अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया तथा सभी ने महाआरती में सहभागिता निभाई।

## वित्तीय अनियमितता पाये जाने पर तत्कालीन प्रभारी प्राचार्य दौलत राम आंचले निलंबित

**राजनांदगांव ,11 जून(तरुण छत्तीसगढ़)।** जिला शिक्षा अधिकारी प्रवास कुमार सिंह बघेल ने डोंगरगांव विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मोहड़ के तत्कालीन प्रभारी प्राचार्य (मूल पद व्याख्याता) श्री दौलत राम आंचले को विभागीय अंकेक्षण रिपोर्ट के आधार पर वित्तीय अनियमितता पाये जाने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। प्रा प्त जानकारी अनुसार डोंगरगांव विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मोहड़ के तत्कालीन प्रभारी प्राचार्य (मूल पद व्याख्याता) श्री दौलत राम आंचले द्वारा मद प्रभारी के जानकारी के बिना विभिन्न मदों से 5 लाख 44 हजार 500 रूपए आहरण किये जाने की शिकायत पर दो सदस्यीय जांच दल गठित कर जांच कराया गया। जांच प्रतिवेदन के अभिमत के आधार पर प्रभारी प्रचार्य श्री दौलत राम आंचले द्वारा मद प्रभारियों की जानकारी बिना तथा क्रय समिति की बैठक प्रस्ताव व अनुमोदन के शासकीय राशि का नियम विरूद्ध विभिन्न मदों से राशि आहरण करना वित्तीय अनियमितता को दर्शाने का लेख किया गया है। साथ ही जांच अधिकारी द्वारा प्रभारी प्राचार्य श्री दौलत राम आंचले के विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्रवाई की अनुशंसा के आधार पर अनुशासनात्मक कार्रवाई हेतु अनुशंसा सहित प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। प्रभारी प्राचार्य श्री दौलत राम आंचले को विभागीय अंकेक्षण रिपोर्ट के आधार पर प्रथम दृष्टया वित्तीय अनियमितता पाये जाने के कारण उनके विरूद्ध पुलिस थाना में प्राथमिकी दर्ज करने विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी डोंगरगांव को निर्देशित किया गया है तथा कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव को अवगत कराने कहा गया है। साथ ही श्री दौलत राम आंचले को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर विभागीय जांच संस्थित करने संचालक लोक शिक्षण संचालनालय इन्द्रावती भवन अटल नगर, नवा रायपुर को पत्र प्रेषित किया गया है।




## ब्लड डोनेशन कैम्प में 8 यूनिट रक्त प्राप्त

**बलौदाबाजार,11 जून(तरुण छत्तीसगढ़)।** जिला रेडक्रॉस सोसायटी बलौदाबाजार एवं अंबुजा सीमेंट लिमिटेड के सयुंक्त तत्वावधान में बुधवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में रक्त दान करने हेतु पुरुषो के साथ महिलाओ ने भी बढ़- चढ़ कर हिस्सा लिया।रक्तदान शिविर में 57 पुरुष एवं 11 महिलाओं ने रक्त दान किया जिनसे कुल 68 यूनिट रक्त प्राप्त हुआ। कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार जिला रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा लगातार रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

## मिलावटी शराब के विरुद्ध प्रशासन बड़ी कार्रवाई ,36 हजार रुपए का अवैध शराब जब्त

**बलौदाबाजार ,11 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़**

कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार जिले में अवैध शराब के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में बुधवार को आबकारी विभाग द्वारा 36 हजार रुपए के अवैध शराब जब्त किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार वृत्त पलारी में आबकारी विभाग की संयुक्त दल द्वारा आरोपी (1) मुरली टंडन पिता चंद्रहास (2) नेतराम डहरिया पिता तोरण एवं एक अन्य के रिहायशी मकान से 360 पाव कुल 64.8 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला, खाली शीशी 52 नग, ढक्कन 52 नग एवं एक प्लास्टिक जरीकेन में 15 लीटर रंगीन पानी जप्त किया गया। देशी मदिरा मसाला का बाजार मूल्य 36,000 होना पाया गया। आरोपी (1) मुरली टंडन पिता चंद्रहास (2) नेतराम डहरिया पिता तोरण एवं एक अन्य सा. इंदोरी थाना पिपरीया जिला कबीरधाम के विरूद्ध छत्तीसगढ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (2), 36, 38 (क) 59 (क) का प्रकरण



कायम कर विवेचना में लिया गया। कार्यवाही में सहायक जिला आबकारी अधिकारी, जलेश कुमार सिंह, आबकारी उपनिरीक्षक मनराखन नेताम, पी. माधव राव, विनोद बांधे आबकारी आरक्षक कोमल निषाद, अभिषेक राठौर, नगर सैनिक दुर्गेश्वरी कुर्रे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## अविश्वास प्रस्ताव ध्वस्त, प्रभा दास वैष्णव बनी रहेंगी सरपंच

**राजनांदगांव ,11 जून(तरुण छत्तीसगढ़)।** ग्राम पंचायत राजा भानपुरी में 2 जून को उपसरपंच एवं कुछ पंचों द्वारा सरपंच श्रीमती प्रभा दास वैष्णव के विरुद्ध लाया गया अविश्वास प्रस्ताव विफल हो गया। इसके साथ ही श्रीमती वैष्णव अपने पद पर बरकरार रहेंगी।प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम पंचायत राजा भानपुरी में उपसरपंच एवं भाजपा नेता कृष्णकुमार साहू तथा गुणीत साहू द्वारा अतिक्रमण हटाने की मांग की गई थी। इस पर सरपंच ने गांव के सभी अतिक्रमणों को हटाने की बात कही। इसके बाद उपसरपंच एवं भाजपा नेताओं द्वारा सरपंच के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाया गया।एसडीएम कार्यालय में दिए गए आवेदन के आधार पर 10 जून को तहसीलदार की उपस्थिति में मतदान कराया गया। मतदान में सरपंच के पक्ष में 7 तथा विपक्ष में 9 वोट पड़े। किसी निर्वाचित जनप्रतिनिधि को पद से हटाने के लिए आवश्यक तीन-चौथाई बहुमत नहीं मिल सका।इस प्रकार अविश्वास प्रस्ताव पूरी तरह विफल हो गया और सरपंच श्रीमती प्रभा दास वैष्णव अपने पद पर बनी रहेंगी।



## कलेक्टर जनदर्शन में हितग्राही का महज 5 मिनट में बना राशन कार्ड

**बलौदाबाजार,,11 जून(तरुण छत्तीसगढ़)।** .जिला प्रशासन द्वारा आमजनों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए आयोजित कलेक्टर जनदर्शन लोगों के लिए राहत का माध्यम बन रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर कुलदीप शर्मा ne मंगलवार को जनदर्शन में लोगों की समस्याएं सुनी।सिमगा विकासखंड के ग्राम सकरी निवासी फगनी साहू अपनी राशन कार्ड संबंधी समस्या लेकर कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचीं। उन्होंने राशन कार्ड बनवाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया, जिस पर कलेक्टर श्री कुलदीप शर्मा ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए तत्काल खाद्य अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।कलेक्टर के निर्देश पर खाद्य विभाग द्वारा त्वरित पहल करते हुए महज 5 मिनट के भीतर फगनी साहू का राशन कार्ड तैयार कर उन्हें प्रदान कर दिया गया। अपनी समस्या का इतनी शीघ्रता से समाधान होते देख श्रीमती फगनी साहू ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिला प्रशासन एवं कलेक्टर कुलदीप शर्मा के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि जनदर्शन के माध्यम से उनकी लंबे समय से लंबित समस्या का तत्काल समाधान हो गया, जिससे उन्हें शासन की जनहितकारी कार्यप्रणाली पर और अधिक विश्वास हुआ।उल्लेखनीय है कि कलेक्टर जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं का संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ निराकरण किया जा रहा है.

## नगर तथा ग्राम निवेश अंतर्गत गठित समिति की बैठक सम्पन्न

**बलौदाबाजार ,11 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम 1973 की धारा 17( क ) के तहत गठित समिति की बैठक बुधवार को सांसद जांज़गीर -चाम्पा कमलेश जांगड़े की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में गिरौदपूरी विकास योजना 2041, पलारी विकास योजना 2041 एवं लवन विकास योजना 2041 के प्रारूप का अनुमोदन किया गया।इस अवसर पर विधायक बिलाईगढ़ कविता प्राण लहरे, जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल,कलेक्टर कुलदीप शर्मा उपस्थित थे। बैठक में तीनों क्षेत्र में वर्ष 2041 तक विकास योजना को दृष्टिगत रखते हुए विस्तृत चर्चा कर आवश्यक सुझाव दिये गये। विकास योजना में क्षेत्र में पर्यटन विकास, आमोद- प्रमोद के साधन,सडक, औद्योगिक एवं वाणिज्यिक अधोसंरचना, आवासीय परिसर, वृक्षारोपण आदि को शामिल किया गया है। बताया गया कि गिरौदपूरी विकास योजना अंतर्गत 7 ग्राम शामिल है जिनकी कुल जनसंख्या 10600



है।सर्वे टीम द्वारा यहां वर्ष 2041 तक की अनुमानित जनसंख्या के अनुसार विभिन्न विकास योजना तैयार किया गया है जिसमें पर्यटन विकास, आवासीय क्षेत्र एवं अन्य सुविधाएं शामिल है। इसीतरह पलारी विकास योजना अंतर्गत 1 नगर पंचायत एवं 10 ग्राम पंचायत क्षेत्र शामिल है एवं जनसंख्या लगभग 27 हजार है। लवन विकास योजना अंतर्गत 1 नगर पंचायत एवं 17 गांव की लगभग 37 हजार जनसंख्या है। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष पलारी गोपी साहु, जनपद अध्यक्षबलौदाबाजार सुलोचना यादव, जनपद अध्यक्ष पलारी सविता यादव,जनपद अध्यक्ष कसडोल कुसुम लता पैकरा सहित समिति के अन्य सदस्य,सरपंच एवं अधिकारी उपस्थित थे।

# दिल बहलाने को एकता का ख्याल अच्छा है

राजनीति में भी दुनिया की तरह दिल में कुछ और जुबां पर कुछ होता है। आपस में दिल नहीं मिलता है लेकिन हाथ मिलाते रहना पड़ता है।चाहते हैं आपस में सब एक दूसरे का बुरा चाहते हैं लेकिन दिखावा करते हैं कि हमसे बड़ा आपका भला चाहने वाला कोई दूसरा नहीं है।इंडिया गठबंधन ऐसे ही राजनीतिक दलों का जमावड़ा है। ऐसा गठबंधन आज तक देश में नहीं हुआ है,इसका कोई संयोजक नहीं है. इसका कहीं पर कार्यालय नहीं है। इसका कोई लैटरपेड तक नहीं है। इसका कोई संगठन नहीं है और पदाधिकारी भी नहीं हैं लेकिन गठबंधन है और जब भी कांग्रेस चाहती है इसकी बैठक होती है और कांग्रेस नहीं चाहती है तो इसकी बैठक कई साल तक नहीं होती है।लोकसभा चुनाव के पहले यानी २०२४ के पहले इंडिया गठबंधन की बैठक हुई थी उसके बाद अब ९ जून को इंडिया गठबंधन की बैठक हुई है। लोगों के मन में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि २४ के बाद सीधा २६ में इंडिया गठबंधन की बैठक की जरूरत कांग्रेस को क्यों महसूस हुई। इसकी वजह यह है कि राज्यों के चुनाव होते रहते हैं तो सब विपक्षी दलों को अपने अपने राज्य में चुनाव जीतने की चिंता लगी रहती है,कांग्रेस खुद राज्यों में चुनाव जीतना व अपनी स्थिति मजबूत करने में लगी रहती है।जब राज्यों में चुनाव होता रहता है तो कांग्रेस को इंडिया गठबंधन की कोई जरूरत नहीं रहती है क्योंकि उसे भी अह विपक्षी दलों की तरह हर राज्य में अपने राजनीतिक हित की ज्यादा परवाह होती है। ऐसे में उसका राज्य के दलों से टकराव भी होता रहता है। जब कांग्रेस का राज्यों में दूसरे दलों से टकराव चल रहा हो तो इंडिया गठबंधन की बात कैसे कर सकती है।सवाल तो उठेगा ही कि यह कैसा गठबंधन है कि इसके दल चुनाव के वक्त राज्यों में आपस में लड़ते रहते हैं और जैसे ही लोकसभा चुनाव को दो तीन साल बचा रहता है तो फिर इनको ख्याल आता है कि हमको तो लोकसभा चुनाव में भाजपा और मोदी को हराना है इसके लिए हमें एकजुटता तो दिखानी चाहिए। इंडिया गठबंधन की बैठक महज विपक्षी दलों की एकजुटता का दिखावा करना है इसके अलावा इसमें जो कुछ कहा जाता है, उसका कोई खास मतलब नहीं है। कांग्रेस २०१४ के बाद तीन लोकसभा चुनाव हार चुकी है और कई राज्यों के चुनाव हार चुकी है। इस दौरान वह हिमाचल, तेलंगाना, कर्नाटक व इस साल केरल में गठबंधन के साथ चुनाव जीतने में सफल रही है. चुनाव में जीत के हिसाब से देखा जाए तो सबसे ज्यादा चुनाव हारने वाली कांग्रेस है। इसके बाद राज्यों के दल में सपा यूपी चुनाव दो बार हार चुकी है,बिहार राजद दो चुनाव हार चुका है, महाराष्ट्र शिवसेना व एनसीपी पिछला चुनाव हारे है,दिल्ली में पिछला चुनाव आप हारी है, तमिलनाडु में पिछला चुनाव डीएमके हारी है और पं. बंगाल में ममता हारी है।इंडिया गठबंधन के राज्यों के जो प्रमुख दल है, वह अपने राज्यों में चुनाव हारने वाले हैं। तो इंडिया गठबंधन चुनाव हारे हुए विपक्षी राजनीतिक दलों को गठबंधन है। इनकी बैठक हारे हुए राजनीतिक दलों की बैठक है। हार से निराश नेताओं की बैठक है। सबका दुख एक ही है कि भाजपा व मोदी ने उनको हराते आ रहे है, वह भाजपा व मोदी को राज्य में हरा नहीं पा रहे हैं। हारे हुए सारे राजनीतिक दल जब भी बैठक करते हैं तो यह सोचकर खुश हो जाते हैं कि भाजपा व मोदी को हराने के लिए एक गठबंधन तो है। इससे जनता को कोई फर्क नहीं पड़ता है क्योंकि इस गठबंधन के होने न होने से जनता को कोई फर्क नहीं पड़ता है वह जानती है कि गठबंधन के जितने राजनीतिक दल हैं, उन्होंने अपने शासन में किसी राज्य में क्या किया है। जनता जानती है कि इस गठबंधन के पास कोई वैकल्पिक एजेंडा नहीं है कि हम सत्ता में आएंगे तो मोदी सरकार से बेहतर क्या करेंगे।वह बैठक करते हैं उससे वह खुद भले ही दिखाने के लिए उत्साहित हो जाएं लेकिन जनता को इंडिया गठबंधन की बैठक से कोई उम्मीद न पहले रहती थी और न आज रहती है। वह जानती है कि इनकी बैठक गठबंधन की एकता को दिखाने के लिए है, ऐसी एकता को दिखाने के लिए जो हकीकत में है ही नहीं विपक्षी दलों के बीच। बैठक में हुआ क्या,एसआईआर और वोट लूट के मुद्दे पर देश के मुख्य न्यायाधीश को पत्र भेजने,पेपर लीक मामले में शिक्षा मंत्री से इस्तीफा मांगा और देश की गंभीर आर्थिक स्थिति,बेरोजगारी,महंगाई,किसानों व जनसरोकारों से जुडे अन्य मुद्दो पर चर्चा के लिए केंद्र सरकार से सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की।एसआईआर का मुद्दा तो बिहार व पं.बंगाल चुनाव के पहले व चुनाव में जोर शोर से उठाया गया लेकिन हुआ क्या जनता ने तो उनकी बात को गंभीरता से लिया नहीं, दोनों जगह इंडिया गंठबंधन के दल चुनाव हारे हैं,जनता की अदालत के अलावा सुप्रीम कोर्ट में विपक्षी दलों की हार हुई है, इसके बाद एसआईआर कोई मुद्दा नहीं रह जाता है,लेकिन राहुल गांधी का यह प्रिय मुद्दा इसलिए इसे बनाए ऱखने का प्रयास किया जा रहा है। बाकी बेरोजगारी है, महंगाई और समस्याएं है,सरकार अपने स्तर पर देश व जनता की बेहतरी के लिए जो कुछ हो सकता है,कर रही है। इस दौरान विपक्ष की भूमिका तो आलोचना करने की रही है, लोगों को डराने की रही है। ऐसे में जनता पीएम मोदी व भाजपा से ज्यादा भरोसा राहुल गांधी,कांग्रेस व विपक्षी दलों पर कैसे कर सकती है। राहुल गांधी व विपक्षी दलों को समझने की जरूरत है कि महज गठबंधन की बैठक करने से जनता उस पर भरोसा नहीं करने वाली है।

## विश्लेषण

# फाइबर अर्थव्यवस्थाः भारत का अगला बड़ा वैश्विक अवसर

**श्री गिरिराज सिंह**



फाइबर के साथ भारत का 5,000 बरस पुराना सभ्यतागत संबंध है, जो हमारे गाँवों, परंपराओं तथा सामूहिक पहचान में गहराई से गुँथा है। ''बुनी हुई हवा'' कहलाने वाली मोहनजोदड़ो की प्रसिद्ध मलमल से लेकर समस्त महाद्वीपों तक फैली भारतीय कारीगरी तक — फाइबर हमेशा से हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था की जीवनरेखा रहा है। आज, जब दुनिया वैश्विक स्थिरता की क्रांति की कगार पर खड़ी है, तब यही प्राचीन ज्ञान हमारी सबसे बड़ी प्रतिस्पर्धात्मक शक्ति है। दशकों तक केले के पेड़ के तने को बेकार अपशिष्ट मानकर फेंक दिया जाता था। आज वही बायोमास प्रीमियम फाइबर बनकर निर्यात बाज़ारों की मांग पूरी कर रहा है, ग्रामीण आजीविकाओं को सशक्त बना रहा है और इस कृषि अवशेष को राष्ट्रीय आय में बदल रहा है। अपशिष्ट से समृद्धि तक, स्थानीय प्रचुरता से वैश्विक अवसर तक — यही भारत की न्यू एज फाइबर मुहिम का सार है, जो हरित सामग्रियों और भविष्य के लिए तैयार वस्त्रों में भारत को वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर कर रहा है। न्यू एज फाइबर ऐसे टिकाऊ एवं पौधों-आधारित पदार्थ हैं, जो भारत के पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक नवाचार के साथ जोड़ते हैं। बांस, भाँग, केला, पीएएलएफ, फ्लैक्स, रेमी, सिसल, मिल्कवीड और कपोक जैसे फाइबर सदियों से मौजूद रहे हैं, लेकिन अब इन्हें वस्त्र उद्योग, रक्षा, बायोडिग्रेडेबल कंपोज़िट्स और प्रीमियम उत्पादों में उच्च-मूल्य उपयोगों के लिए नए सिरे से खोजा जा रहा है। ये हरित भविष्य के लिए भारत के प्राकृतिक फाइबर भंडार का विस्तार कर रहे हैं।

बढ़ती आय, वैश्विक स्थिरता संबंधी अनिवार्यताएँ और ट्रेसेबल सोर्सिंग की आवश्यकताएँ वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को पूरी तरह बदल रही हैं और एक नई फाइबर अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ा रही हैं। उपभोक्ता अब अपने पहनने के कपड़ों में आराम, पसीना सोखने की क्षमता या ब्रीदेबिलिटी और टिकाऊपन चाहते हैं। यही महत्वकपूर्ण बदलाव भारत में फाइबर की खपत को आज के 15 एमएमटी से बढ़ाकर 2030 तक 23 एमएमटी तक ले जाने वाला है। दुनिया अब तेजी से वही तलाश रही है, जिसे भारत प्रदान कर सकता है : नैतिक, टिकाऊ और उच्च-प्रदर्शन वाले प्राकृतिक फाइबर, जो सदियों के अनुभव पर आधारित हैं। इस विजन को एक स्पष्ट संस्थागत एवं नीतिगत ढाँचे का समर्थन प्राप्त है। वर्ष 2026–2031 के लिए 5,664 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय वाले ''मिशन फॉर कॉटन प्रोडक्टिविटी'' के अंतर्गत न्यू एज फाइबर्स के लिए 300 करोड़ रुपये का विशेष प्रावधान रखा गया है। इस प्रयास को और सशक्त बनाते हुए, केंद्रीय बजट 2026–27 में घोषित राष्ट्रीय फाइबर मिशन एक व्यापक रणनीतिक ढाँचा प्रदान करता है, जो चार प्रमुख स्तंभों : कृषि-सूत्र- खेती और कच्चे माल के विकास के लिए, इन्फिनिटी- अनुसंधान एवं नवाचार के लिए, ग्राम-सेतु - अवसंरचना और उद्यम सृजन के लिए, तथा जीएमपीएसः ब्रांडिंग और बाज़ार विकास के लिए - पर आधारित है ।इस नीतिगत ढाँचे की शक्ति दशकों से जारी वैज्ञानिक अनुसंधान में निहित है, जिसे ठोस परिणाम पहले से ही सामने आ चुके हैं। मिल्कवीड (आक/मदार) जिसे पारंपरिक रूप से भगवान शिव को अर्पित किया जाता है, नॉर्दर्न इंडिया टेक्सटाइल रिसर्च एसोसिएशन (एनआईटीआरए) में 18 वर्षों के अनुसंधान के बाद एक बड़ी कामयाबी के तौर पर सामने आया है। अब इसका उपयोग रक्षा क्षेत्र में, विशेषकर −20"C तापमान में कार्यरत सैनिकों के लिए स्लीपिंग बैग बनाने में किया जा रहा है। ये स्लीपिंग बैग अपने पॉलिएस्टर विकल्पों की तुलना में 10% हल्के, ऊन से अधिक गर्म तथा सीएलओ/सेल प्रमाणित हैं। 55 मिलियन हेक्टेयर बंजर भूमि पर बिना उर्वरक के उगाए जाने पर यह पौधा किसानों को प्रति एकड़ प्रतिवर्ष 1.5–2 लाख रुपये तक की आय प्रदान करने की क्षमता रखता है। केले का फाइबर प्रतिवर्ष लगभग 1.8 मिलियन टन उत्पादन की क्षमता रखता है और कृषि अवशेषों से किसानों को अतिरिक्त आय प्रदान कर सकता है, जबकि बांस प्रति हेक्टेयर 60 टन तक बायोमास उत्पादन करने की क्षमता रखता है, जिससे पूर्वोत्तर भारत के लिए बड़े अवसर उत्पन्न हो रहे हैं। भाँग भी एक उभरता हुआ वैश्विक बाज़ार बन रहा है, उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में जिसकी खेती की पहले से ही अनुमति है। फ्लैक्स, सिसल, रेमी, पीएएलएफ, बिछुआ या नेटल और कपोक जैसे फाइबरों के साथ मिलकर ये सभी भारत के टिकाऊ एवं प्राकृतिक फाइबर आधार का निरंतर विस्तार कर रहे हैं। इस वैज्ञानिक गति को आगे बढ़ाते हुए,न्यू एज फाइबर्स पर राष्ट्रीय सेमिनार एक ऐसे मंच के रूप में उभरा, जहाँ विज्ञान, नीति और उद्यम एक साथ आ सके। इसने शोधकर्ताओं, वैज्ञानिकों, उद्यमियों, किसान संगठनों, उद्योग जगत के दिग्गजों और नीति-निर्माताओं को एक ही मंच पर एकत्रित किया। सभी दस प्राथमिकता प्राप्त फाइबर्स को कवर करने वाले तीन कार्य बलों की रिपोर्टें जारी की गईं, जिन्होंने क्षेत्रीय विज्ञान को सीधे योजनाओं के डिज़ाइन और निवेश की प्राथमिकताओं में बदल दिया। इस सेमिनार ने मानकों, प्रसंस्करण अवसंरचना और संस्थागत वित्तपोषण में मौजूद खामियों की भी स्पष्ट रूप से पहचान की , जो एक ऐसे मिशन को दर्शाता है जो केवल नीति नहीं, बल्कि वास्तविक क्रियान्वयन पर केंद्रित है। इसमें प्रमुख प्राथमिकताएँः उत्पादन को पाँच वर्षों में 10,000 मीट्रिक टन से बढ़ाकर 10 लाख मीट्रिक टन तक पहुँचाना, गुणवत्ता मानकों का विकास करना, मशीनरी के स्वदेशीकरण को बढ़ावा देना, आयातित प्रसंस्करण तकनीक पर निर्भरता कम करना और खेती से लेकर मूल्य संवर्धन तक क्लस्टर आधारित फाइबर इकोसिस्टम का निर्माण करना सामने आईं। ये सभी कदम मिलकर न्यू एज फाइबर्स को ग्रामीण समृद्धि और टिकाऊ विकास के लिए एक संपूर्ण सरकारी मिशन बनाते हैं। शायद सबसे परिवर्तनकारी कार्य फाइबर ब्लेंडिंग है। भारत की वास्तविक शक्ति किसी एक फाइबर में नहीं, बल्कि उन्हें समझदारी से संयोजित करने में निहित है—जैसे थर्मल हल्केपन के लिए मिल्कवीड, गर्माहट के लिए ऊन, ब्रीदेबिलिटी के लिए बांस, और कोमलता के लिए कपास। मिश्रित कपड़ा या ब्लेंडेड फैब्रिक कोई समझौता नहीं है; यह प्रदर्शन को उन्नत बनाना है - ऐसे कपड़े तैयार करना जो अधिक मजबूत, अधिक स्मार्ट और अधिक टिकाऊ हों, साथ ही बेहतर आराम, नमी सोखने की क्षमता, टिकाऊपन तथा फैशन, जीवनशैली और तकनीकी वस्त्रों में बहुपयोगिता प्रदान करें। इसके लाभ पूरी मूल्य श्रृंखला में फैलते हैं। उपभोक्ताओं को बेहतर आराम और कार्यक्षमता मिलती है, निर्माताओं को प्रीमियम और विशिष्ट उत्पाद विकसित करने का अवसर मिलता है, और किसानों को विविध प्रकार की मांग तथा अधिक मजबूत आय प्राप्त होती है। भारत के लिए, ब्लेंडिंग या मिश्रण केवल एक तकनीकी नवाचार भर नहीं है; यह कच्चे फाइबर आपूर्ति से वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी, मूल्य-संवर्धित और भारतीय पहचान से जुड़े ब्रांड्स तक पहुँचने का एक सेतु है।असल में, न्यू एज फाइबर मुहिम जीवन को रूपांतरित करने, किसानों के लिए अवसर सृजित करने, ग्रामीण आजीविकाओं को सशक्त बनाने, महिलाओं को सशक्त करने और उद्यमियों को स्थानीय संसाधनों से वैश्विक व्यवसाय खड़ा करने में सक्षम बनाने के बारे में है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्रव मोदी के 5एफ विज़न— खेत से फाइबर, कपड़े से फैशन और विदेश तक—से प्रेरित, भारत की ग्रीन फाइबर क्रांति कोई दूर का सपना नहीं है। रणनीति तय है, संस्थान सक्रिय हैं, विज्ञान प्रमाणित हो चुका है, और उद्यमी तैयार हैं। आज भारत जो कर रहा है—फाइबर दर फाइबर, मिश्रण दर मिश्रण, क्षेत्र दर क्षेत्र, और खेत दर खेत—अपनी वस्त्र गाथा का अगला महान अध्याय लिख रहा है।

**(लेखक केंद्रीय वस्त्र मंत्री हैं। व्यक्त किए गए विचार व्यक्तिगत हैं)**

## राशिफल

**मेष राशि** आज आपके अंदर गजब की ऊर्जा और उत्साह देखने को मिलेगा। मन में कुछ नया करने की प्रेरणा जागेगी और उसका असर आपके काम और बिजनेस दोनों में साफ नजर आएगा। अधूरे काम तेजी से पूरे होंगे और कारोबार में भी रफ्तार आएगी। अगर किसी नई पार्टनरशिप का विचार चल रहा है, तो थोड़ा ठहरकर फैसला लें। संतान की खुशी के लिए नया वाहन लेने का मन बना सकते हैं। घर में मेहमानों के आने से रौनक बढ़ेगी, लेकिन पिताजी की सेहत को लेकर थोड़ी चिंता बनी रह सकती है।

**वृषभ राशि**–आज मन थोड़ा उलझा-उलझा रह सकता है। किसी काम को लेकर डर या असमंजस आपको बेचैन करेगा, लेकिन धैर्य ही आपकी सबसे बड़ी ताकत बनेगा। किसी की बातों में आकर जल्दबाजी में फैसला न लें। प्रॉपर्टी से जुड़ा मामला आपके पक्ष में जा सकता है। पानी से जुड़ी जगहों पर सावधानी रखें। सरकारी नौकरी की तैयारी करने वालों को मेहनत जारी रखनी होगी, क्योंकि सफलता धीरे-धीरे ही सही लेकिन जरूर मिलेगी।

**मिथुन राशि**–आज आर्थिक स्थिति मजबूत होती नजर आएगी। आय बढ़ाने के मौके मिलेंगे और भविष्य को लेकर आपका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। ससुराल पक्ष से मुलाकात रिश्तों में मिठास लाएगी। परिवार की बातों को घर तक ही सीमित रखें, वरना छोटी बात बड़ा रूप ले सकती है। माता-पिता का आशीर्वाद रुके हुए काम पूरे करवाएगा। पुरानी गलतियों से मिली सीख आज आपके बहुत काम आने वाली है।

**कर्क राशि**–आज का दिन प्रगति और सहयोग से भरा रहेगा। वरिष्ठ लोगों का साथ मिलने से काम तेजी से पूरे होंगे और आर्थिक स्थिति मजबूत करने के प्रयास सफल रहेंगे। कोई पुराना दोस्त अचानक मिल सकता है, जिससे पुरानी यादें ताजा होंगी। संतान से किया वादा निभाना जरूरी रहेगा। सरकारी नौकरी की तैयारी करने वालों को कोई अच्छी खबर मिलने के योग हैं।

**सिंह राशि**–आज भाग्य आपका साथ देगा और अटके हुए काम आगे बढ़ते नजर आएंगे। अगर किसी काम में रुकावटें थीं, तो अब रास्ता साफ होगा। दूसरों के मामलों में ज्यादा दखल देने से बचें। किसी दूर के रिश्तेदार से थोड़ी निराशाजनक खबर मिल सकती है। आसपास के लोगों को पहचानकर चलें, क्योंकि कुछ लोग आपकी तरक्की से जल सकते हैं। बैंक से लोन लेने के लिए दिन अनुकूल रहेगा।

**कन्या राशि**–आज आपको संतुलन और सावधानी दोनों की जरूरत होगी। संतान की संगति पर नजर रखें और वाहन चलाते समय भी पूरी सतर्कता बरतें। पुराने लेन-देन का बोझ कम होने से राहत महसूस होगी। शौक और पसंद की चीजों पर खर्च करने का मन करेगा। प्रेम जीवन में मिठास बनी रहेगी और साथी के साथ बाहर घूमने का मौका मिल सकता है।

**तुला राशि**–आज का दिन सुकून और अपनापन लेकर आएगा। जीवनसाथी का साथ आपको मानसिक मजबूती देगा और रिश्तों में प्यार बढ़ेगा। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरने की कोशिश करेगी। छोटे बच्चों के लिए कुछ खास खरीदने का मन बनेगा। माताजी द्वारा दी गई जिम्मेदारियों को गंभीरता से निभाना जरूरी होगा। दोस्तों के साथ बिताया समय आपके तनाव को कम करेगा।

**वृश्चिक राशि**–आज का दिन मिला-जुला लेकिन प्रगति देने वाला रहेगा। विरोधियों पर आपकी पकड़ मजबूत रहेगी और नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को अच्छी खबर मिल सकती है। बिजनेस से जुड़ा कोई काम आपको यात्रा पर ले जा सकता है। गुस्से पर नियंत्रण रखना बेहद जरूरी होगा। किसी सामाजिक कार्यक्रम में प्रभावशाली लोगों से मुलाकात भविष्य में फायदा दिला सकती है।

**धनु राशि**–आज व्यापार और करियर दोनों के लिए अच्छा दिन रहेगा। सेहत में सुधार महसूस होगा, लेकिन धन उधार लेने से बचना बेहतर रहेगा। कार्यस्थल पर अपनी बात साफ-साफ रखें। घूमने-फिरने का प्लान बन सकता है और माता-पिता का आशीर्वाद आपके लिए शुभ रहेगा। पुरानी गलतियों से मिली सीख आज आपको सही फैसला लेने में मदद करेगी।

**मकर राशि**–आज सेहत के मामले में राहत मिलेगी और माता-पिता का आशीर्वाद आपके लिए सौभाग्य लेकर आएगा। रुके हुए काम पूरे होने की संभावना है। जिम्मेदारियों को टालने से बचें। संतान की भावनाओं को समझने की कोशिश करें, इससे रिश्ते मजबूत होंगे। पुराने कर्ज से छुटकारा मिलने के संकेत हैं। आसपास के लोगों की नीयत पहचानकर चलना जरूरी रहेगा।

**कुंभ राशि**–आज मेहनत का फल साफ नजर आएगा और आत्मविश्वास बढ़ेगा। साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी, जिससे बड़े फैसले लेने में आसानी होगी। नौकरी में पदोन्नति या नई जिम्मेदारी मिलने की संभावना है। पार्टनरशिप से जुड़े कामों में कागजी प्रक्रिया ध्यान से पूरी करें। नया घर या संपत्ति खरीदने का विचार भी मन में आ सकता है।

**मीन राशि**–आज का दिन सकारात्मक परिणाम देने वाला रहेगा। समझदारी से किया गया निवेश अच्छा फायदा दे सकता है। बिजनेस में सफलता के संकेत हैं और रुका हुआ धन वापस मिलने से राहत मिलेगी। प्रेम जीवन में नई खुशियां आएंगी और साथी का साथ मन को सुकून देगा। आपकी मीठी वाणी लोगों को आकर्षित करेगी, लेकिन विरोधियों से थोड़ा सतर्क रहना जरूरी होगा।

## सू- दोकू क्र.066

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू–दोकू क्र.065 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

## शब्द सामर्थ्य -066

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भूत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | 14 | | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 065 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

# व्यापार, एच -1बी वीजा, टैरिफ और रणनीतिक साझेदारी के नए समीकरण?

**किशन सनमुखदास भावनानी**



वैश्विक स्तरपर फ्रांस के एवियन-ले-बैंस में 52 वां शिखर सम्मेलन 15-17 जून को होने वाले जी-7 के दौरान भारत के प्रधानमंत्री और अमेरिका के राष्ट्रपति के बीच संभावित द्विपक्षीय बैठक की संभावना प्रबल मानी जा रही है। हालांकि दोनों देशों की ओर से अभी तक औपचारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन भारतीय और अंतरराष्ट्रीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार व्यापार, वीजा नीति, ऊर्जा सहयोग और सामरिक साझेदारी जैसे विषय इस मुलाकात के केंद्र में रह सकते हैं।भारत और अमेरिका के संबंध पिछले दो दशकों में निरंतर मजबूत हुए हैं, किंतु 2026 में यह रिश्ता एक नए मोड़ पर खड़ा दिखाई देता है। एक ओर दोनों देश रक्षा, प्रौद्योगिकी इंडो -पैसिफिक सुरक्षा और आपूर्ति श्रृंखला सहयोग को आगे बढ़ा रहे हैं,वहीं दूसरी ओर टैरिफ, व्यापार असंतुलन और आव्रजन नीतियों को लेकर मतभेद भी सामने आए हैं। ऐसे समय में यदि मोदी और ट्रम्प की मुलाकात होती है तो यह केवल एक औपचारिक कूटनीतिक बैठक नहीं होगी, बल्कि आने वाले वर्षों के भारत-अमेरिका संबंधों की दिशा निर्धारित करने वाली वार्ता भी साबित हो सकती है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं क्रि वर्तमान परिस्थितियों में सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा भारत - अमेरिका व्यापार समझौता है। दोनों देशों के बीच पिछले लगभग डेढ़ वर्ष से व्यापक व्यापार वार्ताएं चल रही हैं और भारतीय वाणिज्य मंत्रालय ने संकेत दिया है कि जुलाई 2026 तक द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण को अंतिम रूप दिया जा सकता है। भारत का लक्ष्य अमेरिकी बाजार में अपने उत्पादों के लिए अधिक अनुकूल और प्रतिस्पर्धी शुल्क दरें प्राप्त करना है, जबकि अमेरिका चाहता है कि भारतीय बाजार में अमेरिकी वस्तुओं और सेवाओं के लिए सटीकता से अधिक पहुंच उपलब्ध हो।

साथियों, भारत अमेरिका व्यापार के क्षेत्र में सबसे बड़ी चुनौती अमेरिकी टैरिफ नीति है। हाल ही में अमेरिका ने भारत सहित कई देशों के आयात पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत से 12.5 प्रतिशत तक शुल्क लगाने का प्रस्ताव रखा है। अमेरिकी प्रशासन का तर्क है कि यह कदम श्रम मानकों और व्यापारिक असंतुलन से जुड़े मुद्दों के कारण आवश्यक है,जबकि भारत ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि वार्ता के माध्यम से समाधान निकाला जाना चाहिए। यदि जी-7 सम्मेलन के दौरान मोदी और ट्रम्प के बीच सकारात्मक चर्चा होती है तो इन प्रस्तावित टैरिफों में राहत मिलने की संभावना बन सकती है।भारत के लिए यह मुद्दा इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि अमेरिका उसका सबसे बड़ा निर्यात बाजार है। वस्त्र, औषधि, इंजीनियरिंग उत्पाद, रसायन और सूचना प्रौद्योगिकी सेवाओं के क्षेत्र में भारतीय कंपनियां अमेरिकी बाजार पर काफी निर्भर हैं। अतिरिक्त शुल्क लागू होने की स्थिति में भारतीय निर्यातकों की प्रतिस्पर्धात्मकता प्रभावित हो सकती है। इसलिए नई दिल्ली की प्राथमिकता यह होगी कि किसी भी संभावित व्यापार समझौते में भारतीय उद्योगों के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जाए।

साथियों, दूसरा महत्वपूर्ण मुद्दा एच -1बी वीजा है, अमेरिका में काम करने वाले लाखों भारतीय पेशेवरों और आईटी उद्योग के लिए यह विषय अत्यंत संवेदनशील है। ट्रम्प प्रशासन द्वारा वीजा नियमों को सख्त करने के संकेतों ने भारतीय आईटी कंपनियों और तकनीकी विशेषज्ञों के बीच चिंता पैदा की है। रिपोर्टों के अनुसार प्रधानमंत्री इस विषय को सीधे अमेरिकी राष्ट्रपति के समक्ष उठा सकते हैं। भारतीय पक्ष का तर्क है कि भारतीय पेशेवर अमेरिकी अर्थव्यवस्था, नवाचार और तकनीकी विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं,इसलिए एच -1बी वीजा व्यवस्था को अत्यधिक प्रतिबंधात्मक बनाना दोनों देशों के हित में नहीं होगा। एच - 1बी केवल रोजगार का विषय नहीं है बल्कि यह भारत- अमेरिका तकनीकी संबंधों की आधारशिला भी है। अमेरिका की प्रमुख तकनीकी कंपनियों में हजारों भारतीय इंजीनियर और विशेषज्ञ कार्यरत हैं। कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्लाउड कंप्यूटिंग, साइबर सुरक्षा और सेमी कंडक्टर जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों का सहयोग लगातार बढ़ रहा है। ऐसे में वीजा व्यवस्था में स्थिरता बनाए रखना रणनीतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है।

साथियों, ऊर्जा सहयोग भी संभावित वार्ता का प्रमुख विषय माना जा रहा है। अमेरिका पहले ही भारत के लिए तेल और गैस का एक महत्वपूर्ण स्रोत बन चुका हैरिपोर्टों के अनुसार दोनों नेता ऊर्जा आपूर्ति, वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा तथा संभावित रूप से वेनेजुएला से जुड़े ऊर्जा सहयोग के अवसरों पर भी चर्चा कर सकते हैं। ऐसे समय में जब वैश्विक ऊर्जा बाजार भू- राजनीतिक तनावों से प्रभावित हैं, भारत अपने ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाने की रणनीति पर काम कर रहा है।रणनीतिक दृष्टि से देखा जाए तो इंडो- पैसिफिक क्षेत्र में सहयोग भी इस मुलाकात का एक महत्वपूर्ण पहलू हो सकता है। चीन के बढ़ते प्रभाव, समुद्री सुरक्षा, महत्वपूर्ण खनिजों की आपूर्ति और उभरती प्रौद्योगिकियों में प्रतिस्पर्धा ने भारत और अमेरिका को एक-दूसरे के और निकट लाया है। ट्रम्प प्रशासन भी चीन पर निर्भरता कम करने और वैकल्पिक आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करने की नीति पर जोर देता रहा है। इस संदर्भ में भारत एक स्वाभाविक साझेदार के रूप में सटीकता से उभरता है।

साथियों, हालांकि संबंधों में कुछ राजनीतिक संवेदन शीलताएं भी मौजूद हैं। ट्रम्प द्वारा अतीत में भारत- पाकिस्तान तनाव को लेकर किए गए कुछ दावों को भारत ने सार्वजनिक रूप से स्वीकार नहीं किया था। इसके अतिरिक्त व्यापारिक विवादों और शुल्क संबंधी मतभेदों ने भी दोनों देशों के बीच असहजता पैदा की थी। फिर भी हाल के महीनों में उच्चस्तरीय संपर्कों और कूटनीतिक संवाद ने वातावरण को काफी हद तक सकारात्मक बनाया है। अमेरिकी विदेश मंत्री की भारत यात्रा और दोनों देशों के अधिकारियों के बीच लगातार वार्ताओं ने यह संकेत दिया है कि दोनों पक्ष मतभेदों को बातचीत के माध्यम से सुलझाने के इच्छुक हैं।व्यक्तिगत स्तर पर मोदी और ट्रम्प के संबंध भी चर्चा का विषय रहे हैं। दोनों नेताओं ने अपने पिछले कार्यकालों में कई बार सार्वजनिक रूप से एक-दूसरे की सराहना की है। ट्रम्प ने हाल ही में भी मोदी को अपना ''अच्छा मित्र'' बताया और भारत के साथ व्यापार समझौते को लेकर आशावाद व्यक्त किया। अंतरराष्ट्रीय राजनीति में व्यक्तिगत समीकरण हमेशा निर्णायक नहीं होते, लेकिन वे कठिन वार्ताओं को आसान बनाने में सहायक अवश्य होते हैं।

साथियों, यदि यह बैठक सफल रहती है तो इसके परिणाम कई स्तरों पर दिखाई दे सकते हैं। पहला, व्यापार समझौते के पहले चरण को अंतिम रूप देने की दिशा में गति मिल सकती है। दूसरा, भारतीय पेशेवरों से जुड़े वीजा मुद्दों पर कुछ सकारात्मक संकेत सामने आ सकते हैं। तीसरा, ऊर्जा और प्रौद्योगिकी सहयोग को नई दिशा मिल सकती है। चौथा, हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सामरिक साझेदारी और अधिक मजबूत हो सकती है। इसके विपरीत यदि टैरिफ और व्यापारिक विवादों पर सहमति नहीं बनती तो संबंधों में तनाव की संभावनाएं भी बनी रह सकती हैं। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे क्रि जी-7 शिखर सम्मेलन 2026 केवल वैश्विक आर्थिक और राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा का मंच नहीं है,बल्कि भारत और अमेरिका के लिए अपने द्विपक्षीय संबंधों को पुनर्परिभाषित करने का भी अवसर है। मोदी-ट्रम्प संभावित मुलाकात से यह स्पष्ट हो सकता है कि आने वाले वर्षों में दोनों देशसहयोग प्रतिस्पर्धा और रणनीतिक साझेदारी के बीच किस प्रकार संतुलन स्थापित करेंगे। वर्तमान संकेत बताते हैं कि दोनों पक्ष मतभेदों के बावजूद संवाद और सहयोग की राह पर आगे बढ़ना चाहते हैं। इसलिए यह मुलाकात केवल दो नेताओं की भेंट नहीं, बल्कि 21वीं सदी की सबसे महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक साझेदारियों में से एक के भविष्य का संकेतक भी हो सकती है।

**एक नजर**

## जनप्रतिनिधियों ने नए शिक्षा सत्र खुलने से पूर्व अधिकारियों की ली बैठक



**गीदम,11 जून (तछसं.)।** जनपद गीदम के एजुकेशन सिटी जावगा में बुधवार 10 जून को शिक्षकों के साथ जनप्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में निम्न बिंदुओं पर चर्चा हुई । इस विषय पर चर्चा की गई कि शिक्षक स्कूल छोड़कर ना जाए बच्चों के साथ व्यवहार अच्छा रखे । बच्चों के पढ़ाई पर ध्यान दिया जाए जो बच्चा स्कूल नहीं आ रहा है उसे स्कूल बुलाया जाए माता-पिता को भी बुला कर समझाया जाय ऐसे विषयों पर चर्चा किया गया। जिन स्कूलों में शिक्षक की कमी है उस स्कूल में अतिथि शिक्षक की व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन को सूचना दिया जाएगा बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ संस्कृति कार्यक्रम बेसिक नॉलेज खेलकूद सारी चीजों को ध्यान में रखने के साथ ही शाला प्रवेश उत्सव भी अच्छे से मनाया जाएगा इस पर सहमति बनी। उक्त चर्चा एवं बैठक में जनपद उपाध्यक्ष एवं सभापति दिनेश कौशल जनपद सदस्य एवं शिक्षा समिति के सदस्य पवन कर्मा खंड शिक्षा अधिकारी/बी आर सी, समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

## मेकॉज में महिला ने 5.09 किलोग्राम वजनी बच्चे को दिया जन्म



**जगदलपुर,11 जून (तछसं.)।** बस्तर जिले के मेडिकल कॉलेज डिमरापाल (मेकॉज) में बीती रात ओडिशा से आई एक गर्भवती महिला का सिजेरियन ऑपरेशन किया गया। महिला ने 5.09 किलोग्राम वजनी बच्चे को जन्म दिया है। बच्चे को 24 घंटे के ऑब्जर्वेशन के लिए एनआईसीयू में रखा गया है, 5 किलो से अधिक वजन वाले बच्चे के जन्म की जानकारी मिलते ही डॉक्टरों और स्टाफ की टीम उसे देखने पहुंची। महिला की मेडिकल हिस्ट्री भी खंगाली जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार ओडिशा के भन्सुली गांव निवासी 25 वर्षीय बांसुडी, पति सौदा प्रसव पीड़ा से परेशान थी। परिजन उन्हें नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। महिला की हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने बेहतर उपचार के लिए उन्हें मेडिकल कॉलेज डिमरापाल रेफर कर दिया। दोपहर करीब तीन बजे महिला को मेकॉज में भर्ती किया गया, जहां उपचार शुरू किया गया। रात में दर्द बढ़ने पर महिला का सिजेरियन ऑपरेशन किया गया। इस दौरान उन्होंने 5.09 किलोग्राम वजनी पुत्र को जन्म दिया। महिला को वार्ड में भर्ती किया गया है, जबकि बच्चे को ब निगरानी और जांच के लिए एनआईसीयू में रखा गया है। डॉक्टरों ने बताया कि जन्म के समय बच्चा पूरी तरह स्वस्थ था। हालांकि शुगर स्तर समेत अन्य स्वास्थ्य मानकों की निगरानी के लिए उसे 24 घंटे ऑब्जर्वेशन में रखा गया है। चिकित्सकों के अनुसार, मां को किसी प्रकार की गंभीर बीमारी नहीं है, फिर भी एहतियातन जांच की जा रही है। मेकॉज में पहली बार 5 किलोग्राम से अधिक वजन वाले बच्चे के जन्म का मामला सामने आया है। फिलहाल यह बच्चा अस्पताल में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## कांकेर में रसोई गैस रिसाव से लगी आग, पुलिस कर्मी व कर्मचारी झुलसे

**कांकेर,11 जून (तछसं.)।** जिले के पखांजूर में एक पुलिस कर्मी के घर में बीती मंगलवार की रात में रसोई गैस के रिसाव होने से आग लग गई। इस घटना में गैस लीक ठीक कर रहा कर्मचारी और पुलिस जवान दोनों झुलस गए। आस-पास के लोगों ने घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है। आग लगने से घर का काफी सामान जल गया। पड़ोसियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक घर का अधिकतर सामान जल चुका था।मिली जानकारी के अनुसार पुलिस कर्मी सरोज मंडावी के घर में रखे रसोई गैस सिलिंडर से रिसाव हो रहा था। सरोज ने इसकी सूचना गैस एजेंसी को दी थी। एजेंसी ने मामले की गंभीरता को देखते हुए एक कर्मचारी को जांच के लिए भेजा। जब कर्मचारी गैस रिसाव को ठीक कर रहा था, तभी अचानक आग भड़क उठी। आग की चपेट में आकर कर्मचारी और पुलिस कर्मी बुरी तरह झुलस गए। घायलों की चीख-पुकार सुनकर पड़ोसी मौके पर पहुंचे। उन्होंने दोनों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया। स्थानीय पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। आग लगने के सटीक कारणों का पता लगाया जा रहा है। पुलिस यह भी देख रही है कि घटना में किसी की लापरवाही तो नहीं थी।

# मोदी सरकार के 12 साल बेमिसाल अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 11 जून।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा जिला मुख्यालय के अटल सदन में अनुसूचित जनजाति मोर्चा छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह एवं छत्तीसगढ़ आदिवासी स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधीय पादप बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम का बीजापुर में प्रथम आगमन हुआ। बीजापुर प्रवास पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा जोशीला स्वागत किया गया। पारंपरिक जनजातीय नृत्य, ढोल-नगाड़ों, पुष्पमालाओं एवं आत्मीय स्वागत के साथ दोनों नेताओं का अभिनंदन किया गया। उल्लेखनीय है कि भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा की जिलास्तरीय बैठकों में दोनों नेता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। मोदी सरकार के 12 साल बेमिसाल अभियान को जन-जन तक पहुंचाने हेतु कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया गया। प्रदेश अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह ने कहा केंद्र एवं राज्य शासन की महत्वकांक्षी योजनाओं को जमीनी स्तर पर अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प लेने हेतु प्रोत्साहन किया गया। पादप बोर्ड अध्यक्ष विकास मरकाम ने भाजपा संगठन की मजबूत करने व समाज के उत्थान में सहयोग देने की बात कही गई। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार पर जोर दिया।इस दौरान पूर्व सांसद बस्तर दिनेश कश्यप, प्रदेश उपाध्यक्ष बैदू राम कश्यप, लच्छू कश्यप पूर्व विधायक, श्रीनिवास मुदलियार भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, विजय बहादुर जगत प्रदेश महामंत्री, जिलाराम राणा प्रदेश मंत्री, आशू पोड़ेटी राजमन कोरम, नंदिनी नेताम, एसटी मोर्चा सोशल मीडिया प्रदेश प्रभारी अरविन्द पुजारी, संदीप तेलम बीजापुर जिला अध्यक्ष, वेदप्रकाश पांडे बस्तर जिलाध्यक्ष समेत पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य, जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य पार्षदगण मोर्चा के जिला पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### लौहनगरी बचेली-बैलाडीला में डीजल-पेट्रोल संकट गहराया, पेट्रोल पंपों में लंबी कतारें, कई वाहन लौटे खाली

# लौहनगरी बचेली-बैलाडीला में पेट्रोल-डीजल की किल्लत से ट्रक मालिकों में हाहाकार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बचेली, 11 जून।** दंतेवाड़ा जिले की लौहनगरी बचेली-बैलाडीला क्षेत्र में बुधवार दिनांक 10 एवं 11 जून को पेट्रोल और डीजल की भारी किल्लत देखने को मिली। सुबह से ही पेट्रोल पंपों पर वाहनों की लंबी कतारें लगी रहीं, जबकि कई उपभोक्ताओं को घंटों इंतजार के बाद भी ईंधन नहीं मिल पाया। अचानक उत्पन्न हुए इस संकट ने आम लोगों से लेकर लौह अयस्क परिवहन से जुड़े ट्रक मालिकों तक की चिंता बढ़ा दी है।

खनन और परिवहन गतिविधियों पर निर्भर इस औद्योगिक क्षेत्र में डीजल की कमी ने सीधे तौर पर ट्रांसपोर्ट व्यवस्था को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। बैलाडीला की खदानों से लौह अयस्क परिवहन करने वाले सैकड़ों ट्रकों के पहिए थमने की स्थिति में पहुंच गए हैं।

### ट्रक मालिकों पर दोहरी मार, किस्त और खर्च का बढ़ा दबाव

स्थानीय ट्रक मालिकों का कहना है कि एक ओर डीजल नहीं मिल रहा, दूसरी ओर फाइनेंस कंपनियों की किस्त, ड्राइवरों की मजदूरी और वाहन खर्च लगातार बढ़ते जा रहे हैं। कई ट्रक मालिकों ने आशंका जताई कि यदि जल्द स्थिति सामान्य नहीं हुई तो उनके वाहन खड़े हो जाएंगे और आर्थिक संकट गहरा सकता है। ट्रांसपोर्ट कारोबार से जुड़े लोगों के अनुसार, ÷हर दिन ट्रक खड़े रहने का मतलब हजारों रुपये का नुकसान है। बैंक और फाइनेंस कंपनियां किस्त के लिए दबाव बना रही हैं, लेकिन डीजल नहीं मिलने से गाड़ियां चलाना





मुश्किल हो गया है।

### आपदा को अवसर बनाने के आरोप

इस पूरे मामले में पेट्रोल पंप संचालकों पर गंभीर आरोप भी सामने आए हैं। स्थानीय ट्रक मालिकों और उपभोक्ताओं का आरोप है कि आम लोगों को डीजल-पेट्रोल की कमी बताई जा रही है, जबकि बड़े ठेकेदारों और बाहरी कंपनियों को ड्रम, जरकिन और टैंकरों के माध्यम से हजारों लीटर डीजल सप्लाई किया जा रहा है।आरोप यह भी है कि कथित रूप से प्रति लीटर 5 से 7 रुपये तक अतिरिक्त राशि लेकर डीजल दिया जा रहा है। इससे स्थानीय परिवहन व्यवसायियों में भारी नाराजगी है। उनका कहना है कि जब आम उपभोक्ता घंटों लाइन में खड़ा है, तब कंपनियों को ÷विशेष सुविधा÷ देना सवाल खड़े करता है। प्रशासन का आदेश है कहकर दिया जा रहा जवाब विरोध करने पहुंचे स्थानीय ट्रक मालिकों का आरोप है कि पेट्रोल पंप संचालकों द्वारा कहा जा रहा है कि बड़ी कंपनियों और ठेकेदारों के पास जिला प्रशासन के लिखित आदेश हैं, इसलिए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर डीजल उपलब्ध कराया जा रहा है।हालांकि इस संबंध में अब तक जिला प्रशासन की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। यदि वास्तव में किसी विशेष अनुमति के तहत बड़े पैमाने पर डीजल सप्लाई की जा रही है, तो यह भी सवाल उठ रहा है कि स्थानीय जरूरतों की अनदेखी क्यों की जा रही है।

### प्रशासनिक चुप्पी पर उठ रहे सवाल

क्षेत्र में लगातार बढ़ रही परेशानी के बावजूद प्रशासन की चुप्पी लोगों को खटक रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि यदि समय रहते आपूर्ति व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई तो आने वाले दिनों में हालात और गंभीर हो सकते हैं।

विशेषज्ञों का मानना है कि बैलाडीला जैसे औद्योगिक क्षेत्र में ईंधन संकट केवल परिवहन का मामला नहीं, बल्कि खनन, व्यापार और स्थानीय अर्थव्यवस्था से जुड़ा गंभीर मुद्दा है। ऐसे में पारदर्शिता और समान वितरण सुनिश्चित करना प्रशासन की बड़ी जिम्मेदारी बनती है।

पेट्रोल-डीजल आपूर्ति की वास्तविक स्थिति सार्वजनिक की जाएकंपनियों और ठेकेदारों को दी जा रही विशेष सप्लाई की जांच हो स्थानीय ट्रक मालिकों और आम उपभोक्ताओं को प्राथमिकता मिले अतिरिक्त दर पर डीजल बिक्री के आरोपों की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई हो जिला प्रशासन तत्काल स्थिति स्पष्ट करे सवाल जो उठ रहे हैं क्या सचमुच बड़े ठेकेदारों को प्रशासनिक अनुमति पर विशेष सप्लाई दी जा रही है?

यदि डीजल की कमी है तो हजारों लीटर पार्सल कैसे हो रहा है?

### स्थानीय ट्रांसपोर्टरों की अनदेखी क्यों?

क्या ईंधन संकट की आड़ में कालाबाजारी चल रही है? लौहनगरी बचेली-बैलाडीला में खड़ा यह ईंधन संकट अब केवल सप्लाई का मुद्दा नहीं रह गया, बल्कि यह प्रशासनिक पारदर्शिता, औद्योगिक दबाव और स्थानीय हितों के टकराव का बड़ा सवाल बनता जा रहा है।

## नगरपालिका में 12 जून से स्वनिधि महोत्सव एवं लोक कल्याण मेला का आयोजन

**कांकेर, 11 जून।** प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना के छह वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 01 से 30 जून तक देशभर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में नगर पालिका परिषद कांकेर द्वारा शहरी पथ विक्रेताओं, गरीबों एवं असंगठित श्रमिकों के लिए स्वनिधि महोत्सव एवं लोक कल्याण मेला आयोजित किया जाएगा।

नगरपालिका कांकेर के सीएमओ श्री पवन कुमार मेरिया ने बताया कि अभियान का उद्देश्य पथ विक्रेताओं को वित्तीय समावेश, डिजिटल सशक्तिकरण तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना है। योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को बिना गारंटी के प्रथम चरण में 15 हजार रुपये, द्वितीय चरण में 25 हजार रुपये तथा तृतीय चरण में 50 हजार रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा तथा समय पर ऋण चुकाने पर ब्याज सब्सिडी का लाभ भी मिलेगा। उन्होंने बताया कि स्वनिधि महोत्सव का आयोजन 12 जून को पुराना कम्युनिटी हॉल कांकेर में प्रातः 10.30 बजे से किया जाएगा। इसके अलावा लोक कल्याण मेला शिविरों का आयोजन 16 जून को न्यू कम्युनिटी हॉल, 19 जून को नगरपालिका परिषद के सभाकक्ष तथा 23 जून को पुराना कम्युनिटी हॉल कांकेर में किया जाएगा।

# बस्तर की महिला फुटबॉल टीम छग. महिला फुटबॉल लीग की बनी विजेता, राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए क्वालिफाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 11 जून ।** बस्तर की प्रतिभावान महिला फुटबॉल खिलाड़ियो ने एक बार फिर अपना लोहा मनवाते हुए पूरे बस्तर सहित पूरे छत्तीसगढ़ को गौरवान्वित किया है। माता रुक्मणी महिला फुटबॉल क्लब (एमआरएफसी) डिमरापाल बस्तर की युवा महिला टीम ने छत्तीसगढ़ महिला फुटबॉल लीग के वर्तमान संस्करण के खिताब पर एक तरफा कब्जा जमा लिया है। इस खिताबी जीत के साथ ही बस्तर की महिला फुटबॉल खिलाड़ियों ने ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन (ढ्ढस्नस्न) द्वारा आयोजित होने वाली प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर की इंडियन विमेंस फुटबॉल लीग-टू (ढ्ढङ्खस्रुरु2) के लिए क्वालीफाई कर लिया है, जहां वे अब बस्तर की महिला फुटबॉल खिलाड़ी छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करेंगी।



वर्ष 2020 में छत्तीसगढ़ महिला फुटबॉल लीग की विधिवत शुरुआत होने के बाद से अब तक कुल छह सीजन आयोजित किए जा चुके हैं, जिनमें से रिकॉर्ड चौथी बार माता रुक्मणी महिला फुटबॉल क्लब (एमआरएफसी) डिमरापाल बस्तर की टीम चैंपियन बनी है। इस वर्ष 10 मई से राज्य के तीन प्रमुख शहरों- भिलाई, रायपुर और नारायणपुर के मैदानों में खेली गई प्रतियोगिता में प्रदेश की टॉप छह महिला फुटबॉल टीमों ने हिस्सा लिया था। लीग में सभी प्रतिभागी टीमों को एक-दूसरे के खिलाफ डबल राउंड-रॉबिन के तहत दो-दो मैच खेलने थे। एमआरएफसी की टीम ने लीग स्टेज में अपने हिस्से के सभी 10 मैच खेल लिए हैं और अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उन्होंने सभी मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की है। टीम ने अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर रहते हुए उप-विजेता टीम एमजीएम एम्बुश भिलाई पर निर्णायक बढ़त बनाकर ट्रॉफी अपने नाम कर ली। बस्तर में महिला फुटबॉल की नर्सरी के रूप में विख्यात एमआरएफसी क्लब की नींव समाजसेवी और पद्मश्री धर्मपाल सैनी ने वर्ष 2004-2005 में रखी थी।खिलाड़ियों की औसत आयु 15 वर्ष है। ज्योति नाग और नवीना मौर्य जैसी आधा दर्जन खिलाड़ी तो 14 साल से भी कम उम्र की हैं। वहीं रीत कश्यप, लक्ष्मी मंडावी, पिंकी कश्यप, मुस्कान सलाम और रीपिका कोर्राम जैसी सीनियर खिलाड़ियों का अनुभव टीम की मुख्य ताकत बना। पूरे प्रतियोगिता के 10 मैचों में माता रुक्मणी महिला फुटबॉल क्लब (एमआरएफसी) डिमरापाल बस्तर की टीम ने विरोधी टीमों के खिलाफ कुल 47 गोल दागे, जबकि उनके मजबूत डिफेंस के आगे विपक्षी टीमें पूरे टूर्नामेंट में केवल 5 गोल ही

# कांग्रेस पार्षदों ने तालाब निर्माण में अनियमितता पर जताई चिंता



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर,11 जून।** शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षदों एवं पार्टी पदाधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने पंडरी तरई तालाब के चल रहे निर्माण एवं गहरीकरण कार्यों का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता तथा सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया।

निरीक्षण के पश्चात शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा कि पंडरी तरई तालाब का गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य जनहित से जुड़ा महत्वपूर्ण कार्य है, लेकिन मौके पर देखने से स्पष्ट हुआ कि तालाब के गहरीकरण का कार्य अपेक्षित स्तर पर नहीं किया गया है। निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर भी कई गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि कार्यों में निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया गया तो इसका सीधा असर तालाब की जल संग्रहण क्षमता एवं दीर्घकालिक उपयोगिता पर पड़ेगा।शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य ने कहा कि क्षेत्र के नागरिकों की ओर से भी लगातार निर्माण कार्य में अनियमितताओं एवं गुणवत्ता संबंधी शिकायतें प्राप्त हो रही थीं, जिसके मद्देनजर आज कांग्रेस पार्षदों के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति का अवलोकन किया गया।निरीक्षण के दौरान कई स्थानों पर कार्य अधूरा पाया गया तथा निर्माण की गुणवत्ता को लेकर संतोषजनक स्थिति नजर नहीं आई। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने संबंधित विभाग एवं निर्माण एजेंसी से मांग की कि बरसात का मौसम निकट होने के कारण कार्य को शीघ्र पूर्ण किया जाए तथा निर्माण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए तकनीकी मानकों के अनुरूप कार्य कराया जाए।किसी भी प्रकार की लापरवाही या गुणवत्ता से समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा,क्योंकि यह परियोजना आम जनता के हितों से जुड़ी हुई है।उपनेता प्रतिपक्ष कोमल सेना व पार्षदों ने यह भी कहा कि तालाब मुख्य सड़क से सटा हुआ है ।

# अबूझमाड़ के पदमकोट में बाहरी लोगों का प्रवेश प्रतिबंधित था, अब हाट-बाजार लग रहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नारायणपुर, 11 जून।** जिले में नक्सलवाद के खात्मे से पहले अबूझमाड़ के कई गांवों में रहने वाले लोगों के लिए बाजार जाना किसी सामान्य काम की तरह नहीं, बल्कि एक अभियान की तरह होता था। अलग-अलग गांवों के ग्रामीण तय दिन पर इकट्ठा होते थे। लगभग हर परिवार से एक सदस्य सुबह 5-6 बजे निकलता था। घंटों पैदल चलने के बाद महाराष्ट्र पहुंचते, जरूरत का सामान खरीदते और फिर रात 9-10 बजे तक घर लौटते थे। बरसात के दिनों में यह सफर और भी कठिन हो जाता था। कई बार नदी-नाले उफान पर होते थे और जंगलों में रात बितानी पड़ती थी। नमक, तेल और राशन जैसी सामान्य चीजें भी यहां के लोगों के लिए संघर्ष का प्रतीक थीं। अब बदली हुई परिस्थितियों में पदमकोट में लगने वाले हाट बाजार में किराना, सब्जियां, कपड़े, घरेलू उपयोग का सामान और खेती-किसानी से जुड़ी जरूरतें उपलब्ध हैं। बाजार लगने के दिन आस-पास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अब उन्हें एक दिन का समय और लंबा सफर तय नहीं करना पड़ता। गांव के पास ही सामान मिलने से समय, पैसा और मेहनत तीनों की बचत हो रही है।इस बदलाव के पीछे सुरक्षा बलों की लगातार मौजूदगी और अभियानों की बड़ी भूमिका रही है। पदमकोट और आसपास के क्षेत्रों में हर 4 से 5 किलोमीटर के दायरे में सुरक्षा कैंप स्थापित किए गए। सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होने के बाद सड़क निर्माण शुरू हुआ और धीरे-धीरे विकास कार्यों का रास्ता खुला। हालांकि कई सड़कों का निर्माण अभी भी जारी है, लेकिन अब हालात इतने बदल चुके हैं कि व्यापारी मालवाहक वाहनों से सीधे पद्मकोट तक पहुंच रहे हैं। व्यापारियों का कहना है कि पहले इस इलाके में आने का मतलब जोखिम उठाना था। नक्सलियों का डर था, ढ्ढश्वष्ठ का खतरा था और यह संदेश भी था कि बाहरी लोगों की यहां जरूरत नहीं है। लेकिन अब सुरक्षा और सड़क दोनों मिलने से स्थिति बदल गई है। व्यापारियों के मुताबिक, पदमकोट, नेलांगुर और आस-पास के गांवों में अच्छी मांग है। आने वाले समय में यहां व्यापारिक गतिविधियां और बढ़ेंगी, जिससे स्थानीय लोगों को भी रोजगार और सुविधाएं मिलेंगी। ग्रामीणों का कहना है कि पहले महाराष्ट्र या कुतुल बाजार जाना मजबूरी थी। एक दिन का पूरा समय खर्च हो जाता था। कई बार मौसम खराब होने या रास्ते की परेशानी के कारण जरूरी सामान भी नहीं मिल पाता था। अब गांव के पास बाजार लगने से जीवन आसान हो गया है।

# प्रधानमंत्री मोदी का 4399 दिन का कार्यकाल नया मील का पत्थर बना : अटामी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**■ निर्वाचित प्रधानमंत्री के तौर पर सबसे लंबे कार्यकाल का बनाया रिकॉर्ड**

**दंतेवाड़ा,11 जून।** विधायक चैतराम अटामी ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के निर्वाचित प्रधानमंत्री के तौर पर लगातार 12 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर बधाई देते कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विश्वास, विकास व वैश्विक नेतृत्व के 12 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। मोदी जी देश के सबसे लंबे समय तक लगातार निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में एक नया कीर्तिमान स्थापित कर रहे हैं। यह केवल एक राजनीतिक उपलब्धि नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के विश्वास, आशाओं और आकांक्षाओं की विजय है।

1984 में जब भाजपा केवल दो सीटों पर सिमट गई, तब विरोधियों ने उपहास किया, लेकिन हम कार्यकर्ताओं का विश्वास अडिग था। हमें भरोसा था कि यह संघर्ष एक दिन राष्ट्रव्यापी जनआंदोलन बनेगा और फिर वर्ष 2014 में श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में 282 सीटों के ऐतिहासिक



जनादेश ने उस विश्वास को साकार कर दिया। 26 मई 2014 को जब श्री मोदी जी ने प्रधानमंत्री पद की शपथ ली, तब स्पष्ट हो गया था कि यह केवल सरकार का नहीं, बल्कि राष्ट्र के विचार का परिवर्तन है। यह राजनीति को सत्ता से सेवा की ओर ले जाने का संकल्प था। एक साधारण परिवार से निकलकर देश के सर्वोच्च लोकतांत्रिक पद तक पहुँचे मोदी जी आज भी गांव, गरीब, किसान और वंचित वर्ग की पीड़ा को उसी संवेदनशीलता से समझते हैं। यही कारण है कि वे केवल एक राजनीतिक नेता नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों की आशा के प्रतीक बन चुके हैं। पिछले 12 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में विकास का लाभ सीधे अंतिम व्यक्ति तक पहुँचा है। आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से देश के 60 करोड़परिवारों को 5 लाख तक की स्वास्थ्य सुरक्षा मिली है, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 4 करोड़ से अधिक परिवारों को पक्के घर प्राप्त हुए हैं और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के जरिए 9.32 करोड़ से अधिक किसानों के खातों में 4 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि सीधे पहुँची है। वर्ष 2014 में जब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने देश की बागडोर संभाली, तब भारत विश्व की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था था। आज, मात्र एक दशक के भीतर, भारत जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है। यह परिवर्तन किसी संयोग का परिणाम नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व, साहसिक आर्थिक सुधारों और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने वाली नीतियों का प्रतिफल है। आज भारत लगभग 4 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के रूप में विश्व मंच पर आत्मविश्वास के साथ खड़ा है और तेजी से 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। वैश्विक आर्थिक चुनौतियों और अनिश्चितताओं के बीच भी भारत दुनिया की सबसे तेज गति से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में बना हुआ है। यह केवल विकास दर का विषय नहीं, बल्कि विश्व समुदाय द्वारा भारत और उसके नेतृत्व पर व्यक्त किए जा रहे बढ़ते विश्वास का प्रमाण है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने भारत के विकास को केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उसे हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत से भी जोड़ा है। अयोध्या में भव्य श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का निर्माण, काशी विश्वनाथ धाम का पुनर्विकास, उज्जैन में महाकाल लोक का सृजन और चारधाम परियोजना जैसे कार्य केवल अधोसंरचना विकास नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना के पुनर्जागरण के प्रतीक हैं। वर्ष 2014 से पहले जब देश पर आतंकवादी हमले होते थे, तब देशवासी केंद्र सरकार की ओर उम्मीद भरी निगाहों से देखते थे, लेकिन अक्सर उन्हें निराशा ही हाथ लगती थी। आतंकवाद के खिलाफ भारत का रुख सीमित प्रतिक्रियाओं तक ही दिखाई देता था लेकिन 2014 के बाद यह तस्वीर बदली तो इसका कारण सिर्फ मोदी जी की नीतियां हैं। कश्मीर को धारा 370 के जाल से निकालकर भारतीय संविधान की मर्यादा में शामिल करने का ऐतिहासिक निर्णय श्री मोदी जी द्वारा असंभव को संभव करने का एक अद्भुत उदाहरण है। इसके साथ ही सर्जिकल स्ट्राइक, बालाकोट एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिन्दूर से आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक नीति ने दुनिया को यह संदेश दिया कि नया भारत अपनी सुरक्षा से कोई समझौता नहीं करेगा। वहीं दशकों से भारत माता की पीड़ा बने नक्सलवाद को समूल नाश करने के लिए श्री मोदी जी के प्रभावी अभियानों ने नक्सल मुक्त भारतके लक्ष्य को न सिर्फ साकार किया है बल्कि कभी नक्सल प्रभावित रहे क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम भी किया है। प्रधानमंत्री मोदी जी ने न केवल देश की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है, बल्कि वे देश के पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने सैनिकों के त्याग और समर्पण का सम्मान करते हुए सीमा पर जवानों के साथ दीपावली मनाकर यह संदेश दिया है कि देश की सुरक्षा में जुटा प्रत्येक जवान केवल सीमा का प्रहरी नहीं, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों के विश्वास और सम्मान का प्रतीक है। श्री मोदी जी ने अपने वादों को पूरा करते हुए देश का विश्वास जीता है, इसलिए पिछले एक दशक में भाजपा का संगठनात्मक विस्तार अभूतपूर्व रहा है। आज देश के 22 राज्यों में भाजपा एवं उसके सहयोगी दलों की सरकारें हैं, 1700 से अधिक विधायक, लोकसभा में 240 सांसद और राज्यसभा में 113 सांसद करोड़ों देशवासियों के उस विश्वास का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व और भाजपा की विकासोन्मुखी राजनीति के प्रति निरंतर मजबूत हुआ है। वास्तव में राजनीतिक सफलता का यह विस्तार प्रधानमंत्री मोदी जी के प्रति जनता के बढ़ते विश्वास का ही प्रतिबिंब है। यही विश्वास उन्हें आज भारतीय लोकतंत्र के इतिहास में एक विशिष्ट स्थान प्रदान करता है। 10 जून 2026 को प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी अपने लगातार निर्वाचित कार्यकाल के 4399 दिन पूर्ण कर देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के 4398 दिनों के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ चुके हैं। यह उपलब्धि केवल किसी व्यक्ति या दल की विजय नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक भारत में जनता द्वारा बार-बार व्यक्त किए गए विश्वास की ऐतिहासिक अभिव्यक्ति है।

## ग्रामीणों में दिखा उत्साह, समस्याओं के समाधान और योजनाओं के लाभ के लिए उमड़ी भीड़

# जिले के अंतिम छोर तक पहुंचा सुशासन, कापू में लगा जनसमस्या निवारण शिविर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 11 जून।** पहाड़ों और घने जंगलों से घिरे धरमजयगढ़ विकासखंड के दूरस्थ कापू में बुधवार को सुशासन की सशक्त तस्वीर देखने को मिली। जिले के अंतिम छोर पर बसे इस क्षेत्र में आयोजित समाधान शिविर में 22 ग्राम पंचायतों के ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंचे। किसी ने अपनी समस्या बताई, किसी ने अपनी मांग रखी तो किसी ने शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त किया। एक ही मंच पर सुनवाई, समाधान और हितग्राहियों को लाभ वितरण की प्रक्रिया ने ग्रामीणों में उत्साह का माहौल बना दिया। शिविर में प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अनेक मामलों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष आवेदनों को समय-सीमा के भीतर हल करने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। विभिन्न विभागों द्वारा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया।

शिक्षा, कृषि, श्रम एवं अन्य विभागों की सहभागिता वाले इस शिविर में विद्यार्थियों, किसानों और श्रमिकों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित किया गया। पांच विद्यार्थी मुकेश मांझी, मंजू, प्रशांत कुर्रे, अन्नू टंडन एवं मलिंगा तिग्गा को जाति प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। वहीं आदिम जाति सेवा सहकारी समिति कापू द्वारा राजकुमार राठिया, बीरबल राठिया, नरहरि राठिया, लखनलाल राठिया एवं जयलाल राठिया को खरीफ फसल के लिए किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) ऋण स्वीकृत किया गया। वनांचल क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का भी सम्मान किया गया। जिसमें कक्षा 10वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले जागृति, सौम्या एवं निखिल सोनवानी तथा कक्षा 12वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाली रवीना राठिया को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर लोकसभा सांसद श्री राधेश्याम राठिया ने कहा कि सुशासन का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप विगत एक माह से जिलेभर में समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, जहां बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर अपनी समस्याओं, मांगों एवं योजनाओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत कर रहे हैं। उन्होंने ग्रामीणों से शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार के तहत जिलेभर में 20 से 22 ग्राम पंचायतों का क्लस्टर बनाकर समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से प्रशासन गांव-गांव पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुन रहा है तथा प्राप्त आवेदनों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, एसडीएम श्री प्रवीण भगत, जनपद पंचायत सीईओ श्री मदनलाल साहू सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## दिवंगत आरक्षक के परिवार को मिला 10 लाख रुपये का बीमा लाभ



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 11 जून।** पुलिस कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत 6वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल रायगढ़ के दिवंगत आरक्षक किशोर कुमार खलखो के परिवार को 10 लाख रुपये की बीमा राशि प्रदान की गई है। यह सहायता पुलिस मुख्यालय रायपुर द्वारा संचालित पुलिस सैलरी पैकेज योजना के अंतर्गत उपलब्ध कराई गई। गौरतलब है कि 6वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल रायगढ़ की सी-कंपनी कैम्प सेन्ड्रा, जिला बीजापुर में पदस्थ आरक्षक क्रमांक 298 किशोर कुमार खलखो का उपचार के दौरान 23 मार्च 2026 को आकस्मिक निधन हो गया था। वे 13 सितंबर 2009 को आरक्षक (जीडी) के पद पर नियुक्त हुए थे और लंबे समय तक अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते रहे। पुलिस मुख्यालय रायपुर द्वारा पुलिस कर्मियों एवं उनके आश्रितों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से पुलिस सैलरी पैकेज के तहत आठ विभिन्न बैंकों के साथ एमओयू किया गया है। इसी के अनुरूप श्रीमती निवेदिता पाल, रापुसे, सेनानी 6वीं वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल रायगढ़ के मार्गदर्शन में वाहिनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बैंक खातों को पुलिस सैलरी पैकेज के अंतर्गत अद्यतन कराया गया।

## एक नजर

### कौशल प्रशिक्षण के लिए आवेदन आमंत्रित

**बीजापुर 11 जून (तछसं.)।** जिला परियोजना कार्यालय लाईवलीहुड कॉलेज सोसायटी बीजापुर में केन्द्र एवं राज्य शासन के विभिन्न योजनांतर्गत जिले के युवाओं को जल जीवन मिशन योजनांतर्गत जल वितरण संचालक एवं असिस्टेंट इलेक्ट्रिशियन, बिजली मिस्त्री प्रशिक्षण में निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण जिसमें आवास के सुविधा के साथ-साथ प्रातः नाश्ता, दोपहर एवं रात्रि भोजन की सुविधा प्रदाय करने के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। प्रशिक्षण के साथ ही कम्प्यूटर एवं व्यक्तिगत निर्माण की निःशुल्क एवं सामान्य कक्षा भी प्रदाय की जाएगी। प्रशिक्षण उपरांत प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा। उक्त कोर्स में आवेदन करने हेतु कम से कम 8वीं कक्षा उत्तीर्ण एवं 18 से 45 वर्ष तक आयु होना अनिवार्य है। इच्छुक आवेदकों का कॉउसलिंग 15 जून 2026 को जिला परियोजना कार्यालय लाईवलीहुड कॉलेज एजुकेशन सिटी (ज्ञानगुड़ी) बीजापुर में आयोजन किया गया है। इच्छुक आवेदक 9201340598, 6260010268 एवं 9399629552 में संपर्क अथवा व्हाटसएप्प के माध्यम से पंजीयन करवा सकते हैं। यह प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क है।

### खाद्य विभाग ने किया राशनकार्ड संबंधी 3936 आवेदनों का त्वरित निराकरण

**महासमुंद, 11 जून।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप प्रदेशभर में आयोजित सुशासन तिहार-2026 के तहत जिले में कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में संबंधित विभागों द्वारा आम नागरिकों की मांगों एवं समस्याओं का त्वरित निराकरण करते हुए विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित किया गया है। इसी तारतम्य में सुशासन तिहार के दौरान खाद्य विभाग को राशनकार्ड से संबंधित प्राप्त कुल 3936 आवेदनों का प्राथमिकता के आधार पर परीक्षण एवं निराकरण किया गया। जिसके माध्यम से कुल 1301 हितग्राही सीधे लाभान्वित हुए हैं।

डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी खाद्य अधिकारी श्री तेजपाल सिंह ध्रुव ने बताया कि 41 समाधान शिविरों में राशनकार्ड से संबंधित कुल 3936 आवेदन प्राप्त हुए। आवेदनों के निराकरण के तहत 1127 नए सदस्यों के नाम राशनकार्ड में जोड़े गए। इसी तरह पात्र परिवारों को खाद्य सुरक्षा योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 674 बीपीएल श्रेणी तथा 627 एपीएल श्रेणी के नए राशनकार्ड जारी किए गए, जिससे कुल 1301 हितग्राही सीधे लाभान्वित हुए है। इसके अलावा पारिवारिक परिस्थितियों में परिवर्तन होने के कारण 255 राशनकार्डों में मुखिया परिवर्तन की कार्रवाई भी की गई।

ग्राम भिथीडीह के निवासी श्री नाथूराम, सुरेश पहाड़िया, अशोक कुमार पहाड़िया ने राशन कार्ड मिलने पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं जिला प्रशासन का आभार व्यक्त किया हैं। उन्होंने कहा कि शासन की संवेदनशील पहल से आम नागरिकों की समस्याओं का समाधान उनके घर के नजदीक ही हो रहा है, जिससे समय और श्रम दोनों की बचत हुई है। उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि राशन कार्ड बनने से अब खाद्यान्न योजनाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा।

# ग्रामीणों ने कलेक्टर से गांव में बिजली, सड़क सुविधा की मांग की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 11 जून।** उसूर ब्लॉक के ग्राम पंचायत पुजारी कांकेर के आश्रित ग्राम कोत्तापल्ली के ग्रामीणों ने सड़क और बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की गुहार कलेक्टर विश्वदीप के सामने की। ग्रामीणों का कहना है कि जिला मुख्यालय से 80 किमी दूर स्थित होने के कारण गांव आज भी बुनियादी सुविधाओं से वंचित है, जिससे ग्रामीण शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार जैसी समस्याओं से झूझना पड़ रहा है।मिली जानकारी के मुताबिक भीमारम के मुख्य मार्ग से कोत्तापल्ली की दूरी लगभग 8 किमी है, लेकिन सड़क नहीं होने के कारण आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। विशेष रूप से बारिश के मौसम में स्थिति और गंभीर हो जाती है। राशन लेने, स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचने, स्कूली बच्चों की शिक्षा तथा अन्य आवश्यक कार्यों के लिए ग्रामीणों को काफी कठिनाइयों से गुजरना पड़ता है।



ग्राम के पूर्व शिक्षक मज्जी धमोदर ने बताया कि सड़क के अभाव में बच्चों की पढ़ाई, मरीजों के उपचार और ग्रामीणों के रोजमर्रा के कार्य प्रभावित होते हैं। वहीं बिजली सुविधा नहीं होने से ग्रामीणों को अंधेरे में जीवन यापन करना पड़ रहा है। ग्रामीण महिला सावंति मज्जी ने प्रशासन से मांग की है कि एंबुलेंस तक गांव नहीं पहुंच पाती। इससे मरीजों और गर्भवती महिलाओं को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कोत्तापल्ली तक शीघ्र सड़क निर्माण कराया जाए तथा गांव में बिजली, तथा पानी की सुविधा उपलब्ध कराई जाए, ताकि ग्रामीणों को बुनियादी सुविधाओं का लाभ मिल सके।

**ग्रामीणों से मुलाकात कर कहा जल्द निराकरण होगा**-जानकी उसूर क्षेत्र से ग्रामीणों के कलेक्टर कार्यालय पहुंचने की सूचना पर जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा के द्वारा ग्रामीणों से मिलने कलेक्ट्रेट पहुंचीं। ग्रामीणों से चर्चा कर मांगों को प्राथमिकता के स्वीकृति हेतु प्रशासन के समक्ष रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि गांव में बिजली सुविधा के लिए स्वीकृति मिल चुकी है और कार्य शीघ्र प्रारंभ कराये जाने हेतु संबंधित फर्म को कहा गया है।इस दौरान धमोदर मज्जी, नागेश मज्जी, स्वामी वासम, जगपति मज्जी, रमेश मज्जी, गजेन्द्र झाड़ी, सर्वेश इरपा, रगुत हनमैया, मज्जी नागर्जून, बीरा नारायाण, जगन? मज्जी, सागर एटटी, कलूर तिरुपति अम्मा, सुटटी विनोद, सुशीला, कलूर सीता, दूधी जयराम, मडकम देवा, माडवी बैतूल, माडवी जोगा, बीरा पुष्पा, कलूर नरसिंह राव, मज्जी तिरूपतिअम्मा, मज्जी विजया, गौरराफ तिरुपति, बाडसे लालू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### संवाद से समाधान - हितग्राहियों को फोन पर दी जा रही आवेदन निराकरण की जानकारी

**महासमुंद, 11 जून।** सुशासन तिहार के तहत प्राप्त आवेदनों के त्वरित एवं पारदर्शी निराकरण के साथ-साथ हितग्राहियों को उनके प्रकरणों की अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराने की दिशा में जिला प्रशासन महासमुंद द्वारा हितग्राहियों को फोन पर सूचना दी जा रही है। कलेक्टर श्री विनय लंगेह के निर्देशानुसार जनपद पंचायतों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों द्वारा हितग्राहियों को सीधे फोन कर उनके आवेदनों के निराकरण की जानकारी दी जा रही है। इस पहल का उद्देश्य केवल आवेदनों का निराकरण करना ही नहीं, बल्कि हितग्राहियों तक उसकी जानकारी समय पर पहुंचाकर शासन-प्रशासन के प्रति विश्वास को और मजबूत करना है।

## बैठक में एसबीएम(जी) कार्यों की प्रगति तेज करने के निर्देश



**रायगढ़, 11 जून।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत के निर्देशानुसार आज अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं उप संचालक पंचायत द्वारा जिले की सभी जनपद पंचायतों में संचालित स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यों की प्रगति का मूल्यांकन करते हुए लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण एवं निर्धारित लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति पर विशेष जोर दिया गया।

समीक्षा बैठक में फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट की कार्यशीलता एवं नियमित संचालन, प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट यूनिट की कार्यप्रणाली, लंबित डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) मांगों के निराकरण, घर-घर कचरा संग्रहण व्यवस्था तथा यूजर चार्ज संग्रहण की स्थिति की विस्तार से समीक्षा की गई। इसके साथ ही स्वच्छाग्राही समूहों के मानदेय भुगतान, जियो-टैगिंग की प्रगति तथा लंबित प्रकरणों के निराकरण की भी जानकारी ली गई। बैठक में अधिकारियों ने स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के सभी घटकों में लक्ष्य अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को लंबित कार्यों का शीघ्र निराकरण कर निर्धारित समय-सीमा में अपेक्षित प्रगति लाने तथा नियमित मॉनिटरिंग के माध्यम से कार्यों की गुणवत्ता एवं प्रभावशीलता बनाए रखने के निर्देश दिए गए।

# सभी पेट्रोल पंप ड्राई,पेट्रोल-डीजल संकट गहराया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 11 जून।** जिले में पेट्रोल और डीजल की किल्लत लगातार बढ़ती जा रही है। प्रशासन द्वारा स्थिति सामान्य होने और पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित किए जाने के आश्वासनों के बावजूद जिले के अधिकांश पेट्रोल पंपों में ड्राई होने की स्थिति निर्मित हो गई है। इससे वाहन चालकों और आम नागरिकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

पेट्रोल पंपों पर ईंधन उपलब्ध नहीं होने के कारण लोग घंटों इंतजार करने को मजबूर हैं, जबकि कई वाहन चालक खाली हाथ लौट रहे हैं। ईंधन संकट का असर दैनिक आवागमन, व्यापारिक गतिविधियों और आवश्यक सेवाओं पर भी पड़ने लगा है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि प्रशासन की ओर से बार-बार आपूर्ति जल्द बहाल होने का आश्वासन दिया जा रहा है, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति में कोई खास



सुधार दिखाई नहीं दे रहा है। जिले में ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ रही है।

### खेती कार्यों के संपादन में हो रही है दिक्कत

मानसून सीजन प्रारंभ होने वाला है जिससे किसान अपना खेती कार्यों में लगे हैं। पेट्रोल डीजल नहीं मिलने के कारण जुताई जैसे कार्यों में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### ब्लैक करने वाले हो रहे हैं मालामाल

पेट्रोल डीजल पंप में नहीं मिलने के कारण अवैध रूप से बचने वाले लोग दोगुने तिगुनी धामों में बेचकर मालामाल हो रहे हैं। विगत दो महीनों से जिले में ईंधन संकट व्याप्त है। जिससे जनता हलाकान है। अवैध रूप से ईंधन जमा कर महंगे दामों बेचने के कई मामलों सामने आ रहे हैं। जनता ब्लैक में पेट्रोल डीजल खरीदने को मजबूर है।नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि पेट्रोल और डीजल की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित कर संकट का जल्द समाधान किया जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके। वहीं प्रशासन की ओर से स्थिति पर नजर रखने और आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाने के प्रयास किए जाने की बात कही जा रही है।

# सुशासन तिहार शिविर में विद्यार्थियों को बांटे गए जाति प्रमाणपत्र



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 11 जून।** शासन की जनकल्याणकारी पहल सुशासन तिहार के तहत धरमजयगढ़ विकासखंड के कापू में आयोजित समाधान शिविर में उस समय खुशी का माहौल बन गया, जब स्कूली छात्र-छात्राओं को उनके जाति प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। आवश्यक दस्तावेज हाथ में मिलते ही बच्चों के चेहरे खिल उठे और अभिभावकों ने भी राहत महसूस की। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा प्राप्त आवेदनों का निराकरण करते हुए विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

इस अवसर पर लोकसभा सांसद श्री राधेश्याम राठिया ने अपने हाथों से बच्चों को जाति प्रमाण पत्र प्रदान कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि जाति प्रमाण पत्र विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है, जिससे उन्हें स्कूल प्रवेश, छात्रवृत्ति, शासकीय योजनाओं तथा उच्च शिक्षा से संबंधित विभिन्न प्रक्रियाओं में सुविधा प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि आम नागरिकों को आवश्यक सेवाएं और सुविधाएं उनके गांव के निकट ही उपलब्ध हों।प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में मुकेश मांझी, मंजू, प्रशांत कुर्रे, अन्नू टंडन एवं मलिंगा तिग्गा शामिल हैं। प्रमाण पत्र प्राप्त कर विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए शासन-प्रशासन के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से आवश्यक सेवाएं सीधे गांव तक पहुंच रही हैं, जिससे समय, श्रम और आर्थिक संसाधनों की बचत हो रही है। उल्लेखनीय है कि सुशासन तिहार के माध्यम से प्रशासन द्वारा न केवल जनसमस्याओं का त्वरित निराकरण किया जा रहा है बल्कि विभिन्न शासकीय योजनाओं और सेवाओं का लाभ भी पात्र हितग्राहियों तक सरल, सुगम और पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जा रहा है। कापू में विद्यार्थियों को जाति प्रमाण पत्र वितरण का यह अवसर शासन की जनहितैषी पहल और संवेदनशील प्रशासनिक व्यवस्था का एक सकारात्मक उदाहरण बनकर सामने आया।

## बैठक में अधिकारियों व कर्मचारियों को मलेरिया रोकथाम के निर्देश दिए गए



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 11 जून ।** राज्य शासन के निर्देशानुसार मलेरिया रोधी माह जून-2026 के अंतर्गत कलेक्टर के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन में जिले में व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, रायगढ़ के सभाकक्ष में एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला सह समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.टी.जी. कुलवेदी ने जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मलेरिया नियंत्रण एवं रोकथाम संबंधी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी विकासखंडों में ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण समिति की बैठक आयोजित करने तथा बैनर, पोस्टर एवं अन्य प्रचार माध्यमों से जन-जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया। डॉ. कुलवेदी ने निर्देश दिए कि मलेरिया रोधी माह के दौरान शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर हेल्थ कैम्प, नारा लेखन, बैनर-पोस्टर प्रदर्शन तथा जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए जाएं, ताकि लोगों को मलेरिया से बचाव एवं उपचार संबंधी जानकारी मिल सके। उन्होंने बताया कि विगत वर्षों में छत्तीसगढ़ सहित रायगढ़ जिले में मलेरिया के मामलों में उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई है। जिले के सात विकासखंडों में से चार अति संवेदनशील विकासखंडों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मचारियों को मलेरिया संदिग्ध मरीजों की समय पर जांच करने, पॉजिटिव पाए जाने पर तत्काल उपचार शुरू करने तथा नियमित फॉलोअप एवं मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।डॉ. कुलवेदी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के सतत प्रयासों और आमजन के सहयोग से रायगढ़ को जल्द ही मलेरिया मुक्त जिला घोषित किया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि राज्य शासन का लक्ष्य वर्ष 2030 तक छत्तीसगढ़ को मलेरिया मुक्त राज्य के रूप में स्थापित करना है। बैठक में प्रभारी सलाहकार गौतम प्रसाद सिदार, एफएलए प्रीति शर्मा, सचिवीय सहायक अंजूलता पटनायक सहित जिले के विभिन्न विकासखंडों से आए अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महतारी वंदन योजना की ई-केवाईसी में रायगढ़ प्रदेश में अव्वल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 11 जून।** राज्य शासन की महत्वाकांक्षी एवं प्राथमिकता वाली महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों की ई-केवाईसी की सफल क्रियान्वयन में रायगढ़ जिले ने एक और उल्लेखनीय उपलब्धि अपने नाम की है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की सरकार द्वारा महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से संचालित इस महत्वपूर्ण योजना के तहत ई-केवाईसी अभियान में रायगढ़ जिले ने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। राज्य स्तरीय प्रगति रिपोर्ट के अनुसार जिले ने 96.47 प्रतिशत ई-केवाईसी पूर्ण करते हुए सभी 33 जिलों में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। शेष बचे लाभार्थियों का अमले द्वारा लाभार्थियों के घर घर पहुंचकर ई केवाईसी कराई जा रही है।

यह उपलब्धि जिला प्रशासन की प्रभावी रणनीति, सतत मार्गदर्शन, विभागीय समन्वय तथा जमीनी स्तर पर किए गए अथक प्रयासों का परिणाम है। लगातार समीक्षा, नियमित मॉनिटरिंग और समयबद्ध कार्ययोजना के माध्यम से रायगढ़ ने राज्य के बड़े जिलों को पीछे छोड़ते हुए यह मुकाम हासिल किया है।

उल्लेखनीय है कि महतारी वंदन योजना प्रदेश सरकार की सबसे महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजनाओं में से एक है। इस योजना के तहत पात्र विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रुपये की वित्तीय सहायता सीधे उनके बैंक खाते में प्रदान की जाती है। योजना का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना, परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत करना तथा समाज में महिलाओं की भागीदारी और सम्मान को बढ़ावा देना है। योजना का लाभ वास्तविक पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने और भुगतान प्रक्रिया को पारदर्शी बनाए रखने के लिए ई-केवाईसी को अनिवार्य किया गया है। इसी उद्देश्य से प्रदेशभर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

रायगढ़ जिले में ई-केवाईसी अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिला प्रशासन द्वारा लगातार इसकी समीक्षा की गई। जिला स्तरीय बैठकों में महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, राजस्व विभाग तथा अन्य संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए कि कोई भी पात्र हितग्राही ई-केवाईसी से वंचित न रहे। कलेक्टर ने विकासखंडवार, परियोजनावार तथा सेक्टरवार प्रगति की समीक्षा करते हुए शेष हितग्राहियों तक पहुंचने, लंबित प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने तथा प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। प्रशासन की इसी सतत निगरानी का परिणाम है कि रायगढ़ आज प्रदेश में प्रथम स्थान पर पहुंचा है।

प्रदेश के औसत से लगभग पांच प्रतिशत अधिक उपलब्धि-राज्य स्तरीय रिपोर्ट के अनुसार रायगढ़ जिले को कुल 2 लाख 81 हजार 135 हितग्राहियों के ई-केवाईसी का लक्ष्य प्राप्त हुआ था। इसके विरुद्ध 2 लाख 71 हजार 220 हितग्राहियों का ई-केवाईसी पूर्ण किया जा चुका है। वर्तमान में केवल 9 हजार 915 प्रकरण लंबित हैं। इस अभियान में सबसे उल्लेखनीय तथ्य यह भी रही कि जहां प्रदेश का औसत ई-केवाईसी प्रतिशत 91.72 है, वहीं रायगढ़ जिले ने 96.47 प्रतिशत उपलब्धि हासिल की है। यह प्रदेश के औसत से लगभग पांच प्रतिशत अधिक है, जो जिले की उत्कृष्ट कार्यशैली और प्रभावी प्रशासनिक व्यवस्था को दर्शाता है। राज्य की रैंकिंग में रायगढ़ पहले स्थान पर है, जबकि कबीरधाम 96.32 प्रतिशत, बालोद 95.64 प्रतिशत, कांकेर 94.45 प्रतिशत और रायपुर 94.44 प्रतिशत उपलब्धि के साथ क्रमशः दूसरे, तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर हैं।

लगभग तीन लाख हितग्राहियों का ई-केवाईसी पूरामहिला एवं बाल विकास विभाग की 10 जून 2026 की सेक्टरवार रिपोर्ट के अनुसार जिले में कुल 2 लाख 98 हजार 941 हितग्राही चिन्हांकित हैं। इनमें से 2 लाख 89 हजार 634 हितग्राहियों का ई-केवाईसी सफलतापूर्वक पूर्ण किया जा चुका है। केवल 9 हजार 307 हितग्राही शेष हैं, जिनका ई-केवाईसी कार्य भी तेजी से किया जा रहा है। इस प्रकार विभागीय स्तर पर जिले की कुल उपलब्धि 96.89 प्रतिशत दर्ज की गई है। परियोजनावार प्रगति पर नजर डालें तो पुसौर परियोजना ने 98.54 प्रतिशत उपलब्धि के साथ जिले में सर्वोच्च प्रदर्शन किया है। इसके बाद खरसिया परियोजना ने 98.10 प्रतिशत, लैलूंगा ने 97.03 प्रतिशत तथा धरमजयगढ़ परियोजना ने 97 प्रतिशत उपलब्धि दर्ज की है। इसी प्रकार रायगढ़ शहरी परियोजना में 96.65 प्रतिशत, रायगढ़ ग्रामीण में 96.59 प्रतिशत, मुकडेगा में 96.07 प्रतिशत, घरघोड़ा में 95.75 प्रतिशत, तमनार में 95.64 प्रतिशत तथा कापू परियोजना में 95.48 प्रतिशत ई-केवाईसी पूर्ण किया जा चुका है।

### कई सेक्टरों ने 99 प्रतिशत तक पहुंचकर बनाई अलग पहचान

सेक्टरवार प्रदर्शन में भी कई क्षेत्रों ने उत्कृष्ट उपलब्धियां दर्ज की हैं। पुसौर परियोजना के कोण्डातराई सेक्टर ने 99.21 प्रतिशत उपलब्धि हासिल कर जिले में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा गरुमरिया सेक्टर ने 99.03 प्रतिशत, बर्रा सेक्टर ने 98.95 प्रतिशत, फरकनारा ने 98.87 प्रतिशत, दुमरमुड़ा ने 98.79 प्रतिशत, भूपदेवपुर ने 98.72 प्रतिशत, मुनुंद ने 98.68 प्रतिशत तथा चापले सेक्टर ने 98.60 प्रतिशत ई-केवाईसी पूर्ण कर उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला अधिकारी ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, पर्यवेक्षकों, परियोजना अधिकारियों और मैदानी कर्मचारियों ने घर-घर पहुंचकर हितग्राहियों का सत्यापन और ई-केवाईसी कार्य सुनिश्चित किया जा रहा।

### नैनो उर्वरकों से मिला सकारात्मक परिणाम, कम लागत में अधिक उत्पादन:किसान चैतराम

**मोहला 11 जून ।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा किसानों को आधुनिक एवं वैज्ञानिक कृषि तकनीकों से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया जैसे उन्नत उर्वरकों के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे किसानों को कम लागत में बेहतर उत्पादन प्राप्त करने में सहायता मिल रही है। सहकारी समितियों के माध्यम से खाद, बीज एवं कृषि आदान राशि की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित किए जाने से किसान नई तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित हो रहे हैं। जिले के विकासखंड मोहला अंतर्गत ग्राम झरन के प्रगतिशील कृषक चैतराम भी ऐसे ही किसानों में शामिल हैं।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऐतिहासिक कार्यकाल के उपलक्ष्य में सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने किया जनसंपर्क

# देवरी गांव को दी विकास कार्यों की सौगात

- मोदी सरकार के 12 वर्षों की सुशासन यात्रा पर देवरी में जनसंपर्क अभियान, सांसद बृजमोहन ने गिनाईं ऐतिहासिक उपलब्धियां
- घर-घर पहुंचे सांसद बृजमोहन अग्रवालः ग्रामीणों के बीच रात्रि भोज, विकास और जनकल्याण को लेकर कई अहम घोषणाएं





### वरिष्ठ कार्यकर्ता के घर जाकर जाना हाल-चाल

अपने प्रवास के दौरान सांसद बृजमोहन अग्रवाल धरसींवा में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता बलिराम यादव के निवास पर भी पहुंचे। उन्होंने यादव से आत्मीय भेंट की और उनका कुशलक्षेम जाना। इस दौरान उन्होंने यादव के परिजनों से भी सौजन्य मुलाकात की और परिवार के सदस्यों का हालचाल लिया। सांसद ने वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीढ़ बताते हुए उनके प्रति सम्मान प्रकट किया। इस अवसर पर विधायक अनुज शर्मा, पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, सरोज चंद्रवंशी, अशोक सिन्हा, मंडल अध्यक्ष राकेश यादव, स्थानीय जनप्रतिनिधि, सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

**रायपुर 11 जून।** रायपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद और वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल ने बुधवार को धरसींवा विकासखंड के ग्राम देवरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुशासन के ऐतिहासिक 4399 दिनों (मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के रूप में 25 वर्षों) के सफल कार्यकाल के उपलक्ष्य में आयोजित विशेष जनसंपर्क अभियान में सहभागिता की। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामवासियों से आत्मीय भेंट की और केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं पर चर्चा की।

### विकास कार्यों की झड़ी, करोड़ों की सौगातः

जनसंपर्क के दौरान ग्रामीणों की मांग पर सांसद अग्रवाल ने क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं: वार्ड क्रमांक-4 में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 5 लाख रुपये स्वीकृत।

भैंसा मोड़ा से देवरी तक 2 किलोमीटर सीसी रोड निर्माण के लिए पीडब्ल्यूडी को प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश। मनोहरा रोड से राजू यादव के घर होते हुए गौठान तक सीसी रोड के लिए 5 लाख रुपये की स्वीकृति। खेल मैदान में बाउंड्री वॉल के लिए फॉरेस्ट विभाग के माध्यम से वृक्षारोपण और जाली लगाने के निर्देश। मनरेगा के माध्यम से खेल मैदान के विकास हेतु 10 लाख रुपये स्वीकृत। गजराज तालाब के अधूरे सौंदर्यीकरण कार्य को पूर्ण करने के लिए 20 लाख रुपये की स्वीकृति। जर्जर ज्योति कैलाश भवन की मरम्मत के लिए 5 लाख रुपये तथा ग्राम पंचायत देवरी में घाट निर्माण के लिए 4 लाख रुपये स्वीकृत किए गए।

**महतारी सदनः** गांव की बड़ी आबादी को ध्यान में रखते हुए महतारी सदन के निर्माण हेतु पंचायत विभाग को प्रस्ताव भेजने का निर्णय लिया गया।

**मोदी युगः** सेवा, सुरक्षा और सुशासन का पर्याय

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 12 वर्षों का प्रधानमंत्री कार्यकाल भारत के लिए स्वर्णिम युग रहा है। उन्होंने कहा, ÷आज देश में राम मंदिर का निर्माण, धारा 370 की समाप्ति और सर्जिकल स्ट्राइक जैसे साहसी निर्णयों ने विश्व पटल पर भारत का मान बढ़ाया है।

### जनकल्याण को समर्पित मोदी सरकार की उपलब्धियां

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का सपना था कि समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े, सबसे गरीब व्यक्ति के जीवन में खुशहाली आए और उनके घर में उन्नति का 'दीया' जले। इस संकल्प को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने धरातल पर उतारा है।

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत देश के 4 करोड़ से अधिक गरीबों को पक्की छत प्रदान की गई है। पहले जहां मामूली राशि मिलती थी, वहीं आज पारदर्शिता के साथ 1.5 लाख से 2.5 लाख रुपये तक की सहायता दी जा रही है, जिससे गरीबों के पक्के मकान का सपना साकार हो रहा है।

गांव की महिलाओं और परिवारों के सपनों को पूरा करते हुए 'जल जीवन मिशन' के माध्यम से हर घर में शुद्ध पेयजल और स्वच्छता के लिए घरों में शौचालय बनाने का ऐतिहासिक कार्य किया गया है।

गरीब परिवारों के लिए आयुष्मान भारत योजना एक वरदान सिद्ध हुई है। गंभीर बीमारियों जैसे कैंसर, हार्ट ऑपरेशन, किडनी/लिवर की बीमारी या दुर्घटना की स्थिति में 5 लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज प्रदान कर मोदी ने गरीबों को आर्थिक तंगी से बड़ी राहत दी है।

जन-धन खातों के माध्यम से 50 करोड़ से अधिक लोगों को बैंकिंग प्रणाली से जोड़कर वित्तीय मुख्यधारा में शामिल किया गया है। इसके साथ ही, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत गांव-गांव को पक्की सड़कों से जोड़ा गया है और हर घर तक बिजली पहुंचाई गई है।

श्री अग्रवाल ने जोर देकर कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में गांव, गरीब, किसान और नौजवानों के उत्थान की जो बयार बह रही है, वह वास्तव में 'अंतिम व्यक्ति के उत्थान' (अंत्योदय) का ही प्रमाण है।

सांसद बृजमोहन अग्रवाल का जनसंपर्कः ग्रामीणों के घर किया रात्रि भोज, वरिष्ठ कार्यकर्ता से की आत्मीय भेंट

इस दौरान उन्होंने घर-घर जाकर ग्रामीणों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं तथा सुझावों पर विस्तार से चर्चा की।

संपर्क अभियान के दौरान सांसद अग्रवाल ने सादगी की मिसाल पेश करते हुए स्थानीय ग्रामीणों के बीच ही रात्रि भोज किया। उन्होंने ग्रामीणों के साथ भोजन किया और उनके सुख-दुख साझा किए। अग्रवाल ने कहा कि जनता के बीच जाकर उनकी बात सुनना और उनके साथ समय बिताना ही जनप्रतिनिधि का असली धर्म है।

### खेत बचाओ अभियान' में जुटे 300 किसान, जैविक खेती को लेकर जागरूकता सम्मेलन आयोजित

**रायपुर,11 जून।** जैविक खेती मिशन योजना के अंतर्गत खेत बचाओ अभियान के तहत मनेंद्रगढ़ ने एक दिवसीय जिला स्तरीय जागरूकता एवं कृषक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में जिले भर से लगभग 300 किसानों ने भाग लेकर जैविक एवं प्राकृतिक खेती, उन्नत कृषि तकनीकों तथा मृदा संरक्षण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। कार्यक्रम में कृषि विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों, जनप्रतिनिधियों एवं कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसानों को खेती की बदलती चुनौतियों और उनके समाधान से अवगत कराया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल थे। उन्होंने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में अंधाधुंध रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के उपयोग से मिट्टी की उर्वरा शक्ति लगातार कम हो रही है, जिसका असर फसलों की गुणवत्ता के साथ-साथ लोगों के स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे रासायनिक खेती पर निर्भरता कम करते हुए जैविक और प्राकृतिक खेती की ओर अग्रसर हों। उन्होंने कहा कि जैविक खेती केवल खेती की पद्धति नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण और किसानों की आर्थिक समृद्धि का आधार है।

# बीरगांव में सांसद ने सुनी जनसमस्याएं

## अधिकारियों को दिए त्वरित निराकरण के सख्त निर्देश

- अवैध शराब और सरकारी भूमि पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं: बृजमोहन अग्रवाल
- सरकारी स्कूल की जमीन पर कब्जे को लेकर सांसद बृजमोहन ने अधिकारियों को लगाई फटकार



**रायपुर 11 जून।** रायपुर जिले के बीरगांव नगर पालिका निगम में बुधवार को आयोजित 'सुशासन तिहार' समाधान शिविर समापन समारोह में सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने क्षेत्रवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और अधिकारियों को आवेदनों के त्वरित निराकरण के लिए कड़े निर्देश दिए। शिविर में कुल 615 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 130 का मौके पर ही निराकरण किया गया।

**अधिकारियों की जवाबदेही तय, समस्याओं का समाधान सात दिन में:** शिविर को संबोधित करते हुए सांसद अग्रवाल ने स्पष्ट किया कि सुशासन तिहार का उद्देश्य ही आम जनता को दफ्तरों के चक्कर काटने से मुक्ति दिलाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिविर में प्राप्त शिकायतों पर केवल खानापूर्ति न हो, बल्कि वास्तविक समाधान हो। विशेषकर पेयजल की समस्या पर नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में पानी की किल्लत नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अवैध शराब की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए पुलिस और आबकारी विभाग को सख्त कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया।

**सरकारी स्कूलों व कार्यालयों पर अतिक्रमण पर कार्रवाई :** सरकारी भूमि पर अतिक्रमण को लेकर सांसद बृजमोहन ने नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि सरकारी स्कूलों और कार्यालयों की जमीन पर अतिक्रमण के मामलों में लंबी कानूनी प्रक्रिया की आवश्यकता नहीं है, इसे प्राथमिकता के साथ हटाया जाना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को 7 दिन के भीतर अतिक्रमण हटाने और रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया।

**पर्यावरण संरक्षण और जल संवर्धन पर जोरः** सांसद ने औद्योगिक क्षेत्र बीरगांव में पर्यावरण को लेकर बड़ा संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने वन विभाग और फैक्ट्री प्रबंधनों को निर्देश दिए कि इस मानसून सत्र में औद्योगिक क्षेत्र में कम से कम 10, 000 पौधारोपण किया जाए। साथ ही, जल स्तर को गिरने से बचाने के लिए सभी बड़ी इमारतों और कारखानों में 'वाटर हार्वेस्टिंग' और 'वाटर रिचार्जिंग' की व्यवस्था अनिवार्य रूप से करने के निर्देश दिए।

**प्रधानमंत्री मोदी के 12 वर्षों के कार्यकाल पर बधाईः** सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यशस्वी कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि देश में सुशासन का जो दौर चल रहा है, वह अभूतपूर्व है। उन्होंने गरीब कल्याण की योजनाओं, जैसे आवास, नल-जल, उज्जवला गैस, शौचालय और आयुष्मान भारत के माध्यम से करोड़ों लोगों के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव का उल्लेख किया।

# विशेष पिछड़ी जनजातियों के बच्चों की शिक्षा को प्राथमिकता दें: राज्यपाल



**रायपुर, 11 जून।** राज्यपाल श्री रमेन डेका से आज लोक भवन में स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉक्टर कमलप्रीत सिंह ने सौजन्य भेंट की। इस दौरान राज्यपाल ने राज्य के विशेष पिछड़ी जनजाति बहुल क्षेत्रों में शिक्षा की स्थिति तथा वहां उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं के संबंध में विस्तार से चर्चा की। राज्यपाल ने विशेष पिछड़ी जनजातियों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कदम उठाने पर जोर देते हुए संबंधित समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दूरस्थ और पहाड़ी क्षेत्रों में रहने वाले विद्यार्थियों को शिक्षा से जोड़ने तथा उनके लिए आवश्यक अधोसंरचना विकसित करने पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि विशेष पिछड़ी जनजातियों के बच्चों की शिक्षा, छात्रावास सुविधा, विद्यालयीन अधोसंरचना और शिक्षकों की उपलब्धता से जुड़े विषयों का संवेदनशीलता के साथ निराकरण किया जाना चाहिए, ताकि इन क्षेत्रों के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक अवसर प्राप्त हो सकें और उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके।

# नैनो यूरिया व नैनो डीएपी से किसान भागवत की बढ़ी आय

**रायपुर, 11 जून।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा कृषि क्षेत्र में नवाचार और आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देने के प्रयासों का सकारात्मक प्रभाव किसानों के जीवन में दिखाई देने लगा है। जांजगीर-चांपा जिले के नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम कचंदा निवासी किसान श्री भागवत प्रसाद टंडन इसका जीवंत उदाहरण हैं। लगभग तीन एकड़ कृषि भूमि पर खेती करने वाले श्री टंडन ने नैनो यूरिया और नैनो डीएपी का उपयोग कर अपनी खेती को अधिक उत्पादक, किफायती और टिकाऊ बनाया है। परंपरागत खेती में बढ़ती लागत और बेहतर उत्पादन की चुनौतियों से जूझ रहे श्री टंडन ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप कृषि क्षेत्र में नवाचार को अपनाते हुए नैनो उर्वरकों का प्रयोग शुरू किया। कृषि विभाग से प्राप्त तकनीकी मार्गदर्शन और निरंतर प्रोत्साहन ने उन्हें नई तकनीक अपनाने के लिए प्रेरित किया। टंडन बताते हैं कि नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के उपयोग से फसलों को संतुलित पोषण मिला, जिससे पौधों की वृद्धि बेहतर हुई और उत्पादन में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई। साथ ही, फसल की गुणवत्ता में भी सकारात्मक सुधार देखने को मिला है। उन्होंने बताया कि नैनो उर्वरकों की कम मात्रा में ही प्रभावी परिणाम प्राप्त होते हैं।


**न्यायालय तहसीलदार दुर्ग**
**मामले की श्रेणीः राजस्व**
संदर्भ :- जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग
प.ह.न.-00049 रिसाली ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202526430104800140

**ईश्तहार**

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00049 के अंतर्गत ग्राम रिसाली के वर्तमान भूमिस्वामी जुनारबी हाजरा पिता/पति-पिता निरेखन हाजरा पता-142डी. रिसाली सेक्टर. के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 418/14 (0.0100) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता रंजीत चौधरी पिता/पति-स्व. अखिलेश्वर चौधरी पता 142 डी. आई रिसाली सेक्टर भिलाई, चंदेश्वर हजारा पिता/पति-जुनारबी हजारा पता-234/के, अंबेडकर नगर स्टेशन मरोदा भिलाई, राज चौधरी पिता/पति-स्व. अखिलेश्वर चौधरी पता-142डी. आई रिसाली सेक्टर भिलाई, उपेन्द्र कुमार चौधरी पिता/पति- स्व. जेहजारा (जुनारबी हजारा) पता-234/के, अंबेडकर नगर स्टेशन मरोदा भिलाई, राकेश कुमार चौधरी पिता/पति-स्व. अखिलेश्वर चौधरी पता - 142डी.आई रिसाली सेक्टर भिलाई, प्रमीला देवी पिता/पति-स्व. अखिलेश्वर चौधरी पता- 142डी. आई रिसाली सेक्टर भिलाई के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 30/06/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04/06/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर
**Prafull Kumar Gupta**
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

**शपथ पत्र**
(नाबालिग पुत्र/पुत्री के नाम परिवर्तन के मामले में)

मैं मंगलू ओयाम, (MANGLU OYAM), (माता/पिता/पति/पालक का नाम) सुपुत्र/सोमलू ओयाम (SOMLU OYAM), निवासी-तालनार, एतद द्वारा मैं पूर्णतः पुष्टि करता हूं, तथा निम्नानुसार घोषित करता हूं।

ग्राम-तालनार तह.-भैरमगढ़, जिला बीजापुर छ.ग. का स्थायी निवासी हूं।

मैं अपने नाबालिग पुत्री/पुत्र अंकु राम ओयाम (ANKU RAM OYAM), से बदलकर अंशु राम ओयाम, (ANSHU RAM OYAM), करवाना चाहता/चाहती हूं।

मैं अपने पुत्र/पुत्री का नाम बदलकर, यदि कोई, गैर कानूनी काम करता/करती हूं तो उसके लिए स्वयं जिम्मेदार रहूंगा/रहूंगी।

मेरी पुत्री/पुत्र अंकु राम ओयाम, (ANKU RAM OYAM), को हमारे/हमारी नाबालिग पुत्र/पुत्री के नाम बदलने में कोई आपत्ति नहीं है।

मैं यह शपथ पत्र अपने पूरे होशोहवास में रहकर हस्ताक्षर कर रहा/रही हूं तथा सक्षम अधिकारी के सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रही/रहा हूं।

**मंगलू ओयाम**
**माता/पिता/पालक के हस्ताक्षर**

**न्यायालय कार्यपालिका दण्डाधिकारी, तिल्दा नेवरा जिला रायपुर (छ.ग.)**
क्रमांक ................
/ब121/20......20.......
ग्राम- तिल्दा-नेवरा,
प.ह.न. 15

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक का नाम रज्जाक मोहम्मद पिता/पति श्री समसुद्दीन निवासी तिल्दा-नेवरा द्वारा जन्म पुत्री जन्म का नाम तरन्नुम निशा पिता रज्जाक मोहम्मद जिनकी जन्म दिनांक 25.08.1988 ग्राम तिल्दा-नेवरा तहसील तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर में हुई है। जिनका जन्म का पंजीयन नहीं कराया गया है जन्म पंजीयन हेतु आवेदन पत्र पेश किया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को दावे/आपत्ति यदि कोई हो तो वे पेशी दिनांक 25/06/26 तक अपने दावे/आपत्ति पेश कर सकते हैं मियांद बाद प्राप्त/दावे आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10.06.26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया गया ।

मुहर
**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**तिल्दा-नेवरा**
**जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202606092200022/**
विषयः- अ-6
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2025-2026
छिंदीजोब प.ह.न. 00027 [ 28/1(0.1860हे.) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- सुनन्दा सहारे,
अनावेदक पक्षकार- कन्हैयालाल,

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक सुनन्दा सहारे पति स्व. श्री इंदर लाल सहारे उम्र 55 वर्ष जाति कलार निवासी ग्राम छिन्दीजोब तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा सी.टी. सीरीज क्रमांक सी.टी. 20252642040960010 भुईया के माध्यम से आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है, कि अनावेदकगण मुलचंद जंघेल, गीता बाई, रामदास, महेश, उर्मिला बाई, सभी पिता कन्हैया सभी जाति लोधी सभी निवासी छिन्दीजोब हाल मुकाम विकास नगर साईनाथ चौक के पास रायपुर के पिता कन्हैया आ. बुधराम से उसके स्वामित्व एवं आधिपत्य का भूमि खसरा नम्बर 28/1 रकबा 0.23 एकड़ 10.093हे. ग्राम छिन्दीजोब प.ह.न. 27 रा.नि.म. चौथना तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव के राजस्व अभिलेखों में दर्ज चली आ रही थी जिसे आवेदिका के पति स्व. श्री इंदरलाल सहारे पिता सियाराम सहारे से पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 11/06/1993 के माध्यम से 2,000/- दो हजार रूपये क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त कर निरंतर आधिपत्य में चले आ रहा है। आवेदिका के पति स्व.श्री इंदरलाल सहारे पिता सियाराम सहारे खसरा नम्बर 28/1 रकबा 0.23 एकड़ /0.093हे. पर क्रय दिनांक से जीवन पर्यन्त स्वामित्व एवं आधिपत्य में चले आ रहे थे जिसकी मृत्यु दिनांक 14/02/2022 को हो चुकी है जिस पर आवेदिका काबिज चली आ रही है। स्व. इंदरलाल सहारे का आवेदिका के अलावा अन्य कोई उत्तराधिकारी नही है। आवेदिका के पति इन्दल लाल सहारे को आभास था, कि उपरोक्त भूमि का नामांतरण उसके नाम हो गया है, किन्तु राजस्व अभिलेखों की नकल प्राप्त करने पर पता चला कि उपरोक्त भूमि त्रुटिवश विक्रेता अर्थात आवेदकगण के पिता के नाम दर्ज चली आ रही है जिस कारण आवेदिका को उक्त नामांतरण आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की आवश्यकता हुई है।

अतः आवेदिका का आवेदन पत्र स्वीकार कर उपरोक्त वर्णित भूमि को आवेदिका के नाम नामांतरण किये जाने का आदेश पारित कर रिकार्ड दुरुस्त किया जाने का निवेदन किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भीः व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 22/06/2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04/06/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर
**तहसीलदार**
**डोंगरगढ़**

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202605092200049**
विषयः- ब-121
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सन्:-2025-2026
बछेराभाठा प.ह.न. 00026 [ (हे.) ]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार-गया सिंह धुर्वे,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक गया सिंह धुर्वे आ. समय लाल धुर्वे जाति गोंड निवासी बछेराभाठा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि आवेदक के दादी सोनकुँवर धुर्वे पति माहगू गोंड का मृत्यु दिनांक 07/03/2024 को स्थान बछेराभाठा में हुआ है, के नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 15/06/2026 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 27/05/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर
**तहसीलदार**
**डोंगरगढ़**

**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202606092200023/**
विषयः- अ-27
मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2025-2026
बरनारा कला (प.ह.न. 00027),
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार- किशन मंडावी, कार्तिक राम मंडावी, मोहन मंडावी,
अनावेदक पक्षकार- कार्तिक, किशनलाल, मोहन,

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक किशनलाल पिता देवसिंग जाति गोंड निवासी ग्राम बरनाराकला तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव (छ.ग.) द्वारा सी.टी सीरीज क्रमांक 202526420408800016 भुईया के माध्यम से आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है, कि ग्राम बरनाराकला प.ह.न. 27 रा.नि.म. चौथना तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव ( छ.ग.) स्थित खाता क्रमांक 439 में खसरा नम्बर क्रमशः 49/1, 99/1, 204/1, 205/1, 291/1, 477/1, 578/1 रकबा क्रमशः 0.0530, 0.3460, 0.0400, 0.0120, 0.3480, 0.2840, 0.5220हे. कुतल ख.न. 07 कुल रकबा 1.6050 हे. कृषि भूमि राजस्व अभिलेख में मोहन पिता देवसिंग, कार्तिक पिता देवसिंग, किशनलाल पिता देवसिंग में दर्ज व स्थित है। सभी भूमिस्वामी के मध्य पंच बंटवारा विगत 20 वर्ष पूर्व हो चुका है जिसके अनुसार सभी काबिज होकर कृषि कार्य कर रहे है। उक्त भूमि शामिल खरीक खाता में होने से उभयपक्ष को कृषि कार्य करने में असुविधा उत्पन्न होती है, कृषि योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता है। अतः वादग्रस्त भूमि का आपसी पंच बंटवारा अनुसार खाता विभाजन किया जाने का निवेदन किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 03/07/2026 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04/06/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर
**तहसीलदार**
**डोंगरगढ़**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. 202606092100021
अ/6 वर्ष 2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रिजवानुद्दीन वल्द निजामुद्दीन जाति मुसलमान उम्र 49 वर्ष निवासी दन्तेश्वरी पारा, वार्ड नं. 16, डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि आवेदक की माता अजीजा बेगम के नाम पर शीट क्रमांक 2 डोंगरगढ़ में भूखण्ड क्रमांक 956/1 क्षेत्रफल 363 वर्गफीट मकान स्थित है। आवेदक की माता ने शीट क्रमांक 2 डोंगरगढ़ में भूखण्ड क्रमांक 956/1 क्षेत्रफल 362 वर्गफीट मकान का रजिस्टर्ड वसीयतनामा दिनांक 23/7/2021 को आवेदक के पक्ष में कर दिया है। आवेदक की माता अजीजा बेगम की मृत्यु दिनांक 11/11/2024 को हो गया है। वसीयतनामा के आधार पर आवेदक नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 25/06/2026 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
**अनुविभागीय अधिकारी**
**डोंगरगढ़ (छ.ग)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. 202606092100022
अ/6 वर्ष 2025-26

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संदीप अग्रवाल उम्र 36 वर्ष पिता दीपक अग्रवाल जाति अग्रवाल निवासी नरसिंग वार्ड नं. 12 खंडुपारा डोंगरगढ़ पोस्ट थाना तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया है कि अनावेदक श्रीगमती दक्षा बेवा अरविन्द भाई चावड़ा के एकल स्वामित्व एवं आधिपत्य में नजूल शहर भगत सिंह वार्ड नं. 17 डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) में स्थित शीट क्रमांक 2 भूखण्ड कमांक 783 क्षेत्रफल 1173 वर्गफुट/102.975 वर्गमीटर भू भाटक 3.00 स्थित है। अनावेदिका श्रीमती दक्षा बेवा अरविन्द भाई चावड़ा से उक्त भूमि को दिनांक 13.01.2026 को 9,85,000 रुपये में आवेदक (संदीप अग्रवाल) द्वारा क्रय कर संपूर्ण प्रतिफल अदा कर दिनांक 13.01.2026 को ही उक्त भूमि का पंजीयन विक्रय पत्र अपने पक्ष में श्रीमती दक्षा से उप पंजीयक कार्यालय डोंगरगढ़ में निष्पादित करवा कर आधिपत्य प्राप्त कर लिया हूं। उक्त भूमि से अनावेदिका श्रीमती दक्षा बेवा अरविन्द भाई चावड़ा का नाम विलोपित करने एवं आवेदक (संदीप अग्रवाल) का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज करने का निवेदन किया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो यह पेशी दिनांक 25/06/2026 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि के पश्चात् दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
**अनुविभागीय अधिकारी**
**डोंगरगढ़ (छ.ग)**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. 202606092100020
अ/6 वर्ष 2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक परदेशी साहू वल्द भंगी राम साहू जाति तेली उम्र 55 वर्ष निवासी बुधवारी पारा वार्ड नं. 15 डोंगरगढ़ पोस्ट थाना तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि अनावेदक भुवनलाल वल्द बिसराम के एकल स्वामित्व एवं आधिपत्य में नजूल शहर डोंगरगढ़ राजेन्द्र वार्ड नं. 15 डोंगरगढ़ तहसील डोंगरगढ जिला, राजनांदगांव (छ.ग.) में स्थित शीट क्रमांक 6 भूखण्ड क्रमांक 2012/1 के क्षेत्रफल 693 वर्गफुट भू भाटक 1.74 रूपये स्थित है। आवेदक द्वारा अनावेदक से (भुवनलाल वल्द बिसराम) से उक्त भूमि को दिनांक 02.01.2026 को 27,36,000 रूपये में आवेदक (परदेशी साहू व. भंगीराम) द्वारा कय कर संपूर्ण प्रतिफल अदा कर दिनांक 02.01.2026 को ही उक्त भूमि का पंजीयत विक्रय पत्र अपने पक्ष में भुवनलाल वल्द बिसराम से उप पंजीयक कार्यालय डोंगरगढ़ में निष्पादित करवा कर आधिपत्य प्राप्त कर लिया है। अब अनावेदक भुवनलाल वल्द बिसराम उक्त भूमि का भूमि स्वामी व आधिपत्यधारी नहीं है। उक्त भूमि के राजस्व अभिलेख में विक्रेता भुवनलाल वल्द बिसराम का नाम विलोपित करने एवं आवेदक (परदेशी साहू) का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज करने का निवेदन किया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 25/06/2026 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
**अनुविभागीय अधिकारी**
**डोंगरगढ़**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र. 202606092100002
अ/6 वर्ष 2025-26

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरेश साहू पिता आनंद राम साहू जाति-तेली. निवासी बुधवारीपारा वार्ड नं. 13 डोंगरगढ़, थाना व तहसील-डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि आवेदक के पिता स्व. आनंद राम पिता नोहरी के निजी स्वामित्व हक वो आधिपत्य के एकलं खाते में नजूल शहर डोंगरगढ़ स्थित भूमि जिसका शीट क्रमांक-06, भू-खण्ड क्रमांक-1701/1 (1) 1 एवं 1701 / 1 (1)5 का क्षेत्रफल-462 एवं 189 वर्गफुट, भू-भाटक-बिना लगानी है। आवेदक के पिता आनंद राम पिता नोहरी का निधन विगत दिनांक-04/02/2014 को स्थान डोंगरगढ़ में हो चुका है जिनके वारिसान आवेदक सुरेश साहू एवं अनावेदकगण 1) बुधान्तीन बाई 2) बसंती बाई साहू 3) अनीता साहू, 4) आशा बाई 5) सीमा बाई साहू सभी के पिता आनंद राम साहू मुल निवासी बुधवारीपारा वार्ड नं. 13 डोंगरगढ़, थाना व तहसील डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) है। इनके अतिरिक्त अन्य वारिशान नहीं है। छ.ग.भू.रा. सहिता 1959 की धारा 110 के अन्तर्गत फौती नामान्तरण दर्ज कर स्व. आनंद राम का नाम विलोपित कर मुझ आवेदक एवं अनावेदकगणों का नाम जोड़े जाने तथा राजस्व अभिलेख को सुधार किये जाने एवं कम्प्यूटिरीकृत नजूल शीट को दुरूस्त किये जाने का निवेदन किया है।

अतएव उक्त भूमि के नामांतरण किये जाने में किसी को कोई दावा, उजर आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 22/06/2026 तक स्वयं उपस्थित होकर इस न्यायालय में मेरे समक्ष पेश कर सकते हैं, नियत अवधि बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 03/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर
**अनुविभागीय अधिकारी**
**डोंगरगढ़ (छ.ग)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.)**
**//द्वितीय सार्वजनिक सूचना//**

**क्रं./न.नि.भि./भ.अ./314/2026/97** | **भिलाई, दिनांक 10/06/2026**

कार्यालय नगर तथा ग्राम निवेश दुर्ग के पत्र क्रमांक 2052 दिनांक 13.06.2000 द्वारा मेसर्स बिल्टेक इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड को ग्राम जुनवानी के ख.नं. 696/1-5, 724/1-4, 725/1-4, 726/1-3, 727/1-4, 725/1-4, 729/1-4, 730/1-3, 731/1-3, 732/1-2, 745/1,3,5 746/1-5, 747/1-3, 748/1-5, 749/1-5, 750/1-2, 733/4-5 कुल रकबा 22.62 एकड़ पर आवासीय (भूखण्डीय) विकास अनुज्ञा स्वीकृत की गई थी। स्वीकृत विकास अनुज्ञा में दर्शित शर्तों तथा छत्तीसगढ़ नगरपालिका (कॉलोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण, निबंधन एवं शर्तें) नियम, 1998 के नियम 10 में दर्शित प्रावधान अनुसार मेसर्स बिल्टेक इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा कमजोर आय वर्ग (EWS) हेतु कुल योजना भूमि का 15% रकबा अर्थात 1.34 एकड़ भूमि आरक्षित रखा जाना था, जिसे मेसर्स बिल्टेक इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा आज दिनांक तक नगरपालिक निगम भिलाई के नाम पर पंजीकृत नहीं कराया गया है तथा छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम 1984 के नियम 47 के प्रावधान अनुसार सामुदायिक खुला क्षेत्र कुल योजना क्षेत्र का 10% अर्थात 2.262 एकड़ आरक्षित रखा जाना था किन्तु कॉलोनाईजर द्वारा इसका अनुपालन नहीं किया गया है।

इस प्रकार मेसर्स बिल्टेक इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956, छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम, 1984 एवं छत्तीसगढ़ नगरपालिका (कॉलोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण, निबंधन एवं शर्तें) नियम, 1998 सहपठित छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम तथा नगरपालिका (कॉलोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण, निबंधन एवं शर्तें) नियम, 2013 के प्रावधानों का उल्लंघन किया गया है, जिस पर पूर्व में जारी नोटिस दिनांक 02.02.2019, 14.10.2019, 03.12.2021, 10.04.2026 का संदर्भ देते हुए इस कार्यालय द्वारा EWS की भूमि निगम के नाम पर पंजीकृत कराने हेतु अंतिम सूचना पत्र प्रेषित किया गया था, जिसका कोई जवाब प्राप्त नहीं होने एवं सुसंगत नियमों के निरंतर उल्लंघन से उपरोक्त कॉलोनी, अवैध कॉलोनी की श्रेणी में है।

छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 292-एफ(2) में प्रावधान किया गया है कि **'आयुक्त, अवैध कालोनी निर्माण की भूमि का प्रबंध अधिग्रहित करने के प्रयोजन के लिये स्थानीय समाचार पत्रों में 3 बार सार्वजनिक सूचना प्रकाशित करेगा, उक्त क्रम में प्रथम सार्वजनिक सूचना क्रमांक 203 दिनांक 22.05.2026 को प्रकाशन किया गया है। ऐसी सूचना के प्रकाशन के पश्चात् यदि किसी कॉलोनी निर्माण करने वाले या भू-खण्ड धारक से कोई आपत्ति प्राप्त होती है तो आयुक्त द्वारा उस पर विचार किया जायेगा और यदि कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो आयुक्त ऐसी भूमि का प्रबंध अधिग्रहित करेगा और उस क्षेत्र के लिये योजना बनायेगा तथा उसे ऐसी रीति तथा ऐसी शर्तों के अध्यधीन विकसित करेगा जैसी कि विहित किया जाये।'**

उपरोक्त तथ्यात्मक/वैधानिक स्थितियों पर समुचित विचारोपरान्त नगरपालिक निगम भिलाई द्वारा मेसर्स बिल्टेक इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड को ग्राम जुनवानी के ख.नं. 696/1-5, 724/1-4, 725/1-4, 726/1-3, 727/1-4, 725/1-4, 729/1-4, 730/1-3, 731/1-3, 732/1-2, 745/1,3,5 746/1-5, 747/1-3, 748/1-5, 749/1-5, 750/1-2, 733/4-5 कुल रकबा 22.62 एकड़ में विकसित सूर्या विहार कॉलोनी एवं कॉलोनी में EWS हेतु आरक्षित भूमि, खसरा नंबर 745/1-5 रकबा 1.34 एकड़ का प्रबंध उपरोक्त अधिनियम 1956 की धारा 292-एफ(2) के अधीन अधिग्रहित किये जाने का प्रस्ताव है। उक्त कॉलोनी/भूमि का प्रबंध निगम द्वारा अधिग्रहित किये जाने पर यदि किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 15 दिवस के भीतर इस कार्यालय के कक्ष क्रमांक 04 में स्वयं या प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है।

**आयुक्त**
**नगरपालिक निगम,**
**भिलाई**

**OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER**
**PUBLIC WORKS DEPARTMENT, E/M CIRCLE, RAIPUR (C.G.)**
**e-Procurement Tender Notice**

Online tenders are invited on behalf of Governor of Chhattisgarh from contractors, C.G. P.W.D in new Registration system (unified Registration system) for the following work :-

| NIT No. | Name Of Work | Probable amount of Amount |
|---|---|---|
| 104/SE E/M/2025 (IVCall) System Tender No...192793 Registered contractor class in "D" & above For Form B (ITEM Rate Basis) | PROVIDING & FIXING 33/0.4 K.V., 630 K.V.A. COMPACT TYPE SUBSTATION & 100 KVAR CAPACITOR PANEL AT CIPET CAMPUS BHANPURI, RAIPUR C.G. | Rs 79.52 Lacs |

**Date of bid submission 23-06-2026**
The tender documents can be downloaded from the web-portal **http://eproc.cgstate.gov.in.** Only those contractors/bidders, interested in bidding shall pay the tender document cost online.

**G-262701326/5**
**Superintending Engineer**
**P.W.D., E/M Circle Raipur (C.G.)**

## एक नजर

### केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह 12 को आएंगे



**रायपुर, 11 जून।** केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह आगामी 12 जून को दो दिवसीय प्रवास पर छत्तीसगढ़ पहुँच रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी ने यह जानकारी दी। सिंह यहाँ जनसम्पर्क कार्यक्रमों के साथ-साथ विकसित भारत संकल्प सम्मेलन, राज्य व क्षेत्रीय टेक्सटाइल्स अधिकारियों के साथ बैठक आदि में शिरकत करेंगे। भाजपा प्रदेश महामंत्री सोनी ने बताया कि केंद्रीय मंत्री सिंह 12 जून को दोपहर दो बजे राजधानी पहुँचेंगे। अपराह्न 3.15 बजे सिंह इट्सा अस्पताल (सड्डू) में विशेष जनसम्पर्क कार्यक्रम में शामिल होंगे। यहाँ से हॉली हार्ट्स स्कूल (बैरन बाजार) होते हुए सिंह शाम 5.30 बजे विमतारा भवन (शांति नगर) में आहूत विकसित भारत संकल्प सम्मेलन में शिरकत करेंगे। सिंह रात्रि 7.30 बजे हैण्डलूम, हस्तशिल्प, सिल्क और राज्य व क्षेत्रीय टेक्सटाइल अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। केंद्रीय मंत्री सिंह अगले दिन 13 जून को सुबह 8.45 बजे कलेक्ट्रेट परिसर स्थित बाबासाहब अम्बेडकर चौक पर सफाई अभियान कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद 9.30 बजे खालसा स्कूल के सामने ऑक्सीजोन गार्डन में पौधरोपण कार्यक्रम में भाग लेंगे। सिंह 10.15 बजे सदर बाजार के पास बुढ़ातालाब पहुँचकर विशेष जनसम्पर्क कार्यक्रम में शरीक होंगे।

### स्मार्ट चॉइस फीचर का 10 प्रोडक्ट कैटेगरीज में विस्तार

**रायपुर, 11 जून।** अमेज़न डॉट इन ने आज अपने स्मार्टचॉइस फीचर का 10 कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स कैटेगरी में विस्तार करने की घोषणा की। यह फीचर, जो 30 अलग-अलग यूज़-केस सेगमेंट्स में एक्सपर्ट द्वारा चुने गए और उपयोग पर आधारित सुझाव देता है, अब भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स शॉपिंग के लिए सबसे व्यापक गाइडेड-डिस्कवरी अनुभवों में से एक बन गया है। लैपटॉप (गेमिंग और नॉन-गेमिंग), टैबलेट, ऑडियो (हेडफ़ोन और साउंडबार), कैमरा, वाशिंग मशीन और रेफ़्रिजरेटर में पहले से लाइव होने के बाद, इस फीचर में अब एसी, मॉनिटर, पीसी एक्सेसरीज और वियरेबल्स को जोड़ा गया है, जबकि टीवी और स्मार्टफोन जल्द ही आने वाले हैं। इस विस्तार के साथ, अमेज़न डॉट इन ने 11 जून से शुरू होने वाले स्मार्टचॉइस डेज़ सेल इवेंट की भी घोषणा की है, जिसमें स्मार्टचॉइस द्वारा रिकमेंडेड प्रोडक्ट्स पर बेहतरीन डील्स मिलेंगी। अमेज़न इंडिया की डायरेक्टर, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, जेबा खान ने कहा, स्मार्टचॉइस को एक सरल समझ के साथ बनाया गया था, कि ग्राहकों को अधिक विकल्पों की नहीं, बल्कि सही विकल्प की आवश्यकता है जिस पर वे भरोसा कर सकें। कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स एक ऐसी कैटेगरी है जहां फीचर्स, स्पेसिफिकेशन्स और विकल्पों की संख्या एक जानकार खरीदार को भी उलझा सकती है।

### बिजनेस मीट एवं प्रदर्शनी सम्पन्न

**रायपुर, 11 जून।** कैट महिला विंग के प्रदेश अध्यक्ष मधु अरोरा, महिला प्रदेष महामंत्री पिंकी अग्रवाल एवं महिला प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रेरणा भट्ट ने बताया कि कैट महिला विंग द्वारा आयोजित बिजनेस मीट एवं महिला उद्यमी प्रदर्शनी का आयोजन उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में महिला उद्यमियों को अपने उत्पादों एवं हुनर को प्रदर्शित करने का अवसर प्राप्त हुआ। होलिस्टिक एवं अवेयरनेस कोच डॉ. कीर्ति सिसोदिया स्वयं से जुड़ाव विषय पर एक विशेष एवं इंटरैक्टिव सत्र का आयोजन किया। इस सत्र का उद्देश्य लोगों को आत्म-जागरूकता, आत्म-चिंतन और सजग जीवनशैली के माध्यम से स्वयं के साथ गहरा और सकारात्मक संबंध स्थापित करने के लिए प्रेरित करना है। सत्र में आत्म-प्रेम और स्वयं से जुड़ाव के बीच के अंतर को सरल एवं व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समझाया गया साथ ही प्रतिभागियों को अपनी भावनाओं, विचारों, मूल्यों और आंतरिक आवाज को बेहतर ढंग से समझने के लिए उपयोगी सुझाव और आसान तकनीकें भी बताई गईं। उपरोक्त कार्यक्रम में कैट महिला विंग के पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे :- मधु अरोरा, पिंकी अग्रवाल, प्रेरणा भट्ट, डॉ. किर्ती सिसोदिया, डॉ. प्रदीपा, डॉ. प्रिया जोशी, डॉ. अंकिता जोशी, सुमन मुथा, चंदा पिंचा, ऋचा ठाकुर, चेतना श्रीवास्तव, एकता ठाकुर, अंतरा गोवर्धन, दमयन्ती, अंजलि, ममता भाटिया, अनुराधा साहू, सृष्टि साहू , काजल सचदेव, बिंदु बग्गा, नीलम वर्मा, सीमा, तनिया सिन्हा, ज्योति प्रजापति एवं जया बजाज।

### आज सत्यनारायण व्रत कथा एवं दीपार्चन

**रायपुर, 11 जून।** उत्तम पुरुषोत्तम मास में आज सायं 5.30 बजे भव्य सत्यनारायण व्रत कथा दीपार्चन का आयोजन जगद्गुरु शंकराचार्य आश्रम बोरियाकला में किया गया है। यह जानकारी देते हुए आचार्य धर्मेंद्र महाराज ने कहा पुरुषोत्तमी एकादशी आज 11 जून गुरुवार को परम पूज्य 1008 यतिप्रवर दण्डी स्वामी डॉ इन्दुभवानन्द तीर्थ महाराज के पावन सानिध्य में पुरुषोत्तमी एकादशी के पावन पर्व पर जगद्गुरु शंकराचार्य आश्रम बोरियाकला रायपुर में सत्यनारायण व्रत कथा एवं दीपार्चन का भव्य आयोजन किया गया है। तीन वर्ष में होने वाले अधिक मास में श्रद्धालुभक्त गण कथा श्रवण एवं दीपार्चन कर पुरुषोत्तम मास महिमा का श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे।

#### निधन

### श्रवण वीर उपाध्याय



**रायपुर, 11 जून।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व बिहारी लाल उपाध्याय के सुपुत्र तथा वरिष्ठ पत्रकार वसन्त वीर उपाध्याय के अनुज श्रवण वीर उपाध्याय का रायपुर में निधन हो गया। वे रायपुर शिक्षा विभाग में कार्यरत नटवर वीर उपाध्याय के ज्येष्ठ भ्राता थे। 59 वर्षीय श्रवण वीर उपाध्याय राष्ट्रीय मासिक पत्रिका पवन पुत्र टाइम्स के प्रबंधक थे। उल्लेखनीय है खेल दिवस पर रायपुर स्थित हॉकी स्टेडियम में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मेजर ध्यान चंद के जन्म दिवस पर उनका सम्मान किया था। वे बेहतर फोटो ग्राफर व हॉकी के खिलाड़ी थे।

#### प्रतियोगिता



**रायपुर, 11 जून।** रायपुर के प्रगति मैदान में टीम हियाल क्लब द्वारा आयोजित भव्य म्यूथाई टाइगर फाइटिंग लीग प्रतियोगिता में खिलाड़ियों के अद्भुत कौशल, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं खेल भावना देखने लायक था। यह आयोजन प्रदेश में खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने तथा युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करने की दृष्टि से अत्यंत प्रेरणादायक एवं सराहनीय रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. वर्णिका शर्मा (अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य बाल संरक्षण आयोग), सुमित उपाध्याय (प्रदेश मंत्री, क्रीड़ा भारती), जोन अध्यक्ष व पार्षद साधना प्रमोद साहू, गुरु गोविंद सिंह वार्ड -29 पार्षद कैलाश बेहरा, पार्षद पुष्पा रोहित साहू, अनीश मेमन सर (महासचिव, छत्तीसगढ़ एमेच्योर म्यूथाई एसोसिएशन), सुश्री अंजना वर्मा दीदी, सुश्री अन्नू कंवर (संस्थापक, आदिशक्ति नारी उन्नयन संस्था) एवं विशाल हियाल (संस्थापक, हियाल क्लब) सहित अनेक सम्मानित अतिथिगण, खेल प्रेमी एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने पर जोर



**रायपुर, 11 जून।** छत्तीसगढ़ में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए तकनीक आधारित निगरानी, बेहतर चालक प्रशिक्षण, वाहनों की वैज्ञानिक फिटनेस जांच और यातायात नियमों के प्रभावी पालन पर सरकार ने विशेष जोर दिया है। नवा रायपुर स्थित मंत्रालय में आयोजित राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में उपमुख्यमंत्री अरुण साव, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा तथा परिवहन मंत्री केदार कश्यप ने सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समीक्षा कर अधिकारियों को प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में विधायक अनुज शर्मा सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में बताया गया कि प्रदेश में सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए आधुनिक वाहन फिटनेस केंद्रों, ई-ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक, एएनपीआर कैमरों और स्पीड मॉनिटरिंग सिस्टम का विस्तार किया जा रहा है। जनवरी से मई 2026 तक 31 हजार 604 वाहनों की फिटनेस जांच की गई, जबकि 61 हजार से अधिक चालान तकनीकी निगरानी तंत्र के माध्यम से जारी किए गए। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल किसी एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जवाबदेही है। दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सड़क इंजीनियरिंग, प्रभावी प्रवर्तन और जन-जागरूकता के समन्वित प्रयास जरूरी हैं। उन्होंने दुर्घटना संभावित स्थलों की नियमित समीक्षा कर आवश्यक सुधारात्मक उपाय सुनिश्चित करने तथा जागरूकता अभियानों को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया।

# युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : मिश्रा



**रायपुर, 11 जून।** छत्तीसगढ़ राज्य नीति आयोग के उपाध्यक्ष गणेश शंकर मिश्रा ने कहा है कि राज्य के सामने वर्तमान समय की सबसे बड़ी चुनौतियों में ग्रामीण युवाओं की बेरोजगारी, मोबाइल एडिक्शन, ड्रग्स की बढ़ती लत, स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं और बढ़ती आपराधिक गतिविधियां शामिल हैं। इन चुनौतियों का समाधान केवल रोजगार सृजन और कौशल विकास के माध्यम से ही संभव है।

छत्तीसगढ़ राज्य नीति आयोग नवा रायपुर में में आयोजित एसएसएम पीआईयू एवं एम एंड ई यूनिट्स के इंडक्शन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मिश्रा ने कहा कि आज गांवों में बड़ी संख्या में ऐसे युवा हैं जो खेती-किसानी से जुड़ना नहीं चाहते, लेकिन उनके पास रोजगार के पर्याप्त अवसर भी नहीं हैं। ऐसी स्थिति में राज्य सरकार का लक्ष्य 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं को कौशल विकास कार्यक्रमों से जोड़कर उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।

उपाध्यक्ष एस मिश्रा ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) की अब तक की सबसे बड़ी टीम छत्तीसगढ़ में कार्य कर रही है और अगले छह महीनों में युवाओं के कौशल विकास और रोजगार सृजन के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

उन्होंने यूएनडीपी के विशेषज्ञों को निर्देश दिए कि ग्रामीण युवाओं की आवश्यकताओं के अनुरूप प्लंबर, गार्डनर, कारपेंटर, इलेक्ट्रीशियन, टी.वी. मैकेनिक, मोबाईल रिपेयरिंग तथा अन्य रोजगारपरक व्यवसायों में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए व्यापक परियोजना तैयार की जाए।

## हाईवे में हेलमेट अनिवार्य नहीं करना जनता के साथ विश्वासघात: आहूजा



**रायपुर, 11 जून।** नहरपारा विकास समिति के अध्यक्ष एवं पूर्व पार्षद रमेश आहूजा, एवं महामंत्री किशोर आहूजा ने परिवहन मंत्री केदार कश्यप को पत्र लिखकर कहा कि सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सड़क सुरक्षा के उपायों का ढिंढोरा पीटा जा रहा है वह जनता के साथ विश्वासघात है।

27 मई को आपके अपर परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर ने केन्द्रीय सरकार के कानून एवं छत्तीसगढ़ मोटर यान के कानून के तहत मोटर सायकल सवार व सलाहाकर दोनो के लिए राज्य शासन के आदेश का हवाला देते हुए हेलमेट लगाने का आदेश सभी समाचार पत्रों में प्रसारित किया था क्या वह आदेश झूठा था। यह आदेश मुख्यमंत्री कार्यालय के कहने पर जारी किया गया था क्योंकि हम 6 माह से लगातार मुख्यमंत्री को हेलमेट अनिवार्य करने हेतु पत्र लिख रहे है। छत्तीसगढ़ में केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने 2023 से 2025 तक हेलमेट नहीं लगाने के कारण एक्सीडेंट में मृत्यु के आकड़े पेश किये है उसके अनुसार लगभग बीस हजार लोगों की मृत्यु हो चुकी है। देश के बड़े बड़े शहरों में भी हेलमेट लगाये जा रहे है वो क्या बहढकोसला है वहां पर आपके सरीके सड़क सुरक्षा कानून क्यों नहीं लगाये गये। एक्सीडेंट से मृत्यु केवल हेलमेट लगाने से ही बच सकती है। रायपुर एक महानगर बनने जा रहा है अतः देश के सभी बड़े नगरों की तरह हाइवे में हेलमेट लगाने का आदेश प्रसारित करें तथा सड़क सुरक्षा परिषद में ढकोसला घोषित करने का प्रयास न करें। तभी मोटर सायकल चलाने वालों की जान बच सकती है वरना मृत्यु के आकड़े बढ़ते जायेगें आप इस रोक नहीं पायेगें। आशा है आप इस तर्क से सहमत होकर सही निर्णय लेगें। हम हर महीने प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री को पत्र लिखते है उनका जवाब आता है लेकिन आपको भी पत्र लिखा था आपने जवाब नहीं दिया। जवाब देने की आदत डालें।

### 25 जून से शुरू होगी स्वाद और हुनर की नई यात्रा

**रायपुर, 11 जून।** इन दिनों बुंदेलखंड की कई रसोइयों में मसालों की खुशबू के साथ एक अलग तरह का उत्साह भी पक रहा है। कहीं नई रेसिपी पर प्रयोग हो रहे हैं, कहीं दादी-नानी के पुराने स्वाद फिर से याद किए जा रहे हैं, तो कहीं महिलाएँ अपनी सबसे खास डिश को और बेहतर बनाने में जुटी हैं। वजह है 'बुंदेली शेफसीज़न 4', जिसका इंतजार, जो कि अब धीरे-धीरे एक उत्सव का रूप लेने लगा है। पिछले तीन सीज़न्स में अनगिनत सपनों को पहचान देने वाला यह मंच अब अपने अगले अध्याय की ओर बढ़ रहा है और इसके साथ ही सम्पूर्ण बुंदेलखंड में स्वाद, हुनर और आत्मविश्वास की नई हलचल महसूस की जा सकती है। बुंदेलखंड 24×7 द्वारा आयोजित इस लोकप्रिय ऑनलाइन कुकिंग प्रतियोगिता का पहला ऑडिशन 25 जून को आयोजित किया जाएगा। इसके बाद दूसरा ऑडिशन 10 जुलाई और तीसरा ऑडिशन 20 जुलाई को होगा।

BA
BCA
BCom
BBA
BSc
PGDCA
MSc CHEMISTRY
MSc BIOTECHNOLOGY
MSc BOTANY
MSc ZOOLOGY
MSc COMPUTER Sc
MSc MATHS
MA ENGLISH
MCom
BLib
MLib
DCA
MA CHHATTISGARHI
Affiliated to Hemchand Yadav University, Durg
SAI COLLEGE
Street-69, Sector-6, Bhilai
70248 86996
99770 01027
Deepak Advertisers

## राज्य में ब्लैक लिस्टेड कंपनी से दवाइयां खरीदी जा रही : गुप्ता



**रायपुर, 11 जून।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ राकेश गुप्ता ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की नकली दवा सप्लाई करने वाली कंपनी को ब्लैक लिस्टेड नहीं किए जाने पर रहस्यमयी चुप्पी पर प्रश्न करते हुए कहा है कि सूचना दिए जाने के बाद कार्यवाही न करना सीधे-सीधे भ्रष्टाचार में मिलीभगत का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ राकेश गुप्ता ने कहा कि 400 जरूरी दवाइयां में से 184 दवाओं का अनुबंध एक ही ब्लैक लिस्टेड कंपनी से होना यह बताता है कि टेंडर प्रक्रिया में भी भाई भतीजा वाद और भ्रष्टाचार हुआ है। सीजी एमएससी के उत्तर अधिकारी द्वारा यह तर्क कि अलग-अलग राज्यों में ब्लैकलिस्टेड का कंपनी किए जाने का अलग-अलग नियम है तो यह प्रश्न उठता है कि सात राज्यों में ब्लैक लिस्टेड कंपनी छत्तीसगढ़ में पवित्र कैसे साबित हो गई जबकि आए दिन नकली दवाओं के बारे में सुर्खियां बनी हुई है, इसमें दवा कॉरपोरेशन के जनरल मैनेजर टेक्निकल की भूमिका भी संदेह में है जिन्हें भारी भ्रष्टाचार के सबूत होने के बावजूद उसे पद पर नियुक्त किया गया है।

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ राकेश गुप्ता ने कहा कि छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन की निविदा प्रक्रिया में अयोग्यता के मापदंड निर्धारित हैं। इन बिंदुओं के अनुसार सीजी एमएससी में दवा सप्लाई करने वाली किसी भी कंपनी को अन्य राज्य में ब्लैक लिस्टेड या अयोग्य पाए जाने पर मेडिकल सर्विसेज कॉरपोरेशन के मैनेजिंग डायरेक्टर को लिखित में सूचना देना अनिवार्य है इसकी सूचना यूनिक्योर कंपनी ने विधिवत रूप से सीजीएमएससी में दी है। सूचना मिल जाने के बाद कंपनी को ब्लैकलिस्टेड करने का प्रावधान है।

## सुशासन तिहार में जनता की समस्याओं का हुआ त्वरित समाधान



**रायपुर, 11 जून।** सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत विकासखंड बेरला के ग्राम रेवे में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से आत्मीय संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों का अवलोकन भी किया गया तथा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन को प्रदान की गई। अपने संबोधन में जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने कहा कि सुशासन तिहार केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि जनता और शासन के बीच विश्वास, संवाद और समाधान का सशक्त माध्यम है। इसका उद्देश्य शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा आम नागरिकों की समस्याओं का मौके पर समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार लगातार गांव, गरीब, किसान, मजदूर, महिला और युवाओं की समस्याओं के समाधान के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। सुशासन तिहार इसी सोच का परिणाम है, जिसमें अधिकारी और जनप्रतिनिधि स्वयं गांवों तक पहुंचकर लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं और उनके निराकरण के लिए तत्काल कार्रवाई कर रहे हैं।

### स्काईवॉक निर्माण में 'आपराधिक लापरवाही : कन्हैया अग्रवाल

**रायपुर, 11 जून।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव कनहैया अग्रवाल के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज प्रदेश के उप-मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री अरुण साव से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने रायपुर में निर्माणाधीन स्काईवॉक परियोजना में बरती जा रही गंभीर वित्तीय और तकनीकी अनियमितताओं के लखिलाफ एक ज्ञापन सौंपकर तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की।

सौपे गए ज्ञापन में कांग्रेस नेता कन्हैया अग्रवाल और मो.सिद्धिक और जागेश्वर राजपूत ने बताया कि रायपुर में स्काईवॉक का निर्माण पिछले कई वर्षों से अटका हुआ था। अब लगभग 7 से 8 साल पुराने हो चुके जर्जर और कमजोर हो चुके स्ट्रक्चर पर ही बिना किसी गहन तकनीकी जांच के दोबारा टेंडर जारी कर निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। अखबारों और स्थानीय मीडिया में आ रही खबरों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि यह स्काईवॉक अब सिर्फअनुपयोगी ही नहीं, बल्कि आम जनता के जान-माल के लिए एक बड़ा खतरा साबित हो रहा है।

### मनमाने बिजली बिल के खिलाफ कांग्रेस का हल्लाबोल

**रायपुर, 11 जून।** राजधानी के लाखे नगर स्थित बिजली कार्यालय में आज उस समय भारी जनआक्रोश देखने को मिला, जब स्मार्ट मीटर के माध्यम से आ रहे मनमाने और अत्यधिक बिजली बिलों से परेशान पचासों उपभोक्ता शिकायत लेकर पहुंचे। दफ्तर में किसी भी जिम्मेदार अधिकारी द्वारा सुनवाई न होने से नाराज उपभोक्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल को मौके पर सूचना देकर बुलवाया।

उपभोक्ताओं की सुध लेने पहुंचे कांग्रेस महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने जब मौके पर अधिकारियों की संवेदनहीनता देखी, तो वे आक्रोशित हो उठे। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों से बात की और पीड़ित उपभोक्ताओं के साथ बिजली ऑफिस के भीतर ही धरने पर बैठ गए। लगभग डेढ़ घंटे तक चले इस धरने और विरोध प्रदर्शन के सामने आखिरकार बिजली विभाग के प्रबंधन को झुकना पड़ा।

नाराजगी की स्थिति को देखते हुए विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने कन्हैया अग्रवाल और उपभोक्ताओं को आश्वस्त किया कि अचानक बिजली बिलों में हुई 3 गुना, 4 गुना और 5 गुना तक की अप्रत्याशित वृद्धि की पूरी जांच की जाएगी और गड़बड़ी पाए जाने पर बिलों में सुधार किया जाएगा। अधिकारियों ने यह भी साफ किया कि जांच प्रक्रिया पूरी होने तक किसी भी उपभोक्ता का बिजली कनेक्शन नहीं काटा जाएगा।

# रील बनाने के चक्कर में दो गुटों में हुई मारपीट

**रायपुर, 11 जून।** मुजगहन थाना क्षेत्र के अंतर्गत काठाडीह बीएसयूपी कॉलोनी में दो समुदायों के बीच एक मामूली बात पर शुरू हुआ विवाद हिंसक झड़प में बदल गया। बालकनी में रखे तुलसी के पौधे के पास सोशल मीडिया रील बनाने को लेकर पड़ोसियों के बीच मारपीट हुई, जिसमें दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई हैं। इस घटना के विरोध में बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने इलाके में अनोखा प्रदर्शन किया, जिससे क्षेत्र में तनाव की स्थिति पैदा हो गई।

पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार, मामला रविवार रात करीब 8:30 बजे का है ब्लॉक नंबर-18 की निवासी परमिला सेन के घर की बालकनी में पूजा के लिए तुलसी का गमला रखा हुआ था। पड़ोस में रहने वाली फिरदोस बेगम के बच्चे वहां आकर रील बना रहे थे और इस दौरान वे गमले को हिला रहे थे। परमिला सेन ने बच्चों को ऐसा करने से मना किया और तुलसी के पौधे का सम्मान करने की समझाइश दी। इसी बात को लेकर फिरदोस बेगम और उनकी बहन सलतनत बेगम के साथ उनकी बहस शुरू हो गई। मारपीट के विरोध में बुधवार रात को बजरंग दल के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में सुअर लेकर कॉलोनी में पहुंच गए। बस्ती में सुअर लेकर पहुंचने और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा वहां हनुमान चालीसा का पाठ शुरू करने से इलाके में सांप्रदायिक तनाव बढ़ गया। माहौल बिगड़ने की सूचना मिलते ही मुजगहन थाना पुलिस तुरंत भारी बल के साथ मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की शिकायत पर आरोपी सलतनत बेगम, फिरदोस बेगम और मेहताब खान के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इलाके में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात है।

#### लाठी-डंडों से हमला और महिलाएं घायल

कहासुनी देखते ही देखते मारपीट में बदल गई, आरोप है कि फिरदोस बेगम, सलतनत बेगम और मेहताब खान ने परमिला सेन के साथ गाली-गलौज की और लात-घूंसों व डंडे से हमला कर दिया शोर सुनकर पड़ोस में रहने वाली पिंकी जार्ज नामक महिला बीच-बचाव करने पहुंचीं हमले में बीच-बचाव करने उतरीं पिंकी जार्ज के सिर और नाक पर डंडे से वार किया गया, जिससे वह लहूलुहान हो गईं। इस घटना में दो महिलाओं के सिर में गंभीर चोटें आई हैं।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26